वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

**

गुरुवार, 13 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 37, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 188 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 188 अंक टूटा। } 10

रील युग में शॉर्टकट से दूर रहें युवा : मोदी

पीएम मोदी ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरों के संघर्षों से सीखने की अपील करते हुए कहा कि रील के युग में युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है। } 12

टाटा संस से अलग होंगे एन. चंद्रशेखरन

2027 को कार्यकाल खत्म होने के बाद नहीं मांगेंगे पुनर्नियुक्ति

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि वह 20 फरवरी 2027 को अपना मौजूदा कार्यकाल खत्म होने के बाद पुनर्नियुक्ति नहीं मांगेंगे। चंद्रशेखरन के इस बयान से टाटा समूह की मूल कंपनी के नेतृत्व को लेकर पिछले कई महीनों से जारी अनिश्चितता खत्म हो गई है। एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा संस के बहुलांश शेयरधारक सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से उनका कार्यकाल पांच साल बढ़ाने की सिफारिश की थी। इसके बाद टाटा संस की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति और निदेशक मंडल ने भी इस प्रस्ताव को दर्ज किया और इसकी सिफारिश की।

उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव 24 फरवरी को टाटा संस के निदेशक मंडल की बैठक में रखा गया लेकिन एक निदेशक के समर्थन नहीं करने के कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका। चंद्रशेखरन ने बयान में कहा सर्वसम्मत समर्थन नहीं मिलने के कारण मैंने इस फैसले को टालने का विकल्प चुना। उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल की उस बैठक के छह महीने बाद भी इस मामले में कोई फैसला नहीं हो पाया है। नेतृत्व को लेकर स्पष्टता आवश्यक है क्योंकि टाटा संस कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम कर रही है, जो अहम चरण में हैं। चेयरमैन ने कहा इन परिस्थितियों में मैंने आज टाटा संस के निदेशक मंडल को सूचित किया कि मैंने 20 फरवरी, 2027 को अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद पुनर्नियुक्ति के लिए अपना नाम आगे नहीं रखने का फैसला किया है। उन्होंने निदेशक मंडल से अपने उत्तराधिकारी पर जल्द फैसला करने को कहा, ताकि नेतृत्व का सुचारू हस्तांतरण सुनिश्चित किया जा सके। टाटा समूह में 40 साल बिता चुके चंद्रशेखरन 2017 में टाटा संस के चेयरमैन बने थे। इससे पहले वह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

भूमाफियाओं पर योगी सरकार का शिकंजा, 2.08 लाख एकड़ जमीन कब्जामुक्त

84 हजार हेक्टेयर भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा, पोर्टल पर 99 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जों के खिलाफ योगी सरकार का एंटी भूमाफिया अभियान लगातार चर्चा में रहा है। राजस्व विभाग के मुताबिक सख्त कार्रवाई और विभिन्न अभियान के तहत बीते साढ़े नौ साल में प्रदेश में 84,005 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। यह क्षेत्रफल लगभग 2.08 लाख एकड़ के बराबर है। भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के साथ शिकायतों के निस्तारण, मुकदमों की पैरवी और चिह्नित भूमाफियाओं के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई ने इस अभियान को और व्यापक रूप दिया। बीते वर्षों में इन कार्रवाइयों ने भूमाफियों के खिलाफ योगी सरकार ने अपनी मंशा साफ जाहिर की है।

राजस्व विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में सार्वजनिक संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए चार स्तरीय - राज्य, मंडल, जनपद और तहसील स्तर पर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन किया गया। इसका उद्देश्य अवैध कब्जों की पहचान से लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई और जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने तक की प्रक्रिया को

व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाना है। इसके तहत अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज कराने और की गई कार्रवाई की प्रभावी निगरानी के लिए एंटी भू-माफिया पोर्टल विकसित किया गया। राज्य में एंटी भू-माफिया पोर्टल पर अवैध कब्जे से संबंधित कुल 4,34,016 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 4,31,697 शिकायतों यानी 99 प्रतिशत से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं 2,319 शिकायतें निस्तारण के लिए लंबित हैं।

योगी सरकार में विभान ने अभियान के जरिए सिर्फ जमीन को कब्जामुक्त कराने पर ही जोर नहीं दिया गया, बल्कि शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने से लेकर उनके निस्तारण तक निगरानी की व्यवस्था भी बनाई गई है। इससे कार्रवाई की स्थिति को लगातार ट्रैक करने का तंत्र विकसित हुआ। प्रदेश में एंटी भूमाफिया अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 84,005 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराया जाना है। इससे प्रदेश के विकास को रफ्तार देने के लिए लगभग 2.08 लाख एकड़ जमीन उपलब्ध हो गई है। इसमें बड़े स्तर पर सरकारी लैंडबैंक भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल विभिन्न विकास योजनाओं के लिए किया जाना संभव होगा। एंटी भू-माफिया पोर्टल अभियान की निगरानी का महत्वपूर्ण माध्यम बना है। अवैध कब्जों के मामलों में प्रशासनिक कार्रवाई के साथ कानूनी कार्रवाई को भी आगे बढ़ाया गया। गत वर्षों में अभियानों के तहत 25,068 राजस्व ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

धरा गया 68 लाख की ठगी करने वाला नाइजीरियाई

लखनऊ। सोशल मीडिया पर अमेरिका और ब्रिटेन के नागरिकों के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर भारतीय युवाओं को प्रेमजाल में फंसाने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नाइजीरियाई नागरिक न्वोगु ओबेड ओसिनाची के रूप में हुई है। उसके पास से 11 मोबाइल फोन, एक पासपोर्ट, चार एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप और 34 वर्क स्क्रीन शॉट बरामद किए गए हैं। एसटीएफ के मुताबिक बरामद मोबाइलों में विदेशी युवतियों के फोटो-वीडियो और फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाने से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। एसटीएफ के अनुसार गिरोह के सदस्यों ने लखनऊ निवासी एक युवक से फेसबुक पर इंग्लैंड निवासी डोरिस विलियम के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर दोस्ती की। इसके बाद युवक को महंगे गिफ्ट, डॉलर और पाउंड भेजने का झांसा दिया गया। कुछ समय बाद उसे ...शेष पृष्ठ 10 पर

अपहरण-हत्या मामले में दोषी को फांसी की सजा

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर की एक स्थानीय अदालत ने करीब 27 साल पहले फिरौती के लिए लकड़ी कारोबारी का अपहरण कर उसकी हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को बुधवार को मौत की सजा सुनाई। न्यायाधीश रवि कुमार दीवाकर ने दोषी शाहनवाज पर एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने उसे 1999 में सलीम के अपहरण और हत्या का दोषी ठहराया। सरकारी अधिवक्ता कुलदीप कुमार ने बताया कि लकड़ी कारोबारी सलीम का पांच लाख रुपये की फिरौती के लिए अपहरण किया गया था। बाद में नौ दिसंबर 1999 को छपार थाना क्षेत्र के तेजलहेड़ा गांव के पास जंगल में गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गई थी।

विपक्ष चर्चा के लिए तैयार हो तो सभी जवाब दूंगा : शाह

❍ सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं ❍ विपक्ष को चलने देनी चाहिए सदन की कार्यवाही

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि यदि विपक्षी दल छात्रों से जुड़े विषय पर चर्चा के लिए तैयार हो जाएं तो वह हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं ताकि देश की जनता के सामने सब दूध का दूध, पानी का पानी हो जाए, क्योंकि सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

दूसरी तरफ, विपक्ष ने कहा कि उसे गृह मंत्री का भाषण और लेक्चर सुनने में दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर कथित बर्बरता का आदेश किसने दिया था। बीते 20 जुलाई को आरंभ हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान दोनों सदनों में जारी गतिरोध के बीच शाह ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखा और आरोप लगाया कि विपक्ष चर्चा होने ही नहीं देना चाहता। शाह ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से वह नियमित रूप से संसद आ रहे हैं और अपने कक्ष में बैठते हैं, लेकिन विपक्ष दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है। उन्होंने कहा लापता, भाग गए, भगोड़े, इस प्रकार की भाषा

भारत के सार्वजनिक जीवन और संसदीय जीवन में अभी-अभी सुनाई पड़ी है। जब से संसद सत्र शुरू हुआ है, तब से लगातार मैं संसद में आता हूं, अपने कक्ष में बैठता हूं। चूंकि संसद भवन में विपक्ष दोनों सदनों में कार्यवाही चलने नहीं दे रहा है, तो कोई जाकर क्या करेगा? गृह मंत्री ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार नीट से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों के मुद्दे पर सभी प्रकार से चर्चा के लिए तैयार है, समय तय किया जाए और विपक्ष भी चर्चा के लिए तैयार हो जाए। उन्होंने कहा, मैं सदन में ही बैठूंगा, सबको सुनूंगा और सभी प्रकार के जवाब दूंगा, सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। मैं इस बात पर भी चर्चा करूंगा कि आपने (विपक्ष) चर्चा क्यों नहीं चाही। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को संसद की कार्यवाही चलने देनी चाहिए। उनका कहना था, मैं हर चीज का जवाब दूंगा ताकि देश की जनता के सामने दूध का दूध, पानी का पानी हो जाए। गृह मंत्री ने कहा कि अब विपक्ष को तय करना है कि उन्हें चर्चा करनी है या हंगामा करना है। बाद में, शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से नीट प्रश्नपत्र लीक मुद्दे को लेकर छात्रों के विरोध-प्रदर्शन पर सदन में चर्चा के लिए विपक्ष से बातचीत करने करने का आग्रह किया और कहा कि वह सभी सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं। विपक्षी दलों ने गृह मंत्री पर निशाना साधा और कहा कि उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने का आदेश किसने ...शेष पृष्ठ 10 पर

संयुक्त समिति को भेजा गया एफसीआरए विधेयक

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने बुधवार को विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन (एफसीआरए) विधेयक, 2026 को विस्तृत समीक्षा और संभावित सुझावों के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और द्रमुक ने विधेयक को अल्पसंख्यकों के खिलाफ करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की। सरकार ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक में एक भी प्रावधान अल्पसंख्यकों ...शेष पृष्ठ 10 पर

न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ साबित हुए आरोप

नयी दिल्ली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से नकदी बरामद होने के मामले में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा गठित जांच समिति ने उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को साबित पाया है और कहा कि वह संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके।

समिति की रिपोर्ट बुधवार को संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में पेश की गई। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश वर्मा अपने आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में मिली नकदी की मौजूदगी, उसके स्रोत या स्वामित्व के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण देने में विफल रहे। समिति ने यह भी कहा कि महत्वपूर्ण साक्ष्यों को सुरक्षित या संरक्षित नहीं किया गया और कानूनी तरीके से स्टोर ...शेष पृष्ठ 10 पर

नकली दवाओं के नेटवर्क पर कड़ा प्रहार

फर्जी बिलिंग से करोड़ों का खेल, 39.20 लाख जोरिल एम1 टैबलेट का नहीं मिला हिसाब

विशेष संवाददता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में नकली और संदिग्ध दवाओं के कथित नेटवर्क के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने

❍ लखनऊ के अमीनाबाद थाने में दर्ज की गयी एफआईआर

बड़ी कार्रवाई की है। अमीनाबाद में बिना वास्तविक दवा आपूर्ति के फर्जी बिलिंग, क्रॉस-बिलिंग और कागजी लेनदेन के आरोप में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफएसडीए के मुताबिक मामले में हेल्थ प्लस के प्रोपराइटर अंकुर अवस्थी, एमके फार्मा के संचालक मनीष बाजपेयी, राम फार्मा के संचालक गोविंद शुक्ला और

सहारनपुर की पैशन्ट केयर सर्जिकल हाउस के संचालक ऐजाज अहमद को आरोपी बनाया गया है।

जांच में आरोप है कि संबंधित फर्मों के बीच बिना वास्तविक दवाओं की आपूर्ति किए बिलिंग की गई और कागजों पर खरीद-बिक्री दिखाकर रिकॉर्ड तैयार किए गए। विभाग के अनुसार, हेल्थ प्लस पर बिना वैध औषधि लाइसेंस ...शेष पृष्ठ 10 पर

गाय की मौत के बाद डॉक्टर से मारपीट चार लोग गिरफ्तार

बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र में चिकित्सक की कार की टक्कर से एक गाय के मारे जाने के बाद नाराज लोगों ने डॉक्टर से मारपीट की और उनकी कार में तोड़फोड़ की। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उसने बताया कि अलापुर थाना क्षेत्र की म्याऊं पुलिस चौकी के पास स्थित बिचपुरी गांव में बदायूं के उसावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक राहुल सिद्धार्थ मंगलवार शाम कार से बदायूं लौट रहे थे तभी उनकी कार से एक गाय टकरा गई। बाद में उपचार के दौरान गाय ने दम तोड़ दिया। गाय के मारे ...शेष पृष्ठ 10 पर

उत्तराखंड की लोक विरासत को मिलेगा नया मंच : धामी

लोकगायक नरेन्द्र सिंह नेगी के गीतों का अंग्रेजी संस्करण जारी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोकगीत, लोकभाषाएं, पारंपरिक कलाएं और साहित्य उत्तराखंड की पहचान के मूल आधार हैं। इन्हें सुरक्षित रखना ही नहीं, बल्कि बदलते समय के अनुरूप आगे बढ़ाना भी जरूरी है। सोशल बलूनी स्कूल में लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी के जन्मदिवस पर आयोजित संस्कृति सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने उनके गीतों के अंग्रेजी अनुवाद पर आधारित पुस्तक माउंटेन मेलोडीज ऑफ नरेंद्र सिंह नेगी का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास पहाड़ की लोकसंस्कृति को भाषायी सीमाओं से बाहर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अंग्रेजी माध्यम के पाठकों

को नेगी की रचनाओं के जरिए उत्तराखंड के जनजीवन, प्रकृति और सामाजिक सरोकारों को समझने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र सिंह नेगी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने पहाड़ के जीवन को बेहद सहज और प्रभावी ढंग से अपने गीतों में अभिव्यक्त किया। उनके रचनाकर्म में ग्रामीण समाज की परिस्थितियां, पहाड़ी ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- ❍ रक्षाबंधन पर 26 से 31 तक चलेंगी अतिरिक्त बसें (पृष्ठ-02)
- ❍ 16 हजार महिलाओं ने कमाए 45 करोड़ (पृष्ठ-02)
- ❍ खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.45 प्रतिशत पर (पृष्ठ-10)
- ❍ रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.33 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- ❍ सौर परियोजना से वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू की (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

ग्रैफिटी वॉल पर दिखा बदलता उत्तर प्रदेश, युवाओं ने रंगों से दर्शायी विकास की गाथा

युवाओं ने रंगों से दिखायी यूपी की नयी तस्वीर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस से पहले युवाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति का मंच देने के लिए शुरू किए गए रंग दे बसंती अभियान के तहत बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के पास ग्रैफिटी वॉल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवा कलाकारों ने भित्ति चित्रों के जरिए उत्तर प्रदेश में आए बदलाव की तस्वीर पेश की। ग्रैफिटी वॉल पर कलाकारों ने कानून-व्यवस्था, माफिया से मुक्ति, मेट्रो, सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास जैसे विषयों को रंगों के माध्यम से उकेरा। पेंटिंग में वर्ष 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश और उसके बाद आए बदलाव को रचनात्मक तरीके से दिखाया गया। युवा

चित्रकार मनीष सरोज ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से पुराने उत्तर प्रदेश की चुनौतियों और वर्तमान में दिखाई दे रहे बदलाव को दर्शाया। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र रंजीत ने कहा कि अभियान के माध्यम से युवा कला और रंगों के जरिए प्रदेश में हुए विकास को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रो का विस्तार, बेहतर सड़कें, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा जैसे विषय युवाओं की पेंटिंग का हिस्सा बने हैं।

अभियान में शामिल छात्र अमन शुक्ला ने कहा कि युवाओं को अपनी समस्याओं और मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाना चाहिए।

विरोध और अभिव्यक्ति का रास्ता शांतिपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ह्यरंग दे बसंती के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है कि युवाओं की आवाज को कला, संगीत और संवाद के माध्यम से भी प्रभावी ढंग से सामने रखा जा सकता है। बंदूक की जगह ब्रश, डर की जगह डायलॉग की थीम पर आधारित यह अभियान 11 से 14 अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जा रहा है। कविता, कला, संगीत, संवाद और डिजिटल माध्यमों के जरिए युवाओं को अपनी बात रखने का मंच दिया जा रहा है।

इज्जतनगर मंडल के 660 किमी रूट पर लगेगा कवच

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। भारतीय रेलवे ने पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) के इज्जतनगर मंडल के 660 किलोमीटर रूट पर अनुमानित 295 करोड़ रुपये की लागत से कवच संस्करण 4.0 लगाने को मंजूरी दी है।

❍ 295 करोड़ की लागत से बनेगी ट्रेनों की टक्कर को रोकने की प्रणाली

यह कार्य भारतीय रेलवे के शेष खंडों पर लॉन्ग-टर्म इवोल्यूशन (एलटीई) के संचार बैकबोन के साथ कवच की व्यवस्था नामक व्यापक कार्य के अंतर्गत स्वीकृत किया गया है। कवच भारत में स्वदेशी रूप से विकसित ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) प्रणाली है, जिसे ट्रेनों की आवाजाही की निरंतर निगरानी के माध्यम से सिग्नल पार करने के उल्लंघन (एसपीएडी) की घटनाओं और ट्रेनों की टक्कर को रोकने के लिए विकसित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर यह प्रणाली स्वचालित रूप से ब्रेक लगा देती है। यह ट्रेनों को अधिकतम अनुमेय गति पर सुरक्षित रूप से संचालित करने में सक्षम बनाती है, परिचालन विश्वसनीयता में सुधार करती है और घने कोहरे जैसी प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी सुरक्षित रेल संचालन में सहायता करती है। स्वीकृत कार्य में पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के शेष खंड शामिल हैं।

C M Y K

समस्याओं की पहचान से होती है नवाचार की शुरुआत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- बीबीडीयू में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यशाला आयोजित

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'इनोवेशन एवं स्टार्टअप के माध्यम से युवाओं के संवेदनशीलकरण' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल (आरडीसी), बीबीडीयू द्वारा स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज की एनएसएस यूनिट-III तथा बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के सहयोग से डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों को नवाचार, रचनात्मकता, शोध, बौद्धिक संपदा, उद्यमिता और स्टार्टअप की संभावनाओं से परिचित कराना तथा विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय के बाहर उपलब्ध अवसरों एवं सहयोग तंत्र के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

अपने स्वागत संबोधन में बीबीडीयू के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के प्रमुख डॉ. एस. अहमद अली ने युवाओं की अपार क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवाचार की शुरूआत समस्याओं की पहचान से होती है। उन्होंने विचार और समस्या से नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता तक की यात्रा पर चर्चा की तथा बीबीडीयू में शोध, नवाचार, इनक्यूबेशन और उद्यमिता के लिए विकसित हो रहे पारिस्थितिकी तंत्र की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने आसपास की समस्याओं को रचनात्मक एवं व्यावहारिक समाधान विकसित करने के अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया। बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बीबीडीयू की प्राचार्य डॉ. नीता पसरीचा ने अपने संबोधन में युवाओं में नवाचार और रचनात्मकता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर अपनी रचनात्मक क्षमताओं को विकसित करने और अपने ज्ञान एवं कौशल के माध्यम से नई संभावनाओं की खोज करने का आह्वान किया। बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर डॉ. एस. सी. शर्मा ने युवाओं की क्षमता और उनके लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानने, नए कौशल अर्जित करने तथा नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। बीबीडीयू के कुलपति डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में शोध, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में युवाओं की अपार क्षमता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ऐसे सशक्त विश्वविद्यालयी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, जो युवाओं को नए विचारों का अन्वेषण करने, शोध करने, नवाचार विकसित करने तथा अपने ज्ञान को समाज के लिए उपयोगी समाधानों में परिवर्तित करने के अवसर प्रदान करे। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय की शोध, नवाचार एवं इनक्यूबेशन सुविधाओं और सहयोग तंत्र का प्रभावी उपयोग करने तथा नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।पहला विशेषज्ञ सत्र यूपीसीएआर स्टार्टअप एंड इनक्यूबेशन सेल, लखनऊ की वैज्ञानिक डॉ. रिनी सिंह ने लिया। उन्होंने यूपीसीएआर की पहलों पर चर्चा करते हुए कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के एकीकरण की भूमिका और नवाचार तथा नए विचारों के विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर दिया कि शोध, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को एक साथ जोड़कर कृषि क्षेत्र की समकालीन चुनौतियों के समाधान विकसित किए जा सकते हैं।

दूसरा विशेषज्ञ सत्र उत्तर प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ के सलाहकार डॉ. एच. बी. सिंह ने लिया। उन्होंने नवाचारों के संरक्षण तथा शोध परिणामों को समाज तक पहुंचाने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शोध केवल अकादमिक प्रकाशनों और प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसका उद्देश्य सामाजिक समस्याओं के समाधान में योगदान देना भी होना चाहिए। उन्होंने शोध एवं नवाचार के व्यावसायीकरण तथा ज्ञान को उपयोगी उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं में परिवर्तित करने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम के अंतिम विशेषज्ञ सत्र में बीबीडीयू के पूर्व छात्र एवं टेमेनोस, यूके में क्लाइंट एंगेजमेंट मैनेजर प्रातुश सिंह ने स्टार्टअप्स इन द एज ऑफ एआई विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण तेजी से बदल रहे स्टार्टअप परिदृश्य तथा युवा उद्यमियों के लिए उभर रहे अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई को केवल एक तकनीक के रूप में नहीं, बल्कि नवाचार, उद्यमिता और नए व्यावसायिक मॉडलों को सक्षम बनाने वाले महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में समझने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को नवाचार के समग्र पारिस्थितिकी तंत्र की व्यापक जानकारी मिली—समस्याओं की पहचान और विचारों के विकास से लेकर नवाचारों के संरक्षण, प्रौद्योगिकी के उपयोग, इनक्यूबेशन, उद्यमिता तथा शोध परिणामों को समाज और व्यावसायीकरण तक पहुंचाने की प्रक्रिया तक। कार्यक्रम का समापन बीबीडीयू की एनएसएस यूनिट-III के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पी. के. सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम ने युवा विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को पहचानने तथा स्वयं को नवप्रवर्तक, शोधकर्ता और उद्यमी के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित करने वाले एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया।

यूपी में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को रफ्तार

पूर्वांचल-मध्यांचल बन रहे नये निवेश हब

विशेष संवाददाता (vol)

- अमूल से हल्दीराम तक यूपी में बढ़ा निवेश, खाद्य प्रसंस्करण के नए केंद्र बने जिले
- पूर्वांचल-मध्यांचल में फूड इंडस्ट्री का विस्तार, बड़े ब्रांडों ने यूपी पर जताया भरोसा



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से विस्तार कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निवेश-अनुकूल नीतियों के बीच प्रदेश में 40 खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किए गए हैं। इनमें पूर्वांचल और मध्यांचल की 21 से अधिक परियोजनाएं शामिल हैं। बड़े ब्रांडों की बढ़ती मौजूदगी से प्रदेश के जिलों में कृषि आधारित उद्योग, रोजगार और निवेश का नया नेटवर्क तैयार होने की उम्मीद है।

प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, अमेठी और देवरिया से लेकर हरदोई, सीतापुर और कानपुर देहात तक खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, पेय पदार्थ और कृषि आधारित विनिर्माण से जुड़ी परियोजनाएं आकार ले रही हैं। इससे औद्योगिक विकास को पारंपरिक केंद्रों से आगे जिलों तक पहुंचाने में मदद मिल रही है। पूर्वांचल में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 10 परियोजनाएं प्रयागराज, अमेठी, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, बाराबंकी और देवरिया जैसे जिलों में सामने आई हैं।

वरुण बेवरेजेस की प्रयागराज, अमेठी और गोरखपुर क्षेत्र में परियोजनाएं पेय पदार्थ निर्माण के क्षेत्र को विस्तार दे रही हैं। गोरखपुर में सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है। वाराणसी में बनासकांठा डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स की अमूल डेयरी परियोजना भी पूर्वांचल में बढ़ते निवेश का प्रमुख उदाहरण है। रसिक रिफ्रेशमेंट और फॉरएवर डिस्टिलरी जैसी कंपनियों की परियोजनाएं भी क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों का दायरा बढ़ा रही हैं।

प्रदेश का बड़ा कृषि आधार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। वहीं सड़क, एक्सप्रेसवे और औद्योगिक बुनियादी ढांचे में सुधार निवेशकों के लिए नए अवसर तैयार कर रहा है। मध्यांचल में 12 परियोजनाओं के साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का नया औद्योगिक विस्तार देखने को मिल रहा है। हरदोई इस क्षेत्र में प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां वरुण बेवरेजेस, आईटीसी, बालाजी वेफर्स और हल्दीराम जैसी कंपनियों की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। कानपुर देहात में एचएल एग्रो प्रोडक्ट्स अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रही है।

सीतापुर में रेडिको खेतान और डालमिया चीनी मिल्स की परियोजनाएं कृषि आधारित उद्योगों को मजबूती दे रही हैं। इसके अलावा यूनाइटेड ब्रेवरीज, ग्लोबस स्पिरिट्स, नील श्री शुगर और आरएसपीएल लिमिटेड की परियोजनाएं भी मध्यांचल के औद्योगिक विस्तार का हिस्सा हैं। खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को जारी किए गए एलओसी प्रदेश की निवेशक-केंद्रित औद्योगिक नीति को दर्शाते हैं। कंपनियों की जरूरत के अनुसार कस्टमाइज्ड इंसेंटिव और नीतिगत सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य नई इकाइयों की स्थापना के साथ मौजूदा उद्योगों के विस्तार और कारोबार के विविधीकरण को बढ़ावा देना है।

सरकार की रणनीति कृषि उत्पादन को खाद्य प्रसंस्करण और संगठित विनिर्माण से जोड़कर जिलों में स्थानीय औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित करने की है। इससे किसानों के लिए नए बाजार, कृषि उत्पादों का बेहतर वैल्यू एडिशन और युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है।

पूर्वांचल और मध्यांचल में बड़े ब्रांडों की बढ़ती मौजूदगी संकेत दे रही है कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विस्तार अब नए जिलों तक पहुंच रहा है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बढ़ता निवेश प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को भी गति दे सकता है।

रक्षाबंधन पर 26 से 31 तक यूपी में चलेंगी अतिरिक्त बसें

लखनऊ। रक्षाबंधन के अवसर पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए योगी सरकार ने प्रदेश में विशेष परिवहन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने 26 से 31 अगस्त तक छह दिनों के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन करने और परिवहन निगम की अधिकतम बसों को ऑनरोड रखने के निर्देश दिए हैं। त्योहार के दौरान विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए प्रमुख मार्गों पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। लखनऊ, कानपुर समेत अन्य प्रमुख शहरों के लिए भी यात्रियों की मांग के अनुसार अतिरिक्त बसें संचालित होंगी। रक्षाबंधन के दौरान दिल्ली से मुरादाबाद-बरेली होते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली से अलीगढ़-कानपुर होते हुए पूर्वांचल की ओर बसों के संचालन में जरूरत के अनुसार अतिरिक्त सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य यात्रियों को लंबा इंतजार किए बिना उनके गंतव्य तक पहुंचाना है। सरकार ने बसों और बस स्टेशनों पर साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त रोशनी और पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

भाजपा आज अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि पर अर्पित करेंगे श्रद्धांजलि

- पुण्यतिथि पर सभी जिलों में श्रद्धांजलि सभाएं, माल्यार्पण, संगोष्ठियां एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम किये जायेंगे आयोजित

लखनऊ/कानपुर। अहिल्याबाई होलकर की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा गुरुवार को प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोकमाता को श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को पत्र जारी कर कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रकाश पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं, जिन्होंने अपने शासनकाल में जनकल्याण, न्याय, सुशासन और सनातन संस्कृति के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने देशभर के अनेक तीर्थस्थलों और मंदिरों का पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया तथा सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन समाज के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से सीधा सवाल करते हुए कहा कि औरैया के बिधूना में स्थापित राजकीय महाविद्यालय का नाम एक समय लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर था, फिर उसे क्यों बदला गया? उन्होंने पूछा कि नाम बदलने का कारण कहीं यह तो नहीं था कि अहिल्याबाई होलकर अति पिछड़े समाज से आती थीं? अथवा इसका कारण यह था कि उन्होंने मुगल आक्रांताओं द्वारा ध्वस्त किए गए तीर्थस्थलों एवं मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया था? उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को प्रदेश की जनता को जवाब देना चाहिए कि क्या उन्हें लोकमाता अहिल्याबाई द्वारा सनातन संस्कृति, मठ-मंदिरों और तीर्थस्थलों के संरक्षण के कार्य से आपत्ति थी? क्या उनके इसी योगदान के कारण उनके नाम से जुड़े शिक्षण संस्थान का नाम बदला गया था? प्रकाश पाल ने कहा, अखिलेश यादव जवाब दीजिए, देवी अहिल्याबाई होलकर से क्यों है द्वेष? प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के आदर्शों से प्रेरणा लेने वाले उनके अनुयायी हैं। अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। भाजपा सरकार ने प्रयागराज में संगम तट पर लोकमाता की भव्य प्रतिमा स्थापित कर उन्हें सम्मान दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके सम्मान में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापना के साथ ही, सिक्का और डाक टिकट जारी किया गया। वहीं काशी और सोमनाथ में भी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की भव्य प्रतिमाएं स्थापित कर उनके आदर्शों एवं सिद्धांतों को सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने औरैया में मेडिकल कॉलेज का नाम पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर के नाम पर स्थापित कर लोकमाता के सम्मान को पुनर्स्थापित किया।

यह निर्णय पिछड़े और अति पिछड़े समाज सहित पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारें महापुरुषों और महान विभूतियों के सम्मान तथा उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। इसके विपरीत विपक्ष को यह बताना चाहिए कि उसने महापुरुषों के सम्मान में क्या किया।

बिजली बिल जमा कराकर 16 हजार महिलाओं ने कमाये 45 करोड़

- विद्युत सखी योजना बनी ग्रामीण महिलाओं की कमाई का जरिया
- 1.53 करोड़ बिल जमा कराकर गांवों में बढ़ाई बिजली भुगतान की सुविधा

लखनऊ। प्रदेश के गांवों में बिजली बिल जमा कराने की व्यवस्था अब ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का माध्यम भी बन गई है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करीब 16 हजार विद्युत सखियों ने अब तक 1,53,62,709 बिजली बिल जमा कराकर लगभग 3,500 करोड़ रुपये का राजस्व बिजली विभाग तक पहुंचाया है। इसके बदले विद्युत सखियों को करीब 45.4 करोड़ रुपये की कमीशन आय हुई है। योगी सरकार का विद्युत सखी मॉडल ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ उपभोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर बिजली बिल जमा करने की सुविधा भी दे रहा है।

विद्युत सखी कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अब तक 31,681 महिलाओं को विद्युत सखी के रूप में जोड़ा गया है। इनमें 16 हजार से अधिक महिलाएं ई-वॉलेट रिचार्ज कर सक्रिय रूप से बिजली बिल कलेक्शन का काम कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण देने के बाद बिजली बिल जमा कराने की व्यवस्था से जोड़ा जाता है। विद्युत सखियां विभाग के ई-वॉलेट के माध्यम से उपभोक्ताओं के बिल जमा करती हैं और भुगतान के बाद उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। विद्युत सखियों के नेटवर्क ने पिछले पांच वर्षों में बिजली विभाग के राजस्व संग्रह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवधि में उनके माध्यम से 1.53 करोड़ से अधिक बिजली बिल जमा कराए गए हैं। इन बिलों के जरिए करीब 3,500 करोड़ रुपये का राजस्व बिजली विभाग के खाते में पहुंचा। वहीं, बिल कलेक्शन के बदले मिलने वाले कमीशन से विद्युत सखियों की कुल आय 45.4 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए नियमित स्वरोजगार का अवसर तैयार हुआ है। विद्युत सखी कार्यक्रम की खासियत यह है कि महिलाओं को रोजगार के लिए शहरों की ओर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। वे अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में ही बिजली बिल जमा कराने का काम कर रही हैं। विद्युत सखी योजना से ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी सुविधा मिली है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार के मुताबिक, विद्युत सखी कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और जनसुविधा को एक साथ जोड़ने का काम किया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण

75 जिलों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान और शुरूआती हस्तक्षेप पर जोर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शुरूआती स्तर पर बेहतर शैक्षिक सहयोग देने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के 75 जिलों में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्त्रियों और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को समावेशी शिक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए करीब 2.98 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय से पहचान, शुरूआती हस्तक्षेप और उनके लिए अनुकूल एवं समावेशी शिक्षण वातावरण तैयार करना है। सरकार का मानना है कि बच्चों की जरूरतों की शुरूआती स्तर पर पहचान होने से उन्हें आगे की शिक्षा में बेहतर सहयोग दिया जा सकेगा। प्रशिक्षण की शुरूआत जिला स्तर से होगी। 3 से 30 अगस्त तक एआरपी को मास्टर ट्रेनर्स के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके बाद यही मास्टर ट्रेनर्स ब्लॉक स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं

2.98 करोड़ रुपये जारी

और प्री-प्राइमरी नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण 1 से 30 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और नोडल शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय विकसित करने पर भी जोर रहेगा। प्रशिक्षण के लिए जारी राशि में करीब 17.70 लाख रुपये मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण और 2.80 करोड़ रुपये आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के प्रशिक्षण के लिए निर्धारित किए गए हैं। प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित और व्यावहारिक तरीकों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शीघ्र पहचान एवं हस्तक्षेप, समावेशी आंगनबाड़ी केंद्र और दिव्यांगता समावेशन जैसे विषय शामिल होंगे। इसके लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और यूनिसेफ के सहयोग से तैयार प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग किया जाएगा। इससे आंगनबाड़ी कार्यकताओं और प्री-प्राइमरी शिक्षकों को बच्चों की अलग-अलग सीखने की जरूरतों को समझने और उनके अनुरूप सहयोग देने में मदद मिलेगी। समावेशी शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के बीच समन्वय मजबूत किया जाएगा। संयुक्त प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों की जरूरतों की पहचान और उन्हें शुरूआती शैक्षिक सहयोग देने की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, शत-प्रतिशत प्रतिभागिता और निर्धारित समय-सीमा में प्रशिक्षण पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा संदीप सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर बच्चे को उसकी जरूरत और क्षमता के अनुरूप सीखने का अवसर उपलब्ध कराना है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समय पर पहचान और शुरूआती सहयोग उनकी शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है : अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बुधवार को अपने बस्ती और अयोध्या के दौरे के तहत बस्ती पहुंचे जहां विगत दिनों जिला कांग्रेस कमेटी बस्ती के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय के सुपुत्र शिवांश पाण्डेय की सड़क दुर्घटना में हुए आकस्मिक निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया एवं परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद वह अयोध्या पहुंचे, जहां जिला कांग्रेस कमेटी अयोध्या द्वारा सीएल गेस्ट हाउस, घेवना चौराहा, हैदरगंज बाजार में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचने से पहले दशरथपुर चौराहा, बीकापुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश में लगातार हो रही ब्राहमण समुदाय के लोगों की निर्मम हत्याओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होने कहा कि आज प्रदेश में जंगलराज कायम हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से प्रदेश में बेहतर कानून की दुहाई देते नहीं थकते वहीं उन्हें रोजाना हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती नहीं दिख रही है। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अयोध्या पहुंचकर श्री हनुमान गढ़ी में हनुमान जी का दर्शन-पूजन किया और श्रीराम जन्मभूमि में भगवान श्री राम लला का दर्शन पूजन किया।

शिक्षकों की तैयारी को मिलेगी नयी गति

- योगी सरकार ने की संदर्शिका और शिक्षक डायरी के लिए 3.38 करोड़ की लिमिट जारी

लखनऊ। कक्षा में बेहतर पढ़ाई की पहली जरूरत है शिक्षक की बेहतर तैयारी। इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने शैक्षिक सत्र 2026-27 में शिक्षकों को जरूरी अकादमिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए 3.81 करोड़ रुपये से अधिक की लिमिट जारी की है।

प्रदेश के सभी 75 जिलों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी एवं गणित के शिक्षकों के लिए संदर्शिका और शिक्षक डायरी उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि कक्षा 6 से 8 तक के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एलईपी मद में अलग से 42.61 लाख रुपये की लिमिट जारी हुई है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि बेहतर कक्षा की शुरूआत बेहतर तैयारी से होती है। सरकार का प्रयास है कि शिक्षक को पाठ की तैयारी से लेकर प्रभावी शिक्षण तक हर स्तर पर जरूरी शैक्षिक सहयोग मिले। संदर्शिका और शिक्षक डायरी इसी शिक्षक-केंद्रित व्यवस्था को मजबूत करने की पहल हैं।

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा की ओर से कक्षा 1 से 5 तक हिंदी एवं गणित विषय की संदर्शिका और शिक्षक डायरी के मुद्रण एवं आपूर्ति के लिए 75 जिलों को कुल 338.54 लाख रुपये की लिमिट जारी की गई है। इसमें संदर्शिका के मुद्रण के लिए 172.35 लाख रुपये, शिक्षक डायरी के लिए 152.91 लाख रुपये और मुद्रित सामग्री के परिवहन के लिए 13.27 लाख रुपये शामिल हैं। संदर्शिका शिक्षक को पाठ्यपुस्तक के साथ विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझाने, शिक्षण गतिविधियों की योजना बनाने और कक्षा की जरूरत के अनुसार पाठ को आगे बढ़ाने में सहयोग देगी। वहीं शिक्षक डायरी के माध्यम से शिक्षक अपनी कक्षा की कार्ययोजना और शिक्षण गतिविधियों की तैयारी को अधिक व्यवस्थित कर सकेंगे।

कक्षा 6 से 8 तक के परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एलईपी मद में 42.61 लाख रुपये की अलग लिमिट जारी की जाएगी। इसका उद्देश्य शिक्षक को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित रखने के बजाय पाठ की तैयारी, प्रस्तुतीकरण और कक्षा-कक्ष की गतिविधियों के लिए आवश्यक अकादमिक सहयोग उपलब्ध कराना है।

स्मार्ट क्लासरूम में पढ़ेंगे सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थी

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पांच विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

- राज्यमंत्री असीम अरुण ने किया उद्घाटन, फर्स्ट ओरिजन के सहयोग से 35 करोड़ की सीएसआर परियोजना

लखनऊ। प्रदेश के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने और उन्हें डिजिटल युग की आवश्यकताओं और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में समाज कल्याण विभाग ने 5 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम की शुरूआत की है। फर्स्ट ओरिजन नेक्स्टजेन एजुटेक प्रा. लि. के सहयोग से सीएसआर के माध्यम से शुरू इस पहल के प्रथम चरण में पांच विद्यालयों में एक-एक स्मार्ट क्लासरूम तैयार किया गया है।

इसी क्रम में उद्घाटन एवं संवाद कार्यक्रम बुधवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव, निदेशक समाज कल्याण संजीव सिंह, उपनिदेशक जे राम और फर्स्ट ओरिजन के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं स्मार्ट क्लासरूम : निदेशक संजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश में 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं। पायलट प्रॉजेक्ट के तहत निडोरी (गाजियाबाद), बदनौरा (बुलंदशहर), हस्तिनापुर (मेरठ), बरेली और पीलीभीत में स्मार्ट क्लासरूम शुरू हुए हैं। इनमें स्मार्ट बोर्ड, स्मार्ट पैनल, दो एयर कंडीशनर व वुडेन फ्लोरिंग की सुविधा है।

तकनीक से मिलेगा प्रतिभा को अवसर : राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि स्मार्ट क्लासरूम केवल पढ़ाई का तरीका बदलने की पहल नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने का प्रयास है।

फर्स्ट ओरिजन के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुज कुमार वर्मा ने बताया कि दूसरे चरण में शेष चयनित विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम एवं ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार किया जाएगा।

भाजपा सिर्फ दमन और दोहन करना चाहती है : अखिलेश

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के शब्दकोश में जवाबदेही शब्द ही नहीं है। भाजपा जन-तंत्र को धन-तंत्र मानकर सिर्फ दोहन और दमन में विश्वास करती है। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में एक सड़क बनने को लेकर जब सालों से कोई सुनवाई नहीं हुई तो स्कूली बच्चों ने जिलाधिकारी के कार्यालय पर प्रभावशाली प्रदर्शन करके दिखा दिया कि भाजपा का अहंकारी शासन-प्रशासन यदि जनता तक नहीं पहुंचेगा तो जनता उन तक पहुंच जाएगी।

उन्होंने कहा कि भाजपाई ऊपर-से-नीचे का जो एकतंत्र बनाना चाहते हैं, वो अब और नहीं चलेगा। जन-प्रतिनिधि हो या लोक सेवक, अब सबको ये समझना ही होगा कि लोकतंत्र नीचे-से-ऊपर की ओर जाता है। अब हमारा यही समाजवादी मूल्य सबको अपनाना ही होगा कि समाज के लिए सत्ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा सत्ता के लिए समाज का दुरुपयोग करती है जबकि समाजवादी सिद्धांत कहता है कि समाज के उत्थान और कल्याण के लिए सत्ता का सदुपयोग किया जाना ही शासन-प्रशासन के औचित्य को सिद्ध करता है। यदि जन-कल्याण नहीं तो सरकार नहीं। इसके साथ ही संसद परिसर में बुधवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जहां-जहां भाजपा सरकार है, वहां महा भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार में जितने भी काम हुए उसमें कमीशनखोरी और बजट की लूट हुई। जेवर एयरपोर्ट पर पानी भर गया। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर गड्ढ़े बन गये।

भाजपा सरकार में कमीशनखारी चरम पर : डिम्पल यादव

लखनऊ। सपा की मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने दस वर्षो में पूरे सिस्टम को भ्रष्ट बना दिया है। शिक्षा-परीक्षा, निर्माण कार्यो से लेकर हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे है। प्राइमरी स्कूल बंद हो रहे है। शिक्षा-स्वास्थ्य में निजीकरण तेजी से बढ़ रहा हैं। निर्माण कार्यों में बजट की लूट हो रही है। कमीशनखोरी चरम पर है। संसद परिसर में बुधवार को मीडिया से बात करते हुए डिम्पल यादव ने कहा कि अभी नये बने जेवर एयरपोर्ट पर पानी भर गया है। हाल ही में बने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं। उद्घाटन के बाद ही सड़क टूट गयी है। भाजपा सरकार में कोई भी काम मानक के अनुसार नहीं हो रहा है। हर काम में भारी भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार ने विश्वविद्यालयों और विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

ग्रीन कॉरिडोर: बैकुण्ठ धाम ब्रिज पर नवंबर से फर्राटा भरेंगे वाहन

बैकुण्ठ धाम से क्रिकेट स्टेडियम तक बनेगा 2.3 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर

लखनऊ। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत गोमती नदी पर निर्मित किये जा रहे बैकुण्ठ धाम ब्रिज पर जल्द ही वाहन फर्राटा भरेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को परियोजना का निरीक्षण करके नवम्बर, 2026 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। इस ब्रिज के बनने से निशातगंज से डालीबाग व हजरतगंज के मध्य सफर काफी आसान हो जाएगा और बड़ी आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि बैकुण्ठ धाम के पास गोमती नदी पर लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत से 330 मीटर लंबा 6-लेन ब्रिज निर्मित किया जा रहा है। इसके बनने से समतामूलक और 1090 चौराहे पर ट्रैफिक का लोड काफी कम हो जाएगा। निशातगंज से डालीबाग व हजरतगंज की ओर जाने वाले लोग ब्रिज के माध्यम से सीधे सफर तय कर सकेंगे। बुधवार को स्थल निरीक्षण करके कार्य की प्रगति की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। उपाध्यक्ष ने बताया कि सम्बंधित अधिकारियों को कार्य की गति बढ़ाकर नवम्बर, 2026 तक ब्रिज तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। काम पूरा होते ही आवागमन के लिए ब्रिज खोल दिया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत बैकुण्ठ धाम से रिवर फ्रंट, क्रिकेट स्टेडियम के मध्य लगभग 2.3 किलोमीटर लंबा 4-लेन फ्लाईओवर निर्मित किया जाना है। लगभग 293 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस फ्लाईओवर के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कार्यदायी संस्था से अनुबंध करके अगले माह से फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाए।

उपाध्यक्ष ने बताया कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य बैकुण्ठ धाम ब्रिज के एप्रोच प्वाइंट से ही शुरू कराया जाएगा। भविष्य में फ्लाईओवर बनने पर इसे बैकुण्ठ धाम ब्रिज से सीधा कनेक्ट कर दिया जाएगा, जिससे कि ग्रीन कॉरिडोर पर ट्रैफिक को बिना अवरोध गति प्रदान की जा सकेगी। निरीक्षण में एलडीए के मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, पीआईयू के प्रभारी एके सिंह सेंगर, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

रिवर फ्रंट पर 700 मीटर लंबे नेचर ट्रेल से प्रकृति से रूबरू होंगे लोग

लखनऊ। गोमती रिवर फ्रंट पर लक्ष्मण मेला मैदान के पास 700 मीटर लंबी नेचर ट्रेल विकसित की जाएगी। यह परियोजना न सिर्फ लोगों को जंगल वॉक का अनुभव प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें सीधे तौर से प्रकृति के नजदीक लाने में कारगार साबित होगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 05 करोड़ रुपये की लागत से परियोजना का कार्य शुरू करा दिया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को स्थल निरीक्षण करके मियावॉकी फॉरेस्टेशन कराने के निर्देश दिये। जिससे कि नेचर ट्रेल में आने वाले लोगों को घने वन के बीच से होकर गुजरने का अनुभव मिल सके। नेचर ट्रेल में बड़े पेड़ों के आसपास बांस के झुरमुट विकसित किये जाएंगे। इसके अलावा लैंड स्केपिंग के कार्य के साथ-साथ जिग-जैग स्लोप बनाये जाएंगे। जिससे यहां घूमने वाले लोगों को भ्रमण के दौरान जंगल वॉक का आनंद मिलेगा। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि कुछ जगहों पर सेल्फी एवं स्टैंडिंग प्वाइंट विकसित किये जाएं, जहां लोग खड़े होकर प्राकृतिक नजारे का लुत्फ उठा सकें। गोमती नदी जल्द ही पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगी। इसकी वजह होंगे नदी पर चलने वाले आलीशान टूरिस्ट क्रूज।

86 लाख रुपये से लगे रहे आधुनिक झूले : गोमती रिवर फ्रंट पर एडीसीपी के पास लगभग 02 करोड़ रुपए की लागत से लैंडस्केप, पाथ-वे, इंट्री गेट, टॉयलेट व रेलिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है। उपाध्यक्ष ने स्थल निरीक्षण करके कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा रिवर फ्रंट पर लगभग 86 लाख रुपये की लागत से बच्चों के लिए आधुनिक झूले लगवाये जा रहे हैं। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि झूले संचालित करने से पहले सेफ्टी टेस्ट करा लिया जाए।

• गोमती नदी में अक्टूबर तक बनकर तैयार हो जायेगा क्रूज

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि एक क्रूज एडीसीपी ऑफिस से गोमती बैराज के मध्य संचालित होगा। लगभग 60 मीटर लंबे और 14 मीटर चैड़े इस क्रूज पर एक साथ 250 लोग सफर कर सकेंगे। इसका कार्य 50 प्रतिशत तक पूरा हो गया है, जिसे दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं, दूसरा क्रूज गोमती बैराज से हनुमान सेतु के मध्य संचालित होगा। लगभग 45 मीटर लंबे व 10 मीटर चैड़े इस क्रूज में एक बार में 200 लोग सफर कर सकेंगे। इसे अक्टूबर, 2026 तक पूर्ण कराकर संचालित करने के निर्देश दिये गये हैं।

मेट्रो : अमौसी और इंदिरा नगर से शुरू हुई इलेक्ट्रिक फीडर सेवा

लखनऊ। लखनऊ मेट्रो के यात्रियों के लिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में नई इलेक्ट्रिक फीडर वाहन सेवा शुरू की गई है। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने अमौसी मेट्रो स्टेशन से इस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नई सेवा के तहत अमौसी और इंदिरा नगर मेट्रो स्टेशनों से शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों तक यात्रियों को इलेक्ट्रिक फीडर वाहनों की सुविधा मिलेगी। सेवा के लिए चार रूट निर्धारित किए गए हैं। दूरी के आधार पर यात्रियों को 15 से 50 रुपये तक किराया देना होगा। फीडर सेवा सुबह 6 बजे से रात 10:30 बजे तक संचालित होगी।

अमौसी मेट्रो स्टेशन से नादरगंज चौराहा, हैदरी चौराहा, ग्वारी, सरोजिनी नगर, स्कूटर इंडिया चौराहा होते हुए बंथरा तक सेवा मिलेगी। इंदिरा नगर मेट्रो स्टेशन से पॉलीटेक्निक चौराहा, अवध बस स्टैंड, हुसड़िया, इकाना स्टेडियम, अहमामऊ, लुलु मॉल और उतरेटिया तक फीडर सेवा चलेगी। दूसरे रूट पर इंदिरा नगर से पॉलीटेक्निक, कमता, चिनहट तिराहा, मटियारी चौराहा, बीबीडी, तिवारीगंज और अनौरा कला अंडरपास तक यात्री सफर कर सकेंगे। चौथे रूट पर इंदिरा नगर से पॉलीटेक्निक, वेव मॉल, आरएमएल, आईजीपी, कठौता चौराहा, तकवा चौराहा, डिवाइन हॉस्पिटल, दयाल, गोमती नगर रेलवे स्टेशन, मंत्री आवास मार्ग, लोहिया पथ, फैजाबाद रोड होते हुए एचएएल तक कनेक्टिविटी मिलेगी। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक फीडर वाहनों में रडर सुविधा, इन-व्हीकल कैमरा और जीपीएस ट्रैकिंग की व्यवस्था की गई है। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि यात्रियों को बेहतर लास्ट-माइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए मेट्रो पहले से विभिन्न सेवाएं संचालित कर रही है।

लखनऊ में हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकलीं यात्राएं

नगर निगम मुख्यालय से गांधी प्रतिमा तक निकली यात्रा, राजधानी में 12 मंडलों एवं वार्डो में निकलीं तिरंगा यात्राएं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को राजधानी लखनऊ में नगर निगम की ओर से कई स्थानों पर भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। नगर निगम मुख्यालय से लेकर इंदिरा नगर और इंद्रा प्रियदर्शिनी वार्ड तक निकली यात्राओं में बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारों से पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में नजर आया।

उधर महानगर के बारह मंडलों एवं वार्डों में पार्षदों, मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ यात्रा में सहभागिता की।

नगर निगम की ओर से आयोजित मुख्य तिरंगा यात्रा नगर निगम मुख्यालय, लालबाग से शुरू हुई। महापौर सुषमा खर्कवाल के नेतृत्व में निकली यात्रा हलवासिया चौराहा, मेफेयर चौराहा और अटल चौक होते हुए गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर संपन्न हुई।

यात्रा में कार्यकारिणी सदस्य सुशील तिवारी पम्मी, नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षदगण, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। इस दौरान देशभक्ति के नारों और गीतों से वातावरण गूंजता रहा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव व्यक्त करने का अवसर देता है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की। जोन-7 के इंदिरा नगर वार्ड में भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। पार्षद पूजा जसवानी की ओर से आयोजित यात्रा का नेतृत्व महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए।

सेक्टर-18 स्थित अमर शहीद मेजर प्रतीक मिश्रा और कारगिल शहीद मेजर रितेश शर्मा की प्रतिमाओं पर महापौर एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शहीदों के बलिदान और देश के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया।

यात्रा में पार्षद अशोक उपाध्याय, महानगर भाजपा लखनऊ उपाध्यक्ष पंकज सक्सेना, पार्षद प्रतिनिधि सूरज जसवानी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे। इंद्रा प्रियदर्शिनी वार्ड में सेक्टर-11 स्थित शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव पार्क से भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसका आयोजन पार्षद प्रतिनिधि राम कुमार वर्मा ने किया। यात्रा में महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक ओपी श्रीवास्तव की मौजूदगी रही। इस अवसर पर शहीद कैप्टन मुकेश श्रीवास्तव की माता सरोजनी श्रीवास्तव को महापौर और विधायक ने सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए उनकी माता के प्रति सम्मान व्यक्त किया। यात्रा में महानगर उपाध्यक्ष सीता नेगी, महानगर मंत्री पंकज सक्सेना, मंडल महामंत्री नितिन पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम गोपाल मिश्रा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष नंदकिशोर लोधी समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। तीनों यात्राओं में तिरंगे के साथ उमड़ा जनसमूह स्वतंत्रता दिवस से पहले राजधानी में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देता नजर आया।

डीआरएम ने किया मानक नगर व उन्नाव स्टेशनों का निरीक्षण

लखनऊ। मंडल रेल प्रबंधक श्री सुनील कुमार वर्मा ने मानक नगर एवं उन्नाव रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत मानक नगर स्टेशन पर लगभग 16.52 करोड़ और उन्नाव स्टेशन पर लगभग 29.78 करोड़ की लागत से स्टेशन उन्नयन एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं का कार्य तेजी से चल रहा है। डीआरएम ने निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। विशेष रूप से प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 और विद्युत संबंधी कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्नाव स्टेशन पर डीआरएम ने प्रतीक्षालय, खानपान स्टॉल, पूछताछ व टिकट काउंटर, प्रवेश द्वार, शौचालय सहित अन्य यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखने और यात्रियों को स्वच्छ वातावरण देने के निर्देश दिए। डीआरएम ने स्टेशन पर लगी बोतल क्रशर मशीन का भी निरीक्षण किया और इसके संचालन की जानकारी ली। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए तेजी लाने और समयसीमा में पूरा करने को कहा।

केजीएमयू में महिला सुरक्षा व अधिकार पर व्याख्यान

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में महिला विद्यार्थियों को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं कानून के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को कलाम सेंटर में व्याख्यान का आयोजन किया गया। केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने महिला विद्यार्थियों को अपनी सुरक्षा, अधिकारों एवं आसपास के वातावरण के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध सहायता एवं संसाधनों का सही समय पर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जागरूकता एवं सही जानकारी किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्य अतिथि जेसीपी अपर्णा कुमार ने कहा कि महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, सार्वजनिक स्थानों एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, उत्पीड़न की स्थिति में उठाए जाने वाले आवश्यक कदम तथा पुलिस एवं प्रशासन से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। श्रीमती कुमार ने महिला विद्यार्थियों को विभिन्न आपातकालीन एवं हेल्पलाइन संपर्क नंबरों की जानकारी भी साझा की, जिनका उपयोग आवश्यकता अथवा आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इन नंबरों को अपने मोबाइल फोन में सुरक्षित रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में बिना भय या संकोच के सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों को तकनीक के अवसरों से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत एवं उनके अकादमिक जीवन से परिचय कराने के लिए परिचय-ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2026-27 का आयोजन अटल हॉल, अकादमिक ब्लॉक में किया गया। डॉ. नीरज शुक्ल, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग ने स्वागत संबोधन दिया तथा डॉ. जैबुन निसा ने कार्यक्रम का संचालन किया। विद्यार्थियों को विभाग के पाठ्यक्रमों, अनुशासन एवं शैक्षणिक अवसरों की जानकारी दी गई। डॉ. रजा हैदरी ने आपार/ एबीसी आईडी के निर्माण संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में विभागीय शिक्षकों ने अपना परिचय दिया तथा विद्यार्थियों द्वारा संचालित विभागीय क्लबों एवं विभिन्न छात्र सहायता सुविधाओं की जानकारी दी गई। विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्पित शैलेश ने विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ कौशल, नवाचार, तकनीक और नए अवसरों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार सिंह ने बदलती व्यावसायिक दुनिया में अक, तकनीक और कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. राजेश्वर के आह्वान पर युवाओं ने भरी राष्ट्रप्रेम की हुंकार

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में 20 किलोमीटर लंबी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भीषण गर्मी के बावजूद यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। युवाओं ने तिरंगा हाथ में लेकर राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया। यात्रा एचपी पेट्रोल पंप, अशोक लीलैंड गेट नंबर-2 से शुरू होकर वृंदावन योजना, तेलीबाग स्थित सार्वजनिक पार्क में संपन्न हुई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आर.पी. सिंह भी यात्रा में शामिल हुए। उनकी मौजूदगी से युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और नागरिक कर्तव्यों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा से ऊपर भारतीय होना हमारी सबसे बड़ी पहचान है। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। अमौसी, नादरगंज, आशियाना, हिंदनगर, खजाना चौराहा, अर्जुनगंज

• 20 किमी लंबी तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

समेत कई स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी पहल की गई। डॉ. राजेश्वर सिंह ने तारा शक्ति महिला समूह से जुड़ी महिलाओं को 70 सिलाई मशीनों का वितरण किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, बलिदान और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। यात्रा में पूर्व सांसद रीना चौधरी, पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी, पूर्व कोऑपरेटिव चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी और युवा शामिल रहे।

अंगदान से किसी और के जीवन की होती है नयी शुरुआत

विश्व अंगदान दिवस पर आरएमएलआईएमएस में जागरूकता कार्यक्रम

लखनऊ। विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर बुधवार को गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग ने अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और संस्थान में मृतक दाता अंग प्रत्यारोपण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के जरिए संदेश दिया गया कि अंगदान किसी के जाने का अंत नहीं, बल्कि किसी और के जीवन की नयी शुरूआत होती है। संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने कहा कि संस्थान अब मृतक दाता से अंग प्रत्यारोपण शुरू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़े और सभी संबंधित टीमें इसमें सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. विक्रम सिंह ने संस्थान में मृतक-दाता प्रत्यारोपण को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि इसके लिए संस्थान में उपलब्ध विभिन्न योजनाओं और संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकता है। प्रो. अरविंद सिंह और प्रो. सुब्रत चंद्र ने भी टीमों का उत्साह बढ़ाते हुए इस दिशा में मिलकर काम करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसओटीटीओ के नोडल अधिकारी डॉ. हर्षवर्धन ने राज्य में अंगदान को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की जानकारी साझा की और संस्थान को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल के लिए एक अंतर-संस्थागत समन्वय समिति बनाने का सुझाव दिया, ताकि संभावित दाताओं की पहचान से लेकर अंगों के आवंटन और प्रत्यारोपण तक की प्रक्रिया अधिक प्रभावी ढंग से हो सके। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष प्रो. अभिलाष चंद्र ने अंगों की कमी और प्रत्यारोपण की बढ़ती जरूरत के बीच के अंतर पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से अंतिम चरण के गुर्दा रोग से जूझ रहे मरीजों का उल्लेख करते हुए कहा कि सक्रिय मृतक-दाता प्रत्यारोपण कार्यक्रम इस कमी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बताया कि आरएमएलआईएमएस में पहले से ही एक सफल जीवित-दाता गुर्दा प्रत्यारोपण कार्यक्रम चल रहा है, जिसे अब मृतक-दाता प्रत्यारोपण से और मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर कॉर्निया दाता परिवारों, जीवित गुर्दा दाताओं, ब्रेन-स्टेम डेथ डिक्लेरेशन समिति के सक्रिय सदस्यों, सक्षम प्राधिकारी सदस्यों तथा पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

बीबीएयू में विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ में यूजीसी के निर्देशों के अनुसार एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय में बुधवार से 18 अगस्त तक एंटी-रैगिंग जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को प्रॉक्टर ऑफिस की ओर से विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम से पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्यापीठ तक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों, इसके विरुद्ध विश्वविद्यालय की जीरो टॉलरेंस नीति तथा रैगिंग से संबंधित नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर व्याख्यान सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल, प्रो. सुनीता मिश्रा, प्रॉक्टर प्रो. राम चंद्रा, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह एवं आईक्यूएसी डॉयरेक्टर प्रो. शिल्पी वर्मा उपस्थित रहीं।

युवा संसद में वन नेशन, वन इलेक्शन पर हुई जोरदार बहस

एकेटीयू में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जनभवन की पीएसओ टीम, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान नाट्य मंचन, गीत गायन, कविता पाठ, भाषण, नुक्कड़ नाटक एवं युवा संसद के जरिये सामाजिक संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने युवा संसद में प्रतिभाग किया। सदन में पक्ष और विपक्ष के रूप में छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नेता प्रतिप्रक्ष राहुल गांधी, सांसद अखिलेश यादव, प्रियंका गांधी वाड्रा, शशि थरूर, कंगना रनौत, रवि किशन की भूमिका में वन नेशन, वन इलेक्शन प्रस्ताव पर जोरदार बहस की। छात्र ने गृहमंत्री के रूप में वन नेशन, वन इलेक्शन से होने वाले फायदे गिनाये। कहा कि एक चुनाव से देश पर पड़ने वाला भारी, भरकम आर्थिक बोझ बेहद कम हो जाएगा। जिसका उपयोग देश के विकास में किया जा सकेगा। हर साल चुनावों में रहने वाले देश को इससे मुक्ति मिलेगी। संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा। इस बीच विपक्षी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि अब लोकतंत्र की कीमत रुपये में तय की जाएगी। सरकार इस प्रस्ताव के जरिये मुद्दों से जनता का ध्यान हटाना चाहती है। संघीय ढांचे पर वार किया जा रहा है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने प्रस्ताव के पक्ष में भाषण देते हुए कहा कि यह कदम देश की विकास का नया अध्याय लिखेगा। विपक्ष हर अच्छे काम को बाधित करता है। उनके इतना कहते ही विपक्षी सांसदों ने जमकर शोर-शराबा किया। सदन की गरिमा बनाये रखने की संसद के अध्यक्ष को बार-बार अपील करनी पड़ी। इसी तरह शशि थरूर, अखिलेश यादव राहुल गांधी ने भी प्रस्ताव के विरोध में जमकर सरकार की घेरेबंदी की। जबकि वित्त मंत्री निर्मलासीतारमण, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन से देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर होगा। अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना भाषण दिया। कहा कि हमें बदलाव को स्वीकार करना होगा। वन नेशन, वन इलेक्शन आज देश की जरूरत है। हमें इसके साथ देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाना होगा। कहा कि विपक्ष हमेशा से देशहित में होने वाले कामों में राजनीति करता है। यह राजनीति का विषय नहीं है। हम सबको मिलकर आगे बढ़ना होगा। उनके भाषण के दौरान भी विपक्षी सांसद नारेबाजी करते रहे। युवा संसद के जरिये छात्रों में संसदीय कार्यप्रणाली, तक-वितर्क की क्षमता, नेतृत्व को विकसित करना है।

इस मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा सहित लविवि की कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, एकेटीयू के वित्त अधिकारी केशव सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया, जनभवन के अनुभाग अधिकारी कमल यादव, चिकित्साधिकारी अमिता वर्मा सहित अन्य शिक्षक, अधिकारी एवं छात्र उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन एकेटीयू की कुलसचिव रीना सिंह ने दिया जबकि संचालन उप परीक्षा नियंत्रक नेहा श्रीवास्तव ने किया।

बलरामपुर अस्पताल में लगा एड्स जागरूकता शिविर

लखनऊ। राजधानी स्थित बलरामपुर चिकित्सालय में सघन एचआईवी एड्स जागरूकता निःशुल्क शिविर लगाया गया। बुधवार को राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सालय परिसर में जन-जागरूकता अभियान के शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में एचआईवी एड्स के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 12 अगस्त अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस से 12 अक्टूबर तक विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही चिन्हित महाविद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों में एचआईवी, एड्स से संबंधित विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा, एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के साथ-साथ प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को भी एचआईवी, एड्स के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक किया जाएगा। जिला एड्स नियंत्रण सह जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एके सिंघल ने बताया कि जनपद में संचालित आईसीटीसी, संपूर्ण सुरक्षा क्लिनिक, डीएसआरसी एवं एआरटी इकाइयों के माध्यम से एचआईवी एड्स की जांच, परामर्श एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम के दौरान जादू के शो के माध्यम से आम जनमानस को एचआईवी एड्स के कारणों, बचाव एवं रोकथाम के संबंध में रोचक एवं प्रभावी तरीके से जागरूक किया गया।

प्रदेश के आईटी पारितंत्र को सुदृढ़ करने में कंपनी की भूमिका को सराहा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बुधवार को इनमोबी के लखनऊ कार्यालय में कंपनी के साथ संस्थागत संवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। कंपनी की ग्लोबल एसवीपी डॉ. सुबी चतुर्वेदी द्वारा कराये गये निर्देशित भ्रमण के दौरान उन्होंने केंद्र की अवसंरचना एवं कार्यप्रणाली को देखा। भ्रमण के बाद डॉ. चतुर्वेदी की मेजबानी में उन्होंने उत्तर प्रदेश से वैश्विक बाजारों के लिए उत्पाद तैयार कर रहे 100 से अधिक अभियंताओं, उत्पाद विशेषज्ञों एवं प्रौद्योगिकी पेशेवरों से संवाद किया। इनमोबी की टीम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने कहा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीक क्षेत्र उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास की रूपरेखा के केंद्र में हैं तथा 'एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' के लक्ष्य की प्राप्ति में इनकी भूमिका निर्णायक है। देश की पहली यूनिकॉर्न कंपनी इनमोबी की उत्तर प्रदेश में उपस्थिति प्रदेश को एक उभरते हुए सूचना प्रौद्योगिकी अग्रणी के रूप में और अधिक सुदृढ़ करती है। उन्होंने निरंतर सीखने, पुर्नकौशल एवं कौशल उन्नयन की आवश्यकता पर भी बल दिया। इनमोबी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मुख्य कॉर्पोरेट मामले तथा लोक नीति अधिकारी डॉ. सुबी चतुर्वेदी ने कहा, आलोक कुमार के मार्गदर्शन में सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' मिशन को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभायी है। उन्होंने नवीन तिवारी के प्रदेश के प्रति गहरे लगाव एवं उनके नेतृत्व को रेखांकित करते हुए स्थानीय प्रतिभा के विकास, सुदृढ़ संकाय एवं छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम की स्थापना तथा विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रासंगिक समस्याओं के समाधान के लिए 'यूज केस' विकसित करने के प्रति इनमोबी की प्रतिबद्धता दोहराई।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

पुलिस पदोन्नति परीक्षा में 176 अभ्यर्थियों का पूरा परिणाम हाईकोर्ट ने किया तलब

● परीक्षा में बड़े पैमाने पर नकल और अनियमितता का लगाया गया है आरोप

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से हेड कांस्टेबल (मोटर ट्रांसपोर्ट) पद पर पदोन्नति के लिए हुई विभागीय परीक्षा में शामिल 176 अभ्यर्थियों का पूरा परिणाम तलब किया है। कोर्ट ने चयनित अभ्यर्थियों का सिटिंग प्लान भी पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने यह आदेश कांस्टेबल-ड्राइवर शिव बाबू मिश्रा और छह अन्य की याचिका पर दिया। याचिका में पांच अक्टूबर 2025 को कांस्टेबल ड्राइवर से हेड कांस्टेबल मोटर ट्रांसपोर्ट पद पर पदोन्नति के लिए आयोजित विभागीय परीक्षा को चुनौती दी गई है। साथ ही प्रैक्टिकल / टेक्निकल एफिशिएंसी टेस्ट के लिए अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग समेत सभी परिणामी कार्रवाई को भी चुनौती दी गयी है। याचिओं ने परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नकल और अनियमितता का आरोप लगाते हुए पूरी परीक्षा निरस्त कराकर कड़ी निगरानी और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दोबारा परीक्षा कराने की मांग की है। याचियों का कहना है कि कथित अनियमितताओं से पूरी परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता प्रभावित हुई है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान याचिओं की ओर से कोर्ट को बताया कि 176 अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित कर दिया गया है, लेकिन इसे बोर्ड की वेबसाइट पर सार्वजनिक नहीं किया गया है। वहीं पूर्व निर्देश के अनुपालन में पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अपर पुलिस अधीक्षक मोहिनी पाठक कोर्ट में उपस्थित थीं। उन्होंने स्वीकार किया कि परिणाम घोषित किया जा चुका है, लेकिन वेबसाइट पर पूरा परिणाम उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी अपना व्यक्तिगत परिणाम देख सकता है, लेकिन सभी अभ्यर्थियों का पूरा परिणाम एक साथ नहीं देखा जा सकता। इस पर कोर्ट ने पूरा परीक्षा परिणाम तलब कर लिया। पिछली सुनवाई में बोर्ड ने कोर्ट को बताया था कि परीक्षा के दौरान केवल दो अभ्यर्थी मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते पाए गए थे और अन्य किसी अभ्यर्थी के पास कोई अनधिकृत उपकरण नहीं मिला था। हालांकि, कोर्ट के निर्देश पर कराई गई जांच में तस्वीर अलग सामने आई। 22 जुलाई को अपर पुलिस अधीक्षक मोहिनी पाठक ने कोर्ट को बताया था कि 115 अभ्यर्थियों को परीक्षा में नकल और अन्य अनियमितताओं में शामिल पाया गया और उन्हें डिबार कर दिया गया है। मामले में गंभीर रूख अपनाते हुए कोर्ट ने परीक्षा के सभी आठ ब्लॉकों की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया था। 10 अगस्त को संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड कोर्ट के समक्ष पेश किए गए, जिन्हें कोर्ट ने अपने कब्जे में ले लिया। कोर्ट ने कहा कि मामले के उचित निस्तारण के लिए परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग और उसमें उपलब्ध तस्वीरों का परीक्षण किया जाएगा।

हाईकोर्ट यूपी विधानसभा के प्रमुख सचिव की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर आज करेगी सुनवाई

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ गुरुवार को 68 वर्षीय प्रदीप कुमार दुबे की उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव के रूप में नियुक्ति और उनके पद पर निरंतर बने रहने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर सकती है। यह मामला न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति अभदेश कुमार चौधरी की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध है। यह याचिका विधानसभा के पूर्व सूचना अधिकारी कर्मेश प्रताप सिंह ने अधिवक्ताओं डॉ. चेत नारायण सिंह और बलकेश्वर श्रीवास्तव के माध्यम से दायर की है। प्रदीप कुमार दुबे को इस मामले में प्रतिवादी बनाया गया है। यह मामला पहले 5 जून को सूचीबद्ध हुआ था, जब अदालत ने राज्य सरकार और विधानसभा सचिवालय को अगली सुनवाई 6 जुलाई से पहले अपना संक्षिप्त या विस्तृत जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके बाद यह 6 जुलाई, 16 जुलाई, 24 जुलाई और 3 अगस्त को सूचीबद्ध हुआ, लेकिन समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इसे गुरुवार के लिए सूचीबद्ध किया गया है। 5 जून की सुनवाई के दौरान विधानसभा सचिवालय और अध्यक्ष की ओर से पेश अधिवक्ता अभिनव त्रिवेदी ने याचिका की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई थी। उन्होंने कहा था कि दुबे उस प्रकार के सार्वजनिक पद पर नहीं हैं, जिस पर क्वो वारंटो रिट जारी की जा सके, और वे संप्रभु कार्यों का निर्वहन भी नहीं करते। उन्होंने संक्षिप्त जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता, जो नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से पेश हुए, ने तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि दुबे बिना वैध अधिकार के पद पर बने हुए हैं और शक्तियों का प्रयोग कर रहे हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 2009 में दुबे की नियुक्ति और उसके बाद उनका पद पर बने रहना वैधानिक नियमों और संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि विधानसभा सचिवालय (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 1974 के अनुसार संबंधित पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 52 वर्ष निर्धारित थी, जबकि दुबे उस समय पहले ही इस आयु सीमा को पार कर चुके थे। याचिका के अनुसार, दुबे ने 13 जनवरी 2009 को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी और उसी दिन उन्हें संसदीय कार्य विभाग में प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया था। छह दिन बाद उन्हें विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया। याचिकाकर्ता ने विज्ञापन और प्रतिस्पर्धी चयन प्रक्रिया के अभाव, लोक सेवा आयोग से परामर्श न किए जाने, बाद में नियमों में संशोधन और विस्तार, तथा 65 वर्ष की आयु के बाद भी दुबे के पद पर बने रहने पर भी सवाल उठाए हैं। याचिका में क्वो वारंटो रिट जारी करने की मांग की गई है, जिसमें उनसे यह बताने को कहा जाए कि वे किस अधिकार के तहत इस पद पर बने हुए हैं।

लंबी हिरासत और धीमी सुनवाई पर पीएफआई के दो कथित सदस्यों को हाईकोर्ट से जमानत

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के दो कथित सदस्यों को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक हिरासत में रखने और मुकदमे की धीमी गति से सुनवाई के चलते आरोपितों के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत शीघ्र सुनवाई के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की खंडपीठ ने अंसद बदरुद्दीन और फिरोज खान की आपराधिक अपील पर यह आदेश दिया। दोनों 17 फरवरी 2021 से जेल में बंद थे। कोर्ट ने कहा कि मुकदमे को जल्द पूरा करने के लिए दो बार स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद 18 अभियोजन गवाहों में से केवल पांच से जिरह पूरी हो सकी है। ऐसे में निकट भविष्य में मुकदमा पूरा होने की कोई संभावना नजर नहीं आती। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन गवाहों की गवाही के लिए 95 तारीखें तय की गईं। इनमें 11 गवाहों की मुख्य परीक्षा पूरी हुई, जबकि केवल पांच गवाहों से जिरह हो सकी। पीठ ने यह भी गौर किया कि मामले के प्रमुख गवाह की मुख्य परीक्षा हो चुकी है और उसकी जिरह 35 पन्नों तक पहुंचने के बावजूद पूरी नहीं हो सकी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गवाही कराने समेत कई अवसर दिए जाने के बाद भी जिरह अधूरी रही। अभियोजन की ओर से गवाहों की गवाही पूरी कराने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने पर कोर्ट ने हैरानी जताई। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन की इस निष्क्रियता का अप्रत्यक्ष लाभ आरोपितों को मिल रहा है, जबकि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 43-डी(5) में जमानत के लिए कड़े प्रावधान हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यूएपीए के मामलों में भी यदि लंबे समय तक हिरासत, मुकदमे की धीमी प्रगति और निकट भविष्य में सुनवाई पूरी होने की उचित संभावना न हो तो आरोपित को अनुच्छेद 21 के तहत शीघ्र सुनवाई के अधिकार का लाभ दिया जा सकता है। पीठ ने विशेष एनआईए अदालत के 14 मई 2024 के आदेश को निरस्त करते हुए दोनों अपीलकर्ताओं को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। हालांकि, उन पर हर पखवाड़े एटीएस के समक्ष हाजिरी लगाने, अनावश्यक स्थगन न लेने और मुकदमे की महत्वपूर्ण तारीखों पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने समेत अन्य शर्तें लगाई गई हैं।

16 साल से संविदा पर कार्यरत शिक्षिका का अनुबंध न बढ़ाने पर हाईकोर्ट ने उठाये सवाल

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 16 वर्षों से संविदा पर कार्यरत एक शिक्षिका की सेवा का अनुबंध आगे न बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और लंबे समय तक सेवा देने के बाद किसी शिक्षिका को इस तरह अपने हाल पर नहीं छोड़ा जा सकता। कोर्ट ने 15 वर्ष से अधिक समय से संविदा पर कार्यरत शिक्षकों के नियमितीकरण के मुद्दे को भी व्यापक महत्व का बताया। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि 15 वर्ष से अधिक समय से संविदा पर कार्यरत शिक्षकों के नियमितीकरण के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया है कि याची को अगली सुनवाई तक संविदा के आधार पर अपने पद पर कार्य करते रहने दिया जाये। कोर्ट अमेठी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका अर्चना बूध की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याची 16 जनवरी 2010 से विद्यालय में कार्यरत थी और उसका अनुबंध समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा था। हालांकि, 16 जून 2026 के आदेश से उनका अनुबंध न बढ़ाने का निर्णय लिया गया। याची की ओर से कहा गया कि 16 वर्ष की सेवा के बावजूद नियमितीकरण पर विचार करने के बजाय उनका अनुबंध समाप्त किया जा रहा है। करीब 39 वर्ष की उम्र में उनके लिए नए सिरे से विद्यालय में आवेदन करने की पात्रता भी प्रभावित हो सकती है, जिससे उनकी आजीविका का संकट पैदा होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने आया कि विद्यार्थियों से जुड़े अनुशासन संबंधी मामलों के कारण तीन शिक्षकों का अलग-अलग विद्यालयों में स्थानांतरण किया गया था। हालांकि, याची के खिलाफ कोई व्यक्तिगत आरोप नहीं था। न्यायमूर्ति भाटिया ने कहा कि 16 वर्षों की सेवा के बाद शिक्षिका को अपने हाल पर छोड़ने का मामला विचार योग्य है। कोर्ट ने विपक्षी पक्षों को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 8 सितंबर को तय की है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि हलफनामा दाखिल करने के लिए आगे कोई समय नहीं दिया जाएगा।

मजदूर इलाज के दौरान मौत

लखनऊ। सुशांत गोल सिटी इलाके में मजदूरी करने आए एक मजदूर मंगलवार की शाम सहित पद पर घायल अवस्था में पड़ा मिला सूचना पत्र मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजो जहां कैलाश के दौरान बुधवार को मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में देकर सिंह के बाद पोस्टमार्टम को भेजा दिया। सुशांत गोल्फ सिटी में लखीमपुर खीरी के हरैया गांव के रहने वाले दीपक कुमार अवस्थी (31) के ममेरे भाई अमन मिश्रा ने बताया कि उनका भाई दीपक मंगलवार की सुबह लखनऊ मजदूरी के लिए सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में आए थे। रात में सुशांत गोल्फ सिटी स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास वह गंभीर रूप से घायल हालत में पड़े मिले। उन्हें पुलिस द्वारा इलाज के ट्रामा सेंटर ले जाया गया। वही जाच पड़ताल कर घर वालों को घटना की सूचना दी गई। बुधवार शाम 4 बजे घर वाले जब ट्रामा सेंटर पहुंचे तो पता लगा दीपक की मौत हो चुकी थी परिवार में तीन भाइयों में वह बड़े थे। पिता प्रमोद कुमार की 1 साल पहले सड़क हादसे में मौत हो चुकी है मां किरन है। भाई ने मामले में मौके पर अगर सीसीटीवी से घटना की जांच की मांग की है।

दहेज के लिए मारने की धमकी का लगाया आरोप

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के नीवां में रहने वाली विवाहिता शिखा चौरसिया ने उन्नाव जिले के पुरवा थाना अंतर्गत जोरावरगंज निवासी पति शुभम चौरसिया, ससुर विनोद चौरसिया, देवर व सास पर दहेज को लेकर प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिखा के मुताबिक उसका विवाह 9 अक्टूबर 2024 को आर्य समाज में शुभम चौरसिया के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति और ससुराल के लोग दहेज को लेकर उसे परेशान करने लगे। पीड़िता का कहना है कि उसने इस संबंध में 25 नवंबर 2025 को बंथरा थाने में शिकायत की थी। लेकिन आरोप है कि इसके बावजूद उसे राहत नहीं मिली। पीड़िता का कहना है कि बाद में जब उसने पति, सास-ससुर और देवर से प्रताड़ना बंद करने की बात कही तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। तब पीड़िता ने हजरतगंज स्थित महिला थाने में इसकी शिकायत की। महिला थाने में शिकायत करने के बाद बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुकान का काउंटर व सामान चोरी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के जान्हवी इन्क्लेव चौराहे पर लगने वाला एक फूड काउंटर चोरी हो गया। पीड़ित योगेश मिश्रा निवासी धर्मावत खेड़ा मोहनलालगंज ने बताया कि पंडित जी दाल फरे के नाम से उनका रेड और यलो रंग का काउंटर रोज लगता था। जिसमे कुर्सी, मेज, 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर और अन्य सामान सहित पूरा काउंटर था जिसे 10 अगस्त को रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। जिसकी शिकायत उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने अभी तक मुकदमा नही दर्ज किया है।

महिला ने एआई फोटो बनाकर वायरल करने का लगाया आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अज्ञात व्यक्ति पर उसकी अकसे तैयार की गई कूटरचित और आपत्तिजनक फोटो बनाकर व्हाट्सऐप के जरिए वायरल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस मामले को लेकर साइबर सेल में शिकायत करने के साथ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता एक प्रतिष्ठित राजनीतिक व्यक्ति की पत्नी है। उसके मुताबिक 27 जुलाई 2026 को अज्ञात व्हाट्सऐप नंबर से उसकी अकद्वारा बनाई गई कूटरचित और आपत्तिजनक फोटो वायरल की गई। पीड़ित महिला का कहना है कि फोटो वायरल होने से उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हुई और वह मानसिक रूप से परेशान है। उसका कहना है कि उसने मामले की शिकायत हजरतगंज स्थित साइबर क्राइम थाने में की। जहाँ से जांच रिपोर्ट ई-मेल के माध्यम से सरोजनीनगर थाने को भेजी जा चुकी है। फिलहाल पीड़िता की तहरीर के आधार पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से फोटो वायरल करने वाले आरोपी की पहचान करने के साथ अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

अमेठी पावर हाउस के 60 से अधिक गांवों के उपभोक्ता परेशान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अमेठी पावर हाउस से पोषित करीब 60 से अधिक गांवों के साथ नगर पंचायत की विद्युत व्यवस्था पिछले दो माह से अधिक समय से बदहाल है। आए दिन घंटों बिजली गुल रहने से क्षेत्र में उमस भरी गर्मी में लोग परेशान है।

भीषण गर्मी में बिजली कटौती से करीब 9 से 10 हजार छोटे-बड़े उपभोक्ताओं के साथ ही दो लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक अमेठी उपकेंद्र को 33 केवी की विद्युत लाइन हैदरगढ़ क्षेत्र से करीब 30 किलोमीटर दूर से मिल रही है। जबकि अमेठी से गोसाईगंज की दूरी महज करीब पांच किलोमीटर है। ऐसे में यदि नजदीकी क्षेत्र से 33 केवी लाइन की व्यवस्था की जाए तो विद्युत आपूर्ति को काफी हद तक बेहतर किया जा सकता है।

15 कर्मचारियों की जगह अब महज छह: बिजली संकट की एक बड़ी वजह पावर हाउस पर कर्मचारियों की कमी भी बताई जा रही है।

स्थानीय जानकारी के अनुसार पहले अमेठी पावर हाउस पर करीब 15 कर्मचारियों का स्टाफ था, जो अब घटकर महज छह कर्मचारियों तक रह गया है। पूरे क्षेत्र की जिम्मेदारी फिलहाल एक जेई के सहारे चल रही है। कर्मचारियों की कमी के कारण फाल्ट और तकनीकी समस्याओं को समय पर दूर करने में भी परेशानी हो रही है।

नई 33 केवी लाइन का प्रस्ताव: विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों का कहना है कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए नई 33 केवी लाइन का प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि प्रस्ताव कब तक स्वीकृत होकर धरातल पर उतरेगा और क्षेत्रवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति कब मिल पाएगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। स्थानीय उपभोक्ताओं ने विभाग के उच्चाधिकारियों से जल्द से जल्द नई लाइन का निर्माण कराने और अमेठी पावर हाउस पर पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की मांग की है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार अधेड़ गंभीर घायल

लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे घायलावस्था में सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक आलमबाग निवासी शैलेंद्र अग्निहोत्री (49) मंगलवार रात करीब 12 बजे कानपुर से बाइक से अपने घर आ रहे थे। तभी बंथरा स्थित कानपुर रोड पर एपेक्स अस्पताल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। जिससे शैलेंद्र बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। बाद में सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शैलेंद्र को गंभीर हालत में सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

दोस्तों के साथ निकले युवक का गोमती में मिला शव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ में गोमती नदी में 25 वर्षीय युवक का शव मिला। शव 10 अगस्त को रिंग रोड ब्रिज के पास पानी में उतराता मिला था। मृतक की पहचान सैरपुर के वीरमपुर गांव निवासी राज के रूप में हुई है। राज शनिवार शाम तीन दोस्तों के साथ घर से निकला था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं था। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के पिता कुंज बिहारी का आरोप है कि अजीत, विवेक और हंसराज ने पहले राज को शराब पिलाई। इसके बाद कई लोगों के साथ मिलकर उसकी पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने मामले की जांच कराने की मांग की है। पिता का कहना है कि वह आरोपियों के खिलाफ पुलिस में तहरीर देंगे।

मृतक के चचेरे भाई बलवंत ने बताया कि राज शनिवार शाम करीब 6:30 बजे घर से निकला था। रात 8:12 बजे बलवंत ने उसे फोन किया। राज ने बताया कि वह किसान पथ हाईवे पर हंसराज, अजीत और विवेक के साथ है। इसके कुछ देर बाद उसका फोन बंद हो गया और परिवार से संपर्क टूट गया। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। सोमवार को माल इलाके में गोमती नदी में राज का शव मिला।

पिता बोले- पिटाई करके हत्या की गई: मृतक के पिता कुंज बिहारी ने बताया कि शनिवार को विवेक उनके बेटे राज निषाद को घर से बुलाकर ले गया था। जब उन्होंने विवेक को फोन कर राज के बारे में पूछा तो उसने बताया कि अजीत ने राज को बुलाया था। पिता का आरोप है कि अजीत, विवेक और हंसराज ने पहले राज को शराब पिलाई और फिर कई लोगों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि आज करीब 3 बजे सैरपुर पुलिस ने उन्हें राज का शव मिलने की जानकारी दी। इसके बाद वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट: राज का पता न चलने पर परिजनों ने सैरपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को माल इलाके में गोमती नदी के रिंग रोड ब्रिज के पास एक युवक का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों ने शव की शिनाख्त राज के रूप में की। परिजनों ने राज की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से गहन जांच की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में राज के उन तीन दोस्तों को हिरासत में लिया है, जिनके साथ वह आखिरी बार देखा गया था। उनसे पूछताछ जारी है।

मत्स्य पालन निदेशक समेत चार अधिकारी निलम्बित

लखनऊ। मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद के निर्देश पर मत्स्य पालन निदेशक एनएस रहमानी को 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' (पीएमएमएसवाई) को लागू करने में कथित लापरवाही के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। उनके साथ ही, वाराणसी जिले में पीएमएमएस को लागू करने में कथित लापरवाही और अनियमितताओं के सिलसिले में मत्स्य पालन अधिकारी श्वेता सिंह, आकाश दीप, राजेंद्र और खुर्शीद आलम को भी सस्पेंड किया गया है।

मत्स्य पालन मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि शुरूआती जांच की रिपोर्ट और नतीजों के अनुसार, कथित लापरवाही और अनियमितताओं में अन्य मत्स्य पालन अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। मंत्री ने बताया कि इस मामले में अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी जांच चल रही है। जांच के नतीजों के आधार पर, लापरवाही, अनियमितताओं या किसी अन्य गलत काम के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब तक की गई कार्रवाई शुरूआती जांच के नतीजों पर आधारित है। मंत्री ने साफ किया कि विस्तृत जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने वाले सभी अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा और नियमों के अनुसार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गलत काम का दोषी पाये जाने पर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि जिम्मेदार पाए जाने वाले हर व्यक्ति को जवाबदेह ठहराया जाए और कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए।

लोला के पति के बारे मे मिली जानकारी, खुल सकते है कई राज

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस ने पड़ताल की तो डॉ. विवेक गुप्ता और लोला के कथित पति भरत प्रताप के बारे में जानकारी मिली। पता चला कि डॉ. विवेक गुप्ता विदेश से आई महिलाओं की प्लास्टिक सर्जरी कर उन्हें भारतीय महिलाओं जैसा रंग रूप देता था। दरोगा महेश कुमार सिंह ने डॉ. विवेक और लोला के कथित भरत प्रताप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से लोला की तलाश थी। मंगलवार को आईबी ने लोला को पकड़कर सुशांत गोल्फ सिटी थाने के सुपुर्द कर दिया। वहीं डॉ. विवेक गुप्ता का कहना है कि उन्हीं के इनपुट पर पुलिस ने आरोपी महिला लोला को गिरफ्तार किया है। एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव ने बताया कि उजबेकिस्तान की महिला लोला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की पड़ताल में पता चला है कि लोला के खिलाफ उजबेकिस्तान में भी लुकआउट नोटिस जारी हुआ था। तफ्तीश में पता चला उसने चोरी छिपे लखनऊ में भरत प्रताप के साथ शादी कर ली। इसके बाद अवैध रूप से यहां रहने लगी। वह उजबेकिस्तान और नेपाल के गैंग से संपर्क में थी। वहां से लड़कियों को बुलाकर यहां अवैध रूप से रखती थी।

पीजीआई में शोध के लिए 20 करोड़ रुपये का मिला फंड

लखनऊ। पीजीआई ने रिसर्च में बेहतरीन काम करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारतीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थानों की ग्लोबल रैंकिंग को बेहतर बनाने के मकसद से, टॉप 10 एनआईआरएफ रैंक वाले मेडिकल संस्थानों के लिए आईसीएमआर की 'रिस्ट्रिक्टेड कॉल फॉर प्रपोजल्स' के तहत, संस्थान के पाँच रिसर्च प्रपोजल को कुल लगभग 11.2 करोड़ रुपये की फंडिंग के लिए चुना गया है। संस्थान ने इंटरमीडिएट कैटेगरी में तीन प्रोजेक्ट्स के लिए भी आईसीएमआर से फंडिंग हासिल की है, जिससे अतिरिक्त 8.46 करोड़ रुपये की रिसर्च फंडिंग मिली है। इस तरह, संस्थान ने इस साल अगस्त तक के लिए लगभग 20 करोड़ रुपये की आईसीएमआर फंडिंग हासिल कर ली है। संस्थान के निदेशक प्रो. राधा कृष्ण धीमन ने कहा कि मजबूत रिसर्च इकोसिस्टम, कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता और इनोवेटिव व ट्रांसलेशनल रिसर्च के जरिए स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी अहम और नई चुनौतियों का समाधान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह संस्थान की स्थिति को और मजबूत करता है, जो हाई-क्वालिटी, क्लिनिकली प्रासंगिक और ट्रांसलेशनल बायोमेडिकल रिसर्च के लिए एक प्रमुख केंद्र है, और जिसका फोकस वैज्ञानिक खोजों को मरीजों की देखभाल में सार्थक बदलावों में बदलने पर है। संस्थान के डीन प्रो. शालीन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी कॉल में आठ प्रपोजल का चुना जाना संस्थान की फैकल्टी की वैज्ञानिक क्षमताओं और संस्थान द्वारा तैयार किए गए सहायक रिसर्च माहौल की एक बड़ी पहचान है। रिसर्च के लिए फैकल्टी इंचार्ज प्रो. विनीता अग्रवाल ने बताया कि संस्थान को एनआरआईएफ कॉल के लिए फैकल्टी से 81 प्रपोजल मिले, जिनमें से 22 को रिसर्च कमेटी ने आईसीएमआर को भेजने के लिए चुना।

विद्युत उपभोक्ता शिविर में समस्या का तत्काल समाधान नही, हफ्तों दौड़ा रहे है अधिकारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में चल रहे विद्युत उपभोक्ता शिविर में बिजली से जुड़े कार्य का मौके पर समाधान नही हो रहा है। उपभोक्ता से शिकायत दर्ज कराया जा रहा है लेकिन तत्काल समधान नही किया जा रहा है। मध्यांचल के सेन्ट्रल जोन का शिकायत रजिस्टर बता रहा है कि शिकायत तो सौ से अधिक आयी लेकिन उसमें 50 प्रतिशत शिकायत का समाधान अगले दिन करने के लिए टाल दिया गया। और फिर वह दूसरी बार लगने वाले शिविर में फिर से आ जाता है। प्रदेश भर में चलाए जा रहे विशेष विद्युत उपभोक्ता शिविरों में बीते 11 दिनों में 42,674 शिकायतों का समाधान किया गया। शिविर एक अगस्त से लगाए जा रहे हैं। पावर कॉरपोरेशन से मिली जानकारी के मुताबिक 1 अगस्त से 11 अगस्त के बीच प्रदेशभर में 5,065 शिविर लगाए गए, जिनमें 50,995 उपभोक्ताओं ने पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। इस दौरान मिली 47,757 शिकायतों में से 42,672 शिकायतों का निपटारा करवाया गया। ये शिविर 31 अगस्त तक चलाए जाएंगे। बिजली बिल संशोधनों के लिए आई शिकायतों की जांच की गई, जिसमें बड़ी संख्या में बिल सही पाए गए। जो गलत पाए गए हैं, उन्हें ठीक करने की प्रक्रिया पूरी की गई।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री देविका का जन्म दिनांक 01/03/2022 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सकी। देविका मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना जनहित में आवश्यक है जिसे निर्गत किया जाए। किसी को आपत्ति को दर्ज करवा सकता है। नीतू पत्नी कमल सिंह निवासी ग्राम हसनपुर भेदपुर विकासखंड हसवा तहसील व जिला फतेहपुर। मो. नं. 9621 19 26 19

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र–1

टेण्डर नोटिस सं. 84-EnHM-CAMC-HAHW-03-IQN, समाप्ति दिनांक 27.08.2026

क्र.सं.	विवरण	वर्तमान	इसे पढ़ा जाए
1.	टेण्डर टाइटल	कम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेण्टेनेंस काण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इन्सटाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स विथ ओईएम/देयर आथराइज्ड डीलर ऑन सिंगल टेण्डर बेसिस।	कम्प्रिहेंसिव एनुअल मेण्टेनेंस कॉण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इंस्टाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स।
2.	टेण्डर डिस्क्रिप्शन	कम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेण्टेनेंस काण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इन्सटाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स विथ ओईएम/देयर आथराइज्ड डीलर ऑन सिंगल टेण्डर बेसिस।	कम्प्रिहेंसिव एनुअल मेण्टेनेंस कॉण्ट्रेक्ट (सीएएमसी) ऑफ 03 नं., IQNET सिस्टम मेक HAHW सिस्टम्स इंस्टाल्ड नियर, ARP, BLG एवं BDKN स्टेशन ओर लखनऊ डिवीजन फॉर ए पीरियड ऑफ थ्री ईयर्स।

2792/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में लगी भक्तों की कतार, खूब लगे जयकारे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सावन माह के दूसरे बुधवार को मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर में बाबा के दर्शन के लिए देर रात से ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई थी। भोर में तीन बजे मंदिर के कपाट खुल गए। सुबह चार बजे महाआरती के बाद मंदिर के गर्भ गृह के दर्शन प्रारंभ हुए। मंदिर परिसर बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। शिव भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, कमल पुष्प, दूध, शहद, गंगाजल आदि से भोलेनाथ का अभिषेक कर बुद्धेश्वर महादेव के दर्शन किये। गर्मी भी भक्तों की आस्था को कम न कर सकी। गर्मी के बावजूद भक्तों ने आनंद में डूब कर बाबा के दर्शन किए। वहीं मंदिर परिसर में सपेरों का भी जमावड़ा लगा रहा।

मोहान रोड स्थित ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास के दूसरे बुधवार को भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। देर रात से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। महंत रामूपुरी के अनुसार, अधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर के कपाट रात में ही खोल दिए गए। भोर चार बजे महाआरती की गई। आरती के दौरान दर्शन रोक दिए गए थे। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, कमल पुष्प, दूध, दही, शहद और गंगाजल से जलाभिषेक किया। स्थानीय मान्यता है कि बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को किया गया जलाभिषेक सभी मनोकामनाएं पूरी करता है। मंदिर परिसर में विशाल मेला लगा। मेले में महिलाओं और बच्चों ने घरेलू सामान खरीदा। ग्रामीण क्षेत्र से आए विक्रेताओं ने चकला, बेलन, कढ़ाई, डलिया जैसे सामान बेचे। सावन विशेष हरी चूड़ियों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ रही। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई। हालांकि कुछ व्यवस्थागत समस्याएं भी देखी गईं। परिसर में कीचड़ होने से श्रद्धालुओं को परेशानी हुई। शौचालयों की साफ-सफाई की कमी से महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ा। फ्लाईओवर के नीचे और सड़क पर स्टॉल की अनियंत्रित स्थापना से भी यातायात प्रभावित रहा।

पूजारी ने किया विशेष अभिषेक : बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन के दूसरे बुधवार को आस्था का सैलाब उमड़ा। मंगलवार देर रात से भक्तों के आने का सिलसिला बुधवार रात 12 बजे तक चलता रहा। पूरा दिन बम-बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन किए। वहीं, दूध, दही, शहद गंगाजल, बेलपत्र, भांग, धतूरा, कमलपुष्प से महादेव का अभिषेक किया। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में भी खूब आनंद लिया।

मंदिर के कपाट देर रात खोल दिए: श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर प्रबंध समिति की अध्यक्ष व मंदिर की महन्त लीलापुरी ने बताया कि मंदिर के कपाट देर रात खोल दिए गए थे और भोर तीन बजे महाआरती हुई। महाआरती के समय भक्तों को दर्शन के लिए रोक दिया गया था। आरती होने के बाद फिर दर्शन शुरू हो गए। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में चार बुधवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने से सभी मनौतियां पूरी हो जाती हैं।

भक्तों ने मेले जमकर की खरीदारी: मंदिर परिसर और बाहर लगे मेला का दर्शन करने आए लोगों ने लुत्फ उठाया। सीताकुंड सरोवर परिसर में झूले व खानपान की दुकान सजी थी। मेले में जगह-जगह लगे फास्ट फूड व चाट के ठेलों पर लोगों ने विभिन्न पकवानों का स्वाद चखा। बच्चों ने तरह-तरह के झूलों का आनंद लिया।

गुब्बारे खरीदे। वहीं महिलाओं ने मेले से अपनी जरूरत के सामानों की जमकर खरीददारी भी की। बाबा बुद्धेश्वर के दर्शन और पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने मेले का भी जमकर आनंद लिया। बच्चों के लिए लगाए गए झूले आकर्षण का केंद्र रहे। महिलाओं की सिंगार सामग्री की दुकानों पर भीड़ नजर आई। मेले में लइया-पट्टी, नारियल, चाट-बताशे, बर्तन और रोजमर्रा के सामान की तमाम दुकानें सजी रहीं। मंदिर परिसर में जगह कम पड़ने पर दुकानदारों ने आलमनगर मुख्य मार्ग तक दुकानें सजा लीं। इससे पूरे इलाके में मेले जैसा माहौल नजर आया। परिवार के साथ पहुंचे लोगों ने खरीदारी के साथ झूलों और खानपान की दुकानों का भी आनंद लिया।

पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं 15 को रखेंगी हरियाली तीज व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सावन का महीना शुरू होते ही हरियाली तीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा को समर्पित माना जाता है। हरियाली तीज का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना से रखती हैं। वहीं कई अविवाहित लड़कियां भी अच्छे जीवनसाथी की इच्छा से यह व्रत करती हैं। उत्तर भारत के कई राज्यों में यह त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरियाली तीज सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट साथ का प्रतीक है। यही वजह है कि हर साल लाखों महिलाएं इस पर्व का इंतजार करती हैं और पूरे श्रद्धा भाव से इसे मनाती हैं। पंचांग के अनुसार हरियाली तीज सावन के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। साल 2026 में हरियाली तीज शनिवार, 15 अगस्त को है। इस दिन सुबह से ही मंदिरों में शिव और माता पार्वती की पूजा होती है। महिलाएं व्रत रखती हैं और पूरे विधि-विधान से पूजा करती हैं। पूजा का शुभ समय तृतीया तिथि में ही माना जाता है। इसलिए व्रत रखने वाले लोगों को अपने शहर के पंचांग के अनुसार पूजा का समय देख लेना चाहिए।

हरियाली तीज का महत्व: धार्मिक मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कई वर्षों तक कठोर तप किया था। उनकी तपस्या से खुश होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया। तभी से हरियाली तीज का व्रत पति-पत्नी के रिश्ते और अटूट प्रेम का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा से पूजा करने पर वैवाहिक जीवन में सुख बना रहता है। अविवाहित लड़कियां अच्छे वर की कामना से यह व्रत रखती हैं।

पूजा में किन चीजों की जरूरत होती है: हरियाली तीज की पूजा में भगवान शिव और माता पार्वती की तस्वीर या प्रतिमा, बेलपत्र, फूल, फल, मिठाई, हरी चूड़ियां, मेहंदी, सिंदूर और पूजा की दूसरी सामग्री रखी जाती है। पूजा के बाद शिव-पार्वती की आरती की जाती है और व्रत कथा सुनी जाती है।

इस दिन क्या करें: सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करें। अगर व्रत रख रहे हैं तो पूरे दिन मन को शांत रखें। जरूरतमंद लोगों को अपनी क्षमता के अनुसार दान देना भी शुभ माना जाता है। परिवार की सुख-शांति और खुशहाली की प्रार्थना करें।

क्या न करें: हरियाली तीज के दिन किसी से बहस या झगड़ा करने से बचें। पूजा में जल्दबाजी न करें। अगर व्रत रखा है तो नियमों का पालन करें। बिना वजह किसी का दिल न दुखाएं। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा और व्रत का शुभ फल मिलता है।

बेकरार करके हमें यू न जाइये...

- जीना इसी का नाम है में सुनाये पुराने गोल्डन गाने

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रंगयात्रा, लखनऊ द्वारा न अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संसथान में सायं काल संगीत का कार्यक्रम ₹जीना इसी का नाम है₹ प्रस्तुत किया गया। इस संगीत के कार्यकयं में 1970 तक के दशक के फिल्मी गाने गए गए जिनको पूर्व में हेमंत, के एल सहगल, मुकेश, रफी, प्रदीप, शमशाद बेगम, सुरैय्या, टुन टुन, आशा भोसले, मन्ना डे, किशोर कुमार और तलाक महमूद आदि गायको अपनी मधुर आवाज में गया गया था। आज के इस संगीत के कार्यक्रम में अहमदाबाद के शशांक भट्ट, कानपूर की अर्चना पांडेय, लखनऊ के अर्पित मिश्रा,शीलू श्रीवास्तव और नीरजा श्रीवास्तव ने अपनी आवाज में बेकरार करके हमें यू न जाइये, गम दिए, मै क्या जानू, दिल जलता है, किसीकी मुस्कराहट पे, पतली कमर है, दिल में छुपाके, सुहानी रात ढल चुकी अब तुम, पिंजरे के पंछी, आओ बच्चो तुम्हें, आनमेरी जान संडे के संडे, शोला जो भड़के, वन्दे मातरम, ये शमा शमा है, ऐ दिल मुझे, तेरे नैनो ने, बाबूजी धीरे चलना, बरसात में, हवा में उड़ता जाये, आईये मैहर बां, अखिया मिलके, सैया दिल में आना रे, ऐ दिल न होता बेचारा, नखरे वाली, है ऐ है निगाहें,मुड़ मुड़ के न देख, मिलते ही आँखें, छुप छुप के खड़े हो, अफसाना लिख रही हूँ आदि गांव को सुनकर दर्शको का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सभी कलाकारों को रंगयात्रा संस्था द्वारा शाल पहनकर सम्मान किया गया।

मातृशक्तियों ने सनातनी पीली साड़ी में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुवाई में श्रावणी हरियाली अमावस्या बुधवार 12 अगस्त 2025 को, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया।

धर्म और राष्ट्र एक दूसरे के पूरक हैं इसलिए वंदे मातरम्-तिरंगा यात्रा, इंदिरा नगर लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास स्थित शिव शक्ति शनिदेव मंदिर से आरंभ होकर नीलगिरी चौराहे तक भारत माता की जय और वंदे मातरम जयघोष के साथ निकाली गई। सपना गोयल के अनुसार वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत से राष्ट्र भक्ति की भावना जागृत होती है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में देशभक्ति, एकता और स्वाभिमान जगाने वाला सबसे बड़ा प्रेरणास्त्रोत बना था। वर्तमान समय में जब देश 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है, तब यह गीत नागरिकों में सामूहिक राष्ट्रीय कर्तव्य का भाव जागृत करता है। इसीलिए संसद ने 'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971' में संशोधन कर इसे राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान ही कानूनी और सांविधिक सुरक्षा प्रदान कर दी है। इसका स्वागत भी इस अवसर पर सपना गोयल की अगुआई में राष्ट्र गीत वंदे मातरम गाकर किया गया। विशिष्ट अतिथि पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता दिलीप श्रीवास्तव ने वंदेमातरम को भारतीय स्वाभिमान का प्रतीक बताया। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने इस अवसर पर बताया कि आगामी 16 अगस्त को हरियाली तीज सनातनी महिलाओं का महा पर्व चिनहट वीमार्ट के पास स्थित रजत डिग्री कॉलेज के सामने बने भव्य सनातन धाम लॉन परिसर में आयोजित किया जा रहा है। मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी के अंतर्गत आयोजित इस समारोह की भव्यता इसी से ज्ञात होती है कि केन्द्रीय आकर्षण जहां भगवान

शिव का महा दरबार होगा वहीं झूला उत्सव में हजारों मातृशक्तियां इसमें सावन का पावन झूला भी झूलेंगी। कर्मठ बहनों को हरियाली पर्व के प्रतीक के रूप में सनातनी हरा पटका भेंट किया जाएगा वहीं निःस्वार्थ भाव से बिना किसी अनुदान के समाज सेवा में लगी बहनों का सामाजिक अलंकरण भी किया जाएगा। तिरंगा यात्रा में सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुआई में मातृशक्तियों का 15 अगस्त के अवसर पर तिरंगा दुपट्टा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीना नौटियाल, रानी सिंह, विमला देवी, सुमन सिंह, लक्ष्मी सिंह, सभ्या पाण्डेय, सोनी यादव, ममता तिवारी, लिपिका, बेबी सिंह, ममता रावत, किरण रावत, दीक्षा, इंदु सिंह, रूबी सिंह, रीता पाण्डेय सहित अन्य ने उत्साह के साथ सहभागिता की। आगामी 29 अगस्त को वहां 15वां सामूहिक सुंदरकांड पाठ करवाए जाएगा। दूसरी ओर सेवा परमो धर्मः को बीज मंत्र मानते हुए दरिद्र नारायण की सेवा के भाव से जाड़ों में कम्बल वितरण और विभिन्न पावन अवसरों पर भंडारों का आयोजन भी किया जा रहा है।

गुरु के सान्निध्य से जीवन में ज्ञान, संस्कार का मार्ग प्रशस्त होता है

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उपाध्याय श्री वीहसंत सागर जी महाराज का 43वां अवतरण दिवस लघुधाम परिवार एवं समस्त लखनऊ जैन समाज द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर एटा, भिंड, ग्वालियर, कानपुर, आगरा, मैनपुरी सहित विभिन्न जनपदों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने पूज्य गुरुवर पर पुष्पवर्षा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने गुरु भक्ति के भावों का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सुधीर जैन (मैनपुरी) को पूज्य गुरुवर का चरण प्रक्षालन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आदिश जैन द्वारा शास्त्र दान किया गया। महिला मंडल, आगरा को पूज्य गुरुवर की आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शिवपुरी एमपी जैन समाज द्वारा पीछी दान, कमंडल दान सुजीत कुमार जैन तथा संजीव जैन बच्चू को पूज्य गुरुवर पर पुष्पवर्षा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इन सभी धार्मिक अनुष्ठानों में उपस्थित श्रद्धालुओं ने अत्यंत उत्साह एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई। अपने मंगल प्रवचन में पूज्य उपाध्याय श्री वीहसंत सागर जी महाराज ने कहा कि उनका जन्मदिवस केवल उत्सव का अवसर न होकर समाज के लिए परोपकार, सेवा एवं जनकल्याण की प्रेरणा का दिवस बने, यही उनकी भावना है। उन्होंने सभी के सुख, शांति एवं कल्याण की मंगलकामना करते हुए धर्म, संयम, सदाचार एवं सेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष चंद्रप्रकाश जैन के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। उन्होंने गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि गुरु के सान्निध्य से जीवन में ज्ञान, संस्कार एवं आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। गुरु ही समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने पूज्य गुरुवर के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की मंगलकामना की। कार्यक्रम में भजन, गुरु वंदना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल जैन, अखिलेश जैन, अजय जैन, मनोज जैन, शरद जैन, आदेश जैन, वीर कुमारजैन, सिद्धार्थ जैन, कैलाशचंद्र जैन, रितेश जैन, संजीव जैन सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

21 सौ महिलाएं 16 को बनायेंगी गिनीज विश्व रिकॉर्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सावन की फुहारों और उल्लास के रंगों में राजधानी लखनऊ 16 अगस्त को विश्व पटल पर अपनी एक नई पहचान बनाएगा। सावन माह के पावन अवसर पर 21 सौ महिलाएं एक साथ हरियाली तीज के गीतों पर थिरककर हरियाला विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करेंगी।

यह भव्य आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित अटल प्रेक्षागृह में होगा, जिसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देगी। इस ऐतिहासिक पल की गवाही देने के लिए अंतरराष्ट्रीय गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की प्रतिनिधि प्रीति सिंह भी विशेष रूप से लखनऊ पहुंच रही हैं। आयोजन की पूरी जिम्मेदारी संभाल रही संस्था शिवी शिल्पग्राम की अध्यक्ष और मुख्यमंत्री व राज्यपाल से पुरस्कृत महिला उद्यमी पुनीता भटनागर ने पत्रकारों को घर घर हरियाली कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सावन का महीना हमारी सनातन संस्कृति का उत्सव और उल्लास भरे त्योहारों का महीना है। शिव पूजन के साथ-साथ हरियाली तीज, कजरी और झूले का उल्लास इस महीने की परम्परागत पहचान है। इसी परंपरा को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से यह अनूठा आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता प्रसिद्ध लोक गायिका रीना

टण्डन का लाइव प्रस्तुतीकरण होगा। रीना टण्डन अपनी मधुर आवाज में कजरी, सावन और लोकगीतों से पूरे माहौल को उल्लासमय बना देंगी। उनके गीतों पर महिलाएं थिरकती हुई एक साथ विश्व रिकॉर्ड की ओर कदम बढ़ाएंगी। गायिका रीना टण्डन ने बताया कि आयोजन के दिन 16 अगस्त को दिन में 21 सौ महिलाएं एक जैसे हरे परिधान, चूड़ियों और मेहंदी से सज-धजकर सावन के गीतों पर सामूहिक प्रस्तुति देंगी।

हरे-भरे माहौल, पारंपरिक झूलों और लोक धुनों के बीच यह नजारा बेहद मनोहारी होगा। पुनीता भटनागर ने कहा, हमारा प्रयास है कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए और महिलाओं की एकजुटता व शक्ति को दुनिया के सामने लाया जाए। जब 21 सौ महिलाएं एक सुर, एक लय और एक रंग में होंगी तो यह सिर्फ रिकॉर्ड नहीं, बल्कि नारी शक्ति का प्रतीक बनेगा।

मेरा किरदार परंपराओं को महत्व देता है : उषा बचानी

लखनऊ। सोनी सब का शो 'यादें' कॉमेडी और दिलचस्प मेडिकल मामलों के अनोखे मेल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है. जहाँ बदलते रिश्तों और अप्रत्याशित मोड़ों के साथ डॉ. देव मेहता (इकबाल खान) की ज़िंदगी और उलझती जा रही है, वहीं कहानी में एक नया किरदार जुड़ने जा रहा है जो कहानी में एक और भावनात्मक पहलू जोड़ेगा कहानी में अनुभवी अभिनेत्री उषा बचानी 'वर्तिका' के रूप में शामिल हो रही हैं, जिन्हें प्यार से 'आई साहेब' कहा जाता है. वह डिग्गी (अर्जुन पुंज) की माँ हैं—एक शालीन महिला जिनके मूल्य और सिद्धांत बहुत मजबूत हैं और जिनका व्यक्तित्व शांत होने के बावजूद प्रभावशाली है. परंपराओं से गहराई से जुड़ी और अपनी मराठी विरासत पर गर्व करने वाली वर्तिका का मानना ??है कि इंसान का असली चरित्र बड़े-बड़े कामों से नहीं, बल्कि रोजमर्रा के कामों से झलकता है. शांत और निष्पक्ष स्वभाव वाली वर्तिका ईमानदारी, सम्मान और निरंतरता को सबसे ऊपर रखती हैं. अपने बेटे दिग्विजय के साथ उनका गहरा रिश्ता और उनके मजबूत विचार कहानी में अपनापन, भावनाएँ और दिलचस्प पल जोड़ने का वादा करते हैं. उन्हें अपनी बहू से भी काफी उम्मीदें हैं. जब दिग्विजय और डॉ. सृष्टि (गुलकी जोशी) शादी करके अपनी ज़िंदगी का एक नया अध्याय शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं, तब वर्तिका का आगमन उनके जीवन में एक नया और ताजगी भरा मोड़ लाएगा, जिससे दर्शक यह देखने के लिए उत्सुक होंगे कि रिश्ते कैसे आगे बढ़ते हैं अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उषा बचानी ने कहा, ₹जब मैंने पहली बार वर्तिका के बारे में पढ़ा, तो मैं तुरंत ही उनकी शालीनता और शांत प्रभाव की ओर आकर्षित हो गई. उनका व्यक्तित्व और लुक दोनों ही बहुत शानदार और अनोखे हैं. वह परंपराओं को महत्व देती हैं, और मुझे लगता है कि यह खूबी उन्हें बेहद खास बनाती है. वर्तिका को इस बात पर बहुत गर्व है कि उनका बेटा डिग्गी कैसा इंसान बना है, और माँ-बेटे का उनका रिश्ता उनकी यात्रा के सबसे दिल को छू लेने वाले हिस्सों में से एक है. मैं 'यादें' में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूँ और मुझे उम्मीद है कि दर्शक मेरे किरदार 'आई साहेब' को देखने और उनकी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित होंगे।

फिल्म मिर्जापुर को प्रमोट करने लखनऊ पहुंचे अभिनेता अली फजल

- लोकतंत्र में लोगों का अपनी बात रखना जरूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अभिनेता अली फजल ने देश के कुछ हिस्सों में चल रहे जेन-जी, युवाओं और छात्रों के विरोध प्रदर्शनों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बुधवार को फिल्म मिजार्पुर के प्रचार के लिए लखनऊ पहुंचे अली फजल ने कहा कि विरोध करना हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है और लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए। अली फजल अपने सह-कलाकार दिव्येंदु शर्मा और जितेंद्र कुमार के साथ लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान झारखंड में जारी और हाल में दिल्ली में हुए जेन-जी व छात्र आंदोलनों को लेकर सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में लोगों का अपनी बात रखना जरूरी है।

लोकतंत्र में आवाजें बुलंद होनी चाहिए: अली फजल ने कहा कि विरोध करना सभी का लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह एक स्वतंत्र और निष्पक्ष देश है और इसमें लोगों के अपनी बात रखने में कुछ गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रदर्शन कर रहे हैं, वह उनके साथ हैं। लोकतंत्र में ऐसी गतिविधियां होना जरूरी है और लोगों की आवाज बुलंद होनी चाहिए। उनकी बातों को देखा और सुना जाना चाहिए।

बड़े पर्दे पर लौट रही मिर्जापुर: चार सितंबर को रिलीज होने वाली मिजार्पुर के साथ इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी की बड़े पर्दे पर शुरूआत हो रही है। फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाले अली फजल ने सफल वेब सीरीज पर फिल्म बनाने को एक बड़ा प्रयोग बताया। लंबे समय तक एक ही किरदार निभाने के निजी जीवन पर असर से जुड़े सवाल पर अली फजल ने कहा कि किसी किरदार का कुछ हिस्सा अभिनेता के साथ रह जाता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अपनी पेशेवर और निजी जिंदगी के बीच अंतर बनाए रखने की कोशिश करते हैं।

लखनऊ से खास जुड़ाव रखते हैं अली फजल

अली फजल ने लखनऊ से अपने जुड़ाव का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वह लगभग हर महीने लखनऊ आते हैं और उनकी नानी भी यहीं रहती हैं। वहीं फिल्म में मुन्ना भैया का किरदार निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा ने बताया कि फिल्म का संबंध मिजार्पुर के पहले सीजन से है। इसमें सीरीज की कुछ सामग्री के साथ नए किरदार भी पेश किए गए हैं। कलाकारों के मुताबिक फिल्म में नए किरदार और नया कथानक होने के बावजूद कहानी अपने मूल किरदारों से जुड़ी रहेगी। इसमें परिवार, भावनाएं, युवा पीढ़ी, गुस्सा, प्यार, एक्शन और बदले का मिश्रण देखने को मिलेगा।

संक्षेप

इग्नू में प्रवेश की तिथि बढ़ी

आजमगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक विद्यार्थी 16 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आजमगढ़ के इग्नू अध्ययन केंद्र 48034 डीएवीपीजी कॉलेज के समन्वयक प्रोफेसर शिल्पा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से निर्धारित तिथि से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। अध्ययन केंद्र पर प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र के ईसापुर मोहल्ले में बुधवार को करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई है। नगर के ईसापुर निवासी 27 वर्षीया प्रिया सोनी पत्नी अजय सोनी घर में पंखे की तार लगाते समय अचानक करंट की चपेट में आ गईं। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें ई-रिक्शा से जिला अस्पताल ले जाने के लिए निकले, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। मृतका के तीन छोटे बच्चे हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

50 लाख की साइबर ठगी आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। पेट्रोल पंप मालिकों और प्रतिष्ठान संचालकों को सस्ते दाम पर सोलर प्लांट लगवाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी को साइबर क्राइम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चार सिम कार्ड और दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी अब तक करीब 50 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी कर चुका है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सचिन शर्मा पुत्र राजनारायण, निवासी आमी सराय सैफ खां, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। आरोपी पेट्रोल पंप मालिकों और अन्य प्रतिष्ठानों की जानकारी जुटाकर उन्हें फोन करता था। इसके बाद सस्ते दाम पर सोलर पैनल लगाने का प्रस्ताव देकर व्हाट्सऐप पर लूमिनस कंपनी के नाम से फर्जी इस्टीमेट भेजता था। आरोपी कुल लागत की करीब आधी रकम पहले जमा कराने के नाम पर पीड़ितों से अलग-अलग किस्तों में रुपये अपने बताए खातों में मंगवाता था। इसके बाद रकम निकालकर साइबर ठगी को अंजाम देता था। कुल नौ एफआईआर दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा साइबर क्राइम पोर्टल पर उसके खिलाफ छह से अधिक एनसीआरपी शिकायतें दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, फतेहगढ़, प्रतापगढ़, लखनऊ, गोंडा और महोबा समेत कई जनपदों में मुकदमे दर्ज हैं।

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा य एवं विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त परिसर एवं सामाजबके संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा कनेक्ट के अंतर्गत ह्लनशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रो. वंदना सिंह के संरक्षकत्व में आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि यूथ आइकॉन शिवेंद्र प्रताप सिंह तथा नशा मुक्त वॉरियर श्री त्रिलोकीनाथ गुप्ता रहे। युवा अधिकारी श्री तन्मय मोहन ने स्वयंसेवकों को माई भारत के संबंध में जानकारी दी। इसके पश्चात माई भारत गीत एवं विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग पर आधारित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ह्लभारत की युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत है। नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार कर सकते हैं।ह्व उन्होंने कहा कि नशे की लत युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, मानसिक क्षमता, परिवार एवं सामाजिक जीवन पर गंभीर प्रभाव डालती है। युवाओं को नशे से दूर रहने, साथियों के दबाव का विरोध करने तथा नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को अपमानित करने के बजाय उपचार एवं परामर्श के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। संचालन अभिनव कीर्ति पांडेय, समन्वय डॉ. शशिकांत यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन नशा मुक्त परिसर एवं समाज के समन्वयक डॉ मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

महिला व बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश में महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा संत कीनाराम विद्यालय, रॉबर्ट्सगंज में महिला एवं बाल सुरक्षा तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, पीसीपीएनडीटी अधिनियम तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 एवं आपातकालीन सेवा-112 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित व्यवहार, शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करते हुए किसी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा असुरक्षित परिस्थिति में तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, महिला पेंशन एवं बाल सेवा योजनाओं की दी जानकारीइसके अतिरिक्त वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की पात्रता एवं लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित लोगों से पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं से जोड़ने तथा अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जेंडर एक्सपर्ट साधना मिश्रा, सेंटर मैनेजर दीपिका सिंह, परियोजना समन्वयक मुकेश सिंह एवं महिला कल्याण विभाग की टीम उपस्थित रही।

साइबर टीम ने ठगी के 25 हजार रुपये कराये वापस

बीजपुर, सोनभद्र। थाना बीजपुर की साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति के 25 हजार रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की है। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम की सराहना की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नेमना निवासी बबलू कुमार पुत्र गंगाप्रसाद के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने स्कैनर भेजकर उनसे 25 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली थी। ठगी की जानकारी होने पर पीड़ित ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, क्षेत्राधिकारी दुद्धी के दिशा-निर्देशन तथा थानाध्यक्ष बीजपुर राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में साइबर टीम ने मामले की जांच शुरू की। टीम ने पोर्टल पर शिकायत का अवलोकन कर ठगी की धनराशि को होल्ड कराया। इसके बाद आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर संबंधित बैंक शाखा को रिपोर्ट भेजी गई। पुलिस की कार्रवाई के बाद ठगी की पूरी धनराशि 25 हजार रुपये पीड़ित के मूल बैंक खाते में वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर आवेदक बबलू कुमार ने थाना बीजपुर की साइबर टीम के प्रति आभार जताते हुए उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। धनराशि वापस कराने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कमलाकान्त पाण्डेय, कांस्टेबल सरोज अमितकुमार श्रीकृष्ण एवं महिला कांस्टेबल निहारीका पाण्डेय शामिल रहीं। थानाध्यक्ष बीजपुर राजेश कुमार सिंह ने कहा कि साइबर अपराध की घटना होने पर पीड़ित घबराएं नहीं और तत्काल 1930 पर कॉल करें। साथ ही नजदीकी थाने में सूचना दें अथवा बलइमतबतपउम.हवअ.पद पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं, ताकि ठगी की धनराशि को समय रहते होल्ड कराकर वापस कराने की कार्रवाई की जा सके।

हलिया में आदिवासी सम्मेलन का आयोजन

मीरजापुर। छानबे विधानसभा विकास खंड हलिया के भटवारी गांव में बुधवार को आदिवासी सम्मेलन समारोह कार्यक्रम का पूर्व छानबे विधानसभा सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल की अध्यक्षता में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर और विरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल, पूर्व सांसद लालचंद कोल रहे। विशिष्ट अतिथि पूर्व लोकसभा प्रभारी समाजवादी पार्टी राज नारायण उर्फ निराला कोल रहे। कार्यक्रम में लालगंज तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान लोगों ने आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, भाषा,और अधिकारों के संरक्षण के साथ एकजुटता का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये लोकगीत कलाकारों ने आदिवासी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समारोह में उत्साह का माहौल बना दिया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि आदिवासी कोल समाज के कद्दावर नेता राज नारायण उर्फ निराला कोल ने कहा कि आदिवासी कोल समाज का इतिहास समृद्धि गौरवशाली रहा है। भारत की आजादी और विकास में आदिवासी समाज के महत्वपूर्ण भूमिका रही, विशेष कर आदिवासी समाज प्राचीन काल से अपनी वीरता के लिए जाना जाता रहा है। जल जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में आदिवासी समाज के अनेक वीरों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। लेकिन सरकार आदिवासी कोल समाज के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है अन्य प्रदेशों में आदिवासी कोल समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है जबकि उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति में रखा गया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश आदिवासी कोल समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग की। इस अवसर पर पूर्व सांसद मिजार्पुर बाल कुमार पटेल, आदिवासी कोल समाज के कद्दावर नेता राज नारायण उर्फ निराला कोल, पूर्व विधायक रामकृपाल कोल, पूर्व सांसद लालचंद कोल, पूर्व जिलाध्यक्ष सपा अशीष यादव, पूर्व छानबे विधानसभा प्रत्याशी कीर्ति कोल, अरविंद यादव,रामकुमार कोल, पंकज कोल, राम लल्लू कोल, अंजेश कोल, पंकज कोल, बुद्धि प्रकाश, अमृतलाल कोल, राम प्रकाश कोल, पवन कोल समेत हजारों की संख्या में क्षेत्रीय व ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

200 मोबाइल बरामद, 45 को लौटाया गया

जौनपुर। गुम मोबाइल की तलाश में परेशान लोगों के लिए पुलिस ने बड़ी राहत दी है।

साइबर क्राइम सेल और विभिन्न थानों की साइबर सेल टीम ने 200 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की बाजार कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक मोबाइल जौनपुर के अलावा आजमगढ़, वाराणसी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, बलिया, प्रतापगढ़ और भदोही से बरामद किए गए। वहीं कुछ मोबाइल दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार और राजस्थान से भी बरामद हुए। बरामद मोबाइलों में वनप्लस, वीवो, रेडमी, ओप्पो, रियलमी, टेक्नो, पोको, नोकिया और सैमसंग समेत कई प्रमुख कंपनियों के फोन शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने बरामद मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए। पुलिस ने अपील की कि मोबाइल गुम होते ही पहले थाने में गुमशुदगी दर्ज कराएं और इसके बाद पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत करें जरूरत पड़ने पर नजदीकी थाने की साइबर हेल्पडेस्क से भी संपर्क किया जा सकता है।

सड़कों और सम्पर्क मार्गों को गड्ढामुक्त करायें: डीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग की निमार्णाधीन सड़कों एवं संपर्क मार्गों की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ निर्धारित मानकों और गुणवत्ता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की सभी सड़कों का निरीक्षण कर उन्हें गड्ढामुक्त कराया जाए। शहरी क्षेत्र की सड़कों को प्राथमिकता देते हुए तत्काल मरम्मत कराने तथा जिले की सीमा में आने वाले सभी प्रमुख और संपर्क मार्गों को एक माह के भीतर दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क निर्माण और मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सूखी पड़ी है शारदा खंड सहायक नहर

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र में शारदा खंड सहायक नहर की बदहाली और पानी की कमी के कारण धान की फसल सूख रही है। नहर में पानी न आने और लंबे समय से सफाई न होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सिंचाई के लिए पूरी तरह नहर पर निर्भर किसान पानी के इंतजार में परेशान हैं। पानी के अभाव में धान की फसल प्रभावित हो रही है और खेतों में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। कई किसान तो पर्याप्त पानी न मिलने के कारण धान की रोपाई तक नहीं कर पाए हैं। जिन किसानों ने किसी तरह धान की रोपाई कर दी है, उनकी फसल भी पानी के अभाव में सूखने की कगार पर है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सिंचाई की व्यवस्था नहीं हुई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से शारदा खंड सहायक नहर की तत्काल सफाई कराकर उसमें पर्याप्त पानी छोड़े जाने की मांग की है, ताकि धान की फसल को बचाया जा सके।

हाफिजपुर मंडल में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हाफिजपुर मंडल में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। अनवरगंज से भंवरनाथ तक निकली यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

भीषण गर्मी के बावजूद कार्यकताओं का उत्साह और जोश देखते ही बना। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व शहीद स्थल पर स्वर्गीय महेंद्र कुमार उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं मुख्य अतिथि सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई। हाथों में तिरंगा लिए हजारों की संख्या में लोग देशभक्ति गीतों और राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़े। पूरे मार्ग पर भारत माता की जय और वंदे मातरम्के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा। गर्मी भी लोगों के उत्साह को कम नहीं कर सकी। कार्यक्रम के अंत में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमित तिवारी ने यात्रा में शामिल सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं सठियांव चीनी मिल के उपसभापति यशवंत सिंह ने तिरंगा यात्रा का समापन किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमित तिवारी, जिला उपाध्यक्ष एवं यात्रा प्रभारी आनंद सिंह, कोऑपरेटिव बैंक के उपसभापति बृजेश प्रकाश सिंह, सठियांव चीनी मिल के उपसभापति यशवंत सिंह, आलोक उपाध्याय, बादल उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष प्रमोद चैहान, महामंत्री राकेश राय, भीम सिंह, विजय लक्ष्मी मिश्रा, महिला मोर्चा की जिला मंत्री डा. अलका सिंह, पूनम मौर्या, अवधेश शर्मा, आशीष पांडेय ह्यपल्लूह्व, संजय दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हर तिरंगा अभियान के तहत निकाली तिरंगा यात्रा

जिला संवाददाता

मीरजापुर। शासन के निर्देश के अनुपालन मे जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज स्थानीय सिटी क्लब सिविल लाइन से नगर पालिका परिषद मीरजापुर के द्वारा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी की अगुवाई मे भव्य तिरंगा रैली यात्रा का आयोजन किया गया।

सिटी क्लब से कचहरी, रामबाग, वासलीगंज होते हुए घंटाघर तक निकाली गई इस तिरंगा यात्रा मे नगर पालिका के सभी सभासदगण, अधिकारी व कर्मचारी के अलावा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा निकाली गई रैली में देशभक्ति के रंग मे सराबोर यह रैली पूरे शहर में आकर्षण का केन्द्र बनी रही। सभी के हाथों में तिरंगा व माथे तिलक और दिलों में देशभक्ति का जज्बा लिए हजारों की संख्या में अधिकारी कर्मचारी छात्र-छात्रायें, व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधि रैली में शामिल रहें। रैली का शुभारम्भ अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सिटी क्लब से दोपहर 12:30 बजे रवाना किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका ने

- **स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा हाथ मे तिरंगा लेकर किया गया प्रतिभाग-देश भक्ति नारों से गूंजती रही सड़कों पर आवाज**
- **तिरंगा मात्र एक कपड़ा नहीं बल्कि हमारे स्वतंत्रता आन्दोलन में शहीद बलिदानियों की एकता व अखण्डता का प्रतीक : श्याम सुन्दर**

कहा कि यह तिरंगा मात्र एक कपड़ा नहीं बल्कि हमारे स्वतंत्रता आन्दोलन में शहीद बलिदानियों की एकता व अखण्डता का प्रतीक है हम सभी इसे पूरे सम्मान के साथ अपने-अपने घरों पर भी फहराये तथा झण्डा फहराते हुए सेल्फी हर घर तिरंगा के वेबसाइट पर अपलोड करें। लगभग एक किलोमीटर से अधिक लम्बी इस तिरंगा यात्रा में स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर केसरी व जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल अपने पूरे दल बल व छात्र-छात्राओं के साथ बैण्ड बाजे, ढोल नगाड़ों की धुन पर ह्यह्यभारत माता की जय, एवं वंदे मातरम व इंकलाब जिन्दाबाद के नारे गूंजते रहे।

स्कूली बच्चों ने तिरंगे की थीम पर झांकियां व सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी। अध्यक्ष नगर पालिका ने कहा कि 13 अगस्त 15 अगस्त 2026 हर घर तिरंगा व प्रत्येक दुकानों,प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया जाए।

उन्होंने कहा कि तिरंगे को सम्मान सर्वोपरि है। फटे व गंदे झण्डे का प्रयोग न करे। रैली को सफल बनाने व सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस प्रशासन का पुख्ता इंतजाम रहा। नगर पालिका की टीम के द्वारा रैली के पूर्व पूरे नगर व मार्ग की साफ सफाई बेहतर ढंग से की गई। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके दृष्टिगत एम्बुलेंस व चिकित्सक की टीम भी रही। तिरंगा यात्रा का समापन घंटाघर परिसर में राष्ट्रगान गायन के साथ किया गया।

आयुष योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने का दिया निर्देश

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में राष्ट्रीय आयुष मिशन, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं परियोजनाओं की जिला स्तरीय समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति, कार्यों में हो रही देरी के कारणों तथा उन्हें पूर्ण कर संचालित किए जाने की निर्धारित समय-सीमा के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

बैठक में 50 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालय, नवीन आयुष चिकित्सालय भवनों के निर्माण, आयुष चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता एवं उनके प्रदर्शन की स्थिति, आयुष चिकित्सकों की उपस्थिति तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निमार्णाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए तथा जिन कार्यों में किसी स्तर पर विलंब हो रहा है, उसके कारणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने आयुष चिकित्सालयों एवं चिकित्सा इकाइयों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों को शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण आयुष चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी चिकित्सालयों में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे, ताकि उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जाए। साथ ही, शासन स्तर से निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा जयन्त कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा कौशल्या मरीना, अरूण कुमार, जिला आयुष प्रबन्धक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विदेश में हत्या के बाद गांव पहुंचा भाजपा नेता के पुत्र का शव

आजमगढ़। कुवैत में चार दिन पहले हत्या किए गए फूलपुर थाना क्षेत्र के यूसुफपुर खानपुर निवासी 25 वर्षीय राहुल चैहान का शव मंगलवार शाम पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी साधना सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। देर शाम परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में दुर्वासा धाम में राहुल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। राहुल भाजपा सदस्य कस्तूरी चैहान के पुत्र थे और रोजगार के सिलसिले में कुवैत में नौकरी करते थे। करीब छह माह पहले ही वह दोबारा कुवैत गए थे। इससे पहले भी वह कुवैत में काम कर चुके थे। मृतक के पिता कस्तूरी चैहान ने बताया कि राहुल दीदारगंज निवासी मुन्ना चैहान के पुत्र के साथ कुवैत गए थे। बताया गया कि कुवैत पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के कारणों की जांच जारी है। परिजनों ने कमरा बदलने या किसी अन्य काम से जुड़ी गलतफहमी को घटना का संभावित कारण बताया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मंगलवार शाम शव के गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार घर पर जुट गए। शव देखते ही पत्नी साधना बेसुध हो गईं। राहुल की शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी। उनके पीछे पत्नी साधना, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। कम उम्र में हुई इस दर्दनाक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल रहा। भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने राहुल के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

मजदूरी मांगने गई महिलाओं से मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल

आजमगढ़। जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के सितारा महमूदपुर गांव में मजदूरी का पैसा मांगने गई दलित महिलाओं के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार 11 अगस्त की बताई जा रही है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और विवाद होता दिखाई दे रहा है। पीड़ित महिलाओं और उनके परिजनों का आरोप है कि खेत में मजदूरी करने के बाद वे अपना बकाया मेहनताना मांगने के लिए तब्बू पुत्र कैश के घर गई थीं। आरोप है कि मजदूरी मांगने पर तब्बू और उसके परिजन भड़क गए तथा गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर महिलाओं के साथ मारपीट की गई। पीड़िताओं उषा पुत्री ओमप्रकाश, रेनू पुत्री जयप्रकाश और करीना पुत्री संतोष द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, तब्बू के ललकारने पर उसके पुत्र अब्दुल हलीम, इब्राहिम पुत्र जैस, अफान पुत्र अबूबकर समेत अन्य लोगों ने भी उनके साथ मारपीट की। इसके बाद जब पीड़िताएं घर पहुंचीं और अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी तो परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जहां उनके साथ भी मारपीट की गई। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद उनका मोबाइल फोन तोड़कर फेंक दिया गया। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि जब वे शिकायत लेकर देर शाम दीदारगंज थाने पहुंचे तो उन्हें काफी देर तक दूसरे पक्ष के आने का इंतजार कराया गया। इसके बाद दूसरे पक्ष के पहुंचते ही उन्हें थाने से भगा दिया गया। पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल इस मामले में पुलिस का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

शहीद जिलाजीत सदैव अमर रहेंगे: विधायक

जौनपुर। देश की सीमाओं व दुश्मनों से रक्षा करने वाले मरकर भी जिंदा रहते है। यह बातें बुधवार को सिरकोनी विकास खण्ड के इजरी गांव के शहीद जिलाजीत के शहादत दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए विधायक जगदीश राय ने कही। श्री राय ने कहा कि सैनिक अपने जान की परवाह किये बगैर भारत माता की रक्षा के लिए 24 घण्टे तैयार रहते है। उनके बदौलत ही आज देश व देश के नागरिक सुरक्षित हैं। हमें उन शहीदों के बलिदान को याद करके देश को आगे बढ़ाने का काम करना होगा। यही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दौरान शहीद की माँ उर्मिला, छह वर्षीय पुत्र जीवांश व पत्नी पूनम ने जब शहीद को पुष्प अर्पित किया तब सभी आंखे नम हो गयी। कार्यक्रम में सपा के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य,पूर्व विधायक लालबहादुर यादव,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव,डॉ इंद्र सिंह,नंदलाल यादव,अशोक यादव आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ बृजेश यदुवंशी ने किया। इसके पूर्व सभी अतिथियों ने शहीद जिलाजीत यादव की मूर्ति पर हार-फूल चढ़ाकर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की शुरूआत में भूतपूर्व सैनिकों दिनेश यादव फौजी व के के सिंह के नेतृत्व में जिलाजीत यादव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिलाजीत यादव को श्रद्धांजलि देने के लिए सरस्वती निकेतन इंटर कालेज के बच्चों ने एक रैली निकाली। रैली में जिलाजीत अमर रहे के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 बृजेश यदुवंशी ने किया। दिनेश यादव, उमाशंकर पाठक, अजय सिंह,विनय कुमार, फिरतु यादव, बेचन यादव,आदि मौजूद रहे।

महिला सुरक्षा व साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

करमा,सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के बाबा बिहारी इण्टर कालेज भरकवाह के छात्र छात्राओं को मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहलमहिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम के सम्बन्ध मे थाने की महिला आरक्षी संध्या पांडेय द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्हों ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयोंकृजैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्यपर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महा विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉलध्लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं व्ज्चसाझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई। इसके बाद थाने कै उप निरिक्षक चन्द्र भान द्वारा महत्वपूर्ण मोबाइल नम्बर 112 आपातकालीन सेवा, 1090/1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 द महिला हेल्पलाइन,1930 द साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि की जानकारी छात्र छात्राओं को दी गयी।

संक्षेप

कृष्ण जन्मभूमि विवादः प्रतिनिधित्व का मामला हाईकोर्ट भेजने के संकेत

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई हुई। इस दौरान एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की पीठ ने संकेत दिया कि भगवान श्रीकृष्ण के सभी भक्तों की ओर से मुकदमा लड़ने के प्रतिनिधित्व से जुड़े मामले को दोबारा इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजा जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में कोई अंतिम आदेश पारित नहीं हुआ और सुनवाई करीब दो सप्ताह के लिए टाल दी गई।

हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की आपत्ति मुख्य रूप से इलाहाबाद हाईकोर्ट के जुलाई 2025 के आदेश को लेकर रही।

हाईकोर्ट ने सूट नंबर 17 के वादियों को भगवान श्रीकृष्ण के सभी भक्तों के लाभ के लिए प्रतिनिधि क्षमता में मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। इसी आदेश को सूट नंबर एक के वादियों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को सूट नंबर एक के वादियों को स्पष्ट रूप से नोटिस देना चाहिए था

वायरल हुई बच्चों की कांवड़ यात्रा का डीएम ने लिया संज्ञान

जिला संवाददाता

मथुरा। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक संदेश का संज्ञान लेते हुए मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल पोस्ट में मथुरा के कोसीकलां निवासी दिव्यांग दंपति के चार बच्चों द्वारा फीस न भर पाने के कारण स्कूल से निकाले जाने और पढ़ाई जारी रखने के लिए भोलेनाथ से मन्नत मांगते हुए कांवड़ लाने का जिक्र था। जिलाधिकारी ने तुरंत मामले की जांच कराते हुए परिवार की मदद के लिए बड़े कदम उठाए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर कोसीकलां के बठैन गेट के निकट स्थित बैंक कॉलोनी निवासी भरत सिंह के चारों बच्चों कु० साधना (11वीं), कु० मुस्कान (9वीं), कु० प्रेरणा (3वीं) और शिवम (7वीं) को कलेक्ट्रेट कार्यालय बुलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी बच्चों को 2-2 स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग और किताबों का सेट, पेंसिल बॉक्स, टिफिन/लंच बॉक्स, जूते और मोजे आदि आवश्यक सामग्री प्रदान की। जांच में सामने आया कि भरत सिंह की बड़ी बेटी कु० साधना नगर पालिका इण्टर कॉलेज, कोसीकलां में 11वीं की छात्रा है, जिसकी पूर्व से ही कोई ट्यूशन फीस नहीं लगती है। वहीं, शेष तीनों बच्चे आदर्श विद्या मंदिर, कोसीकलां में पढ़ते हैं। पुत्री कु० प्रेरणा की स्कूल फीस पहले से ही पूरी तरह माफ थी।

- सीएम योगी का सपना है शिक्षा किसी भी बच्चे की पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण नहीं होने दी जाएगी बाधित: जिलाधिकारी
- चारों बच्चों की फीस माफ, एसडीएस छाता ने लिया गोद

अब जिला प्रशासन के प्रयासों से शेष दो बच्चों, मुस्कान (6800 रुपये) और शिवम (5500 रुपये) की भी पूरी फीस माफ कर दी गई है। जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इन बच्चों से कोई फीस नहीं ली जाएगी। इसके साथ ही, उप जिलाधिकारी छाता अखिलेश कुमार द्वारा इन सभी बच्चों को गोद लिया गया है, जो आगे से उनकी पूरी देखभाल करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि बच्चों के माता-पिता (भरत सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता) दोनों दिव्यांग हैं। भरत सिंह परचून की दुकान चलाते हैं और उनकी पत्नी सिलाई का कार्य करती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत इस परिवार को पहले से दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास स्वीकृत किया गया है, जिसकी 1 लाख रुपये की किस्त पूर्व में प्रदान की जा चुकी है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी और किसी भी बच्चे की पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण बाधित नहीं होने दी जाएगी।

खजूर से लदा ट्रक पलटा, हाईवे पर मची खजूर उठाने की होड़

मथुरा। नेशनल हाईवे-19 पर बुधवार सुबह कोटा छरौरा के समीप बालू से भरे ट्राले और खजूर से लदे ट्रक की भिड़ंत में ट्रक का क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक को पुलिस क्रेन और लोडर की मदद से थाने ला रही थी। इसी दौरान थाने के सामने ट्रक दोबारा पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें लदे खजूर हाईवे पर बिखर गए। खजूर बिखरे देखकर राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और उन्हें उठाने की होड़ लग गई। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। हादसा सुबह करीब 6:40 बजे हुआ। बताया गया कि दिल्ली की ओर जा रहा खजूर से भरा ट्रक आगे चल रहे बालू से भरे ट्रोले से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची जैंत थाना पुलिस ने घायल को तत्काल सर्वोदय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस घायल के स्वजन से संपर्क करने में जुटी है हादसे के बाद पुलिस ने क्रेन और लोडर की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक को थाने लाने की कार्रवाई शुरू की।

राष्ट्रीय लोकदल की समीक्षा बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय लोकदल, फिरोजाबाद की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष मा. देशराज सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आचार्य राजबीर सिंह ने की, जबकि संचालन युवा जिलाध्यक्ष चौधरी अमर सिंह पचहरे ने किया। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर दस यूथ के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। वक्ताओं ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष देशराज सिंह ने कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में चौ. निरंजन सिंह पौनियां, ओमप्रकाश सिंह एडवोकेट, बृजवीर सिंह सोलंकी, चंद्रपाल सिंह हरपाल सिंह करतार सिंह अंशुल शर्मा, डॉ. मुन्नेश राजौरिया शैलेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, समीर सिंह, शब्बीर खान, जितेंद्र सिंह पौनिया, सचिन उपाध्याय, कुंवर सुधीर सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सट्टा लगाते एक और जुआ खेलते दो अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। अवैध जुआ एवं सट्टे की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नारखी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए सट्टा लगाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं जुआ खेलते हुए दो अन्य आरोपियों को भी पकड़ा गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से नकदी, ताश के पत्ते, डायरी और पेन बरामद किए हैं। बुधवार को थाना नारखी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गढ़ी छत्रपति-रूधऊ रोड से इरशाद पुत्र सत्तार अली निवासी आवास विकास कॉलोनी गढ़ी छत्रपति, थाना नारखी को पर्चा सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक डायरी, एक पेन और जामातलाशी के 470 रुपये बरामद हुए। मामले में थाना नारखी पर धारा 13 जी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने नगला हिम्मत से बड़ा गांव जाने वाले रास्ते पर जुआ खेलते हुए रमेशचन्द पुत्र अन्तराम, निवासी बड़ा गांव थाना नारखी और विकास कुमार उर्फ भवतोष पुत्र बाबूराम, निवासी खोड़ा मड़ाका थाना सहपऊ, जनपद हाथरस को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते तथा कुल 2670 रुपये बरामद किए गए। इसमें 1120 रुपये मालफड़ और 1550 रुपये जामातलाशी से बरामद हुए है। इस संबंध में थाना नारखी पर धारा 13 जी जुआ एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की है।

छत पर काम कर रहे युवक को लगा करंट, मौत

आगरा। फतेहाबाद में मंगलवार सुबह-सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां के गढ़ी सावराय गांव में निमाणार्धीन मकान पर काम कर रहे 28 वर्षीय उपेंद्र की 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आने के बाद छत से गिरकर मौत हो गई। फतेहाबाद क्षेत्र के गांव गढ़ी सावराय में मंगलवार सुबह निमाणार्धीन मकान पर काम कर रहा युवक करंट लगने के बाद छत से गिर गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक छोटेलाल वर्मा ने विद्युत अधिकारियों को बुलाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। गांव गढ़ी सावराय निवासी उपेंद्र (28) पुत्र पप्पू मंगलवार सुबह करीब छह बजे अपने घर की छत पर निर्माण कार्य में लगा था। इसी दौरान चाचा के घर पर जा रही विद्युत केबल में अचानक फाल्ट हो गया और आग लग गई। उपेंद्र ने केबल को हिलाकर आग बुझाने का प्रयास किया। इसी दौरान केबल का तार 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उपेंद्र को तेज करंट लग गया। करंट का झटका लगने से वह छत से नीचे पक्के खड़ंजे पर सिर के बल जा गिरा। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

कार शोरूम में चालक की मौत

आगरा। नगला रामबक्स स्थित कार शोरूम में 35 वर्षीय चालक संजय कुमार की सोमवार शाम अज्ञात कारणों से मौत हो गई। परिजनों ने बिना सूचना शव पोस्टमार्टम भेजने का आरोप लगाकर शोरूम के बाहर शव रखकर हंगामा किया और हाईवे जाम करने की कोशिश की। आगरा के गांव नगला रामबक्स स्थित कार के शोरूम में गांव बांगुड़ी थाना शमशाबाद निवासी 35 वर्षीय चालक संजय कुमार पुत्र सत्य प्रकाश अज्ञात कारणों से सोमवार शाम को मौत हो गई थी। आरोप है कि परिजनों को बिना बताए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मंगलवार को गुस्साए परिजनों ने शोरूम के बाहर मृतक का शव रखकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हाइवे जाम करने की भी कोशिश की। हालांकि, स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की शोरूम मालिक और परिजनों से वार्ता चल रही है।

टूंडला में आज निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा,

टूंडला। देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 13 अगस्त दिन गुरुवार को नगर टूंडला में भव्य एवं दिव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा शाम 4 बजे दीपा चौराहे से प्रारंभ होकर तहसील टूंडला तक निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठन संस्थाएं, जनप्रतिनिधि व्यापारी, युवा, मातृशक्ति एवं नगरवासी बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे।

मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 - परिवहन विभाग ने 37 स्कूली वाहनों के चालान और चार वाहन किए गए सीज

मथुरा। उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त के दिशा-निदेशों के अनुपालन में प्रदेश भर में 11 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक 15-दिवसीय विशेष प्रवर्तन अभियान मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 चलाया जा रहा है। विगत दिनों स्कूली वाहनों से हुई दुर्घटनाओं का संज्ञान लेते हुए शासन द्वारा यह सख्त कदम उठाया गया है, ताकि बच्चों का विद्यालय आना-जाना पूरी तरह सुरक्षित हो सके। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश राजपूत के कुशल नेतृत्व में आज जनपद में स्कूली वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान ए.आर.टी.ओ. (प्रवर्तन द्वितीय दल) सतेन्द्र कुमार सिंह, यात्रीकर अधिकारी संदीप चैधरी तथा यात्रीकर अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह की टीम ने विभिन्न स्कूली बसों, वैनों और अनुबंधित वाहनों की फिटनेस, परमिट, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) और चालकों के दस्तावेजों की जांच की। सुरक्षा मानकों में कमी, अनफिट संचालन और दस्तावेजों के अभाव के कारण 37 स्कूली वाहनों (बस, ईको) के चालान किए गए तथा 04 वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में निरुद्ध (सीज) किया गया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, कई प्रतिष्ठित संस्थानों के वाहनों की फिटनेस या परमिट की अवधि समाप्त हो चुकी है, जिनमें रतन लाल फूल कटोरी के 10 वाहन, कान्हा माखन पब्लिक स्कूल के 07 वाहन, अमरनाथ विद्या आश्रम के 06 वाहन, चंदनवन पब्लिक स्कूल के 06 वाहन, एसपीएस इंटरनेशनल एकेडमी के 05 वाहन, संविद गुरुकुलम के 05 वाहन, श्री बाबूलाल महाविद्यालय के 04 वाहन, देहली पब्लिक स्कूल के 04 वाहन के चालान किए गए है।

एआरटीओ कार्यालय द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है कि वे सभी विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को तुरंत निदचेतावनी दी है कि 25 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के दौरान डिफॉल्टर विद्यालयों के वाहनों का पंजीयन निरस्त करने के साथ-साथ विद्यालयों की मान्यता रद्द करने की संस्तुति जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग को भेजी जाएगी।

पुष्पा स्टाइल में भूसे के नीचे छिपी थी शराब की खेप, 45 लाख की 415 पेटी बरामद

आगरा। शराब तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए फिल्मी अंदाज अपनाया, लेकिन ट्रांस यमुना पुलिस की सतर्कता के आगे उनकी पूरी योजना धरी रह गई। पुष्पा स्टाइल में 10 चक्का ट्रक में भूसे के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही करीब 45 लाख रुपये कीमत की 415 पेटी शराब पुलिस ने बरामद की है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों ट्रक के चालक और क्लीनर बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, शराब की बड़ी खेप को ट्रक में इस तरह छिपाया गया था कि पहली नजर में उसमें केवल भूसा ही नजर आए। तस्करों ने शराब की पेटियों को भूसे की मोटी परत के नीचे रख दिया था, ताकि चेकिंग के दौरान पुलिस को इसकी भनक न लग सके। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर संदिग्ध 10 चक्का ट्रक को रोक लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। भूसा हटाते ही उसके नीचे शराब की पेटियां दिखाई देने लगीं। पुलिस ने ट्रक से कुल 415 पेटी शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने शराब और ट्रक को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नानू राम और नानक राम के रूप में हुई है। दोनों ट्रक के चालक और क्लीनर बताए जा रहे हैं। पूछताछ में पुलिस को शराब की तस्करी से जुड़े नेटवर्क के बारे में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। पुलिस के मुताबिक, जिस ट्रक में शराब ले जाई जा रही थी, वह किराए पर लिया गया था और मध्य प्रदेश का बताया जा रहा है। मामले में ट्रक मालिक और मैनेजर दीपक की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस अब उनकी तलाश में जुटी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगरा के रास्ते कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इससे पहले इसी तरीके से कितनी बार शराब की खेप एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई गई। ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई को शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। भूसे की आड़ में लाखों रुपये की शराब की तस्करी का यह तरीका फिल्मी 'पुष्पा' स्टाइल जैसा जरूर था, लेकिन पुलिस की घेराबंदी ने तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

राज चौहान हत्याकांड में आरोपी आर्यन को अदालत से राहत नहीं

आगरा। राज चौहान हत्याकांड के मामले में थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के सीता नगर निवासी आर्यन ने अदालत में जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। जिला जज संजय कुमार मलिक ने निरस्त करने के आदेश दे दिए। थाना ट्रांस यमुना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार जयवीर सिंह चौहान ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनका भतीजा राज चौहान 23 जनवरी 2026 को अपने मित्रों के साथ एसएन स्टे गेस्ट हाउस में गया था। रात 10 बजे अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। राज घटना से कुछ दिन पूर्व ही जेल से छूट कर आया था। उसकी पूर्व से ही रंजिश चल रही थी। जांच में पता चला कि राज चौहान के साथ गए लोगों ने ही मुखबिरी कर अरबाज मंसूरी गैंग के माध्यम से उसकी हत्या करवा दी थी। थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपी आर्यन व अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया था। अदालत में पेश कर जेल भेजा था। उक्त मामले में पहले भोला उर्फ कलेशी, विजय कश्यप, दीपक कुमार उर्फ डीके, विष्णु पंडित, कन्हैया ठाकुर, मोहित पंडित, शिवांश शर्मा, विनय कुमार और रोहित सहित 9 आरोपियों की जमानत निरस्त हो चुकी है।

हरी घटा में विराजमान होकर राजाधिराज ने दिए भक्तों को दर्शन, सावन मास में गूंजे जयकारे

मथुरा। पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में सावन मास के पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान और उत्सवों का दौर जारी है। इसी परंपरा के तहत बुधवार ठाकुर जी महाराज हरि घटा में विराजमान होकर अपने भक्तों को अलौकिक दर्शन दिए।

मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी (एडवोकेट) ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के निर्देशन में किया जाता है। बुधवार के विशेष आयोजन के तहत सम्पूर्ण मंदिर प्रांगण को हरे कपड़ों और अनूठे तरीके से भव्य रूप से सजाया गया। पुष्टिमार्गीय परंपरा में ठाकुर जी को लाड़-लड़ाने के उद्देश्य से उन्हें घटा और हिंडोले में विराजमान कराया जाता है। घटा का मुख्य तात्पर्य ठाकुर जी को बाहर के सुहाने मौसम की अनुभूति करवाना है। यह विशेष क्रम पूरे सावन मास निरंतर जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि आगामी क्रम में गुरुवार सायंकाल 5:10 से 5:40 बजे तक ठाकुर जी महाराज कली हिंडोले में विराजमान होकर भक्तों को अपने दिव्य दर्शन देंगे। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

नववर्ष मेला समिति का रक्तदान शिविर 26 को

मथुरा। नववर्ष मेला समिति की मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर मथुरा में आयोजित बैठक में 26 अगस्त को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर में एक रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समिति महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया है कि नववर्ष मेला समिति द्वारा रजत जयंती वर्ष में सेवा कार्यों के अंतर्गत पहली बार रक्त दान शिविर लगाकर रक्तदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी रक्त दानदाताओं को रक्तदान कार्ड, रक्तदान प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किया जायेगा। समिति उपाध्यक्ष लोकेश गर्ग समृद्धि ज्वैलर्स ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। जो रक्तदान करते हैं उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। रक्तदान कर लोगों को जीवनदान दें। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रक्तादान के लिए अपनी- अपनी संख्या अंकित करवाई। कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ० दीपा अग्रवाल, सुभाष सैनी, रजत बाल्मीकि, गंगाधर अरोड़ा, मुकेश शर्मा मीडिया प्रभारी, विशाल रुहेला, प्रदीप अग्रवाल, राजीव कृष्ण, कैलाश चन्द्र अग्रवाल, हरस्वरूप यादव, डॉ०रुचि अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

प्राधिकरण सचिव ने किया कारागार का निरीक्षण

फिरोजाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद की सचिव योगेश शिवा ने सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं, लंबित वादों तथा विधिक आवश्यकताओं की जानकारी ली। पात्र बंदियों को समयबद्ध एवं प्रभावी निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कारागार प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि प्रत्येक पात्र बंदी को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का लाभ मिले और आर्थिक अथवा अन्य कारणों से किसी बंदी को न्याय प्राप्त करने में कठिनाई न हो। इसी क्रम में बुधवार को जनपद न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य तनाव प्रबंधन एवं कार्यक्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से स्ट्रेस मेनेजमेंट एंड मिडिएशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव योगेश शिवा ने किया। उन्होंने कर्मचारियों को तनाव के प्रमुख कारणों तथा उसके मानसिक एवं शारीरिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी। साथ ही ध्यान श्वास-प्रश्वास अभ्यास और सकारात्मक सोच के माध्यम से तनाव को नियंत्रित करने के व्यावहारिक उपाय बताए। उपस्थित कर्मचारियों को स्वयं ध्यान का अभ्यास भी कराया गया तथा नियमित रूप से ध्यान एवं योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सचिव ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ एवं तनावमुक्त कर्मचारी किसी भी संस्थान की कार्यकुशलता की महत्वपूर्ण शक्ति होते हैं। नियमित ध्यान एवं आत्मचिंतन से मानसिक शांति के साथ एकाग्रता, निर्णय क्षमता और कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। कार्यक्रम में जनपद न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और ध्यान सत्र का लाभ लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्याय तक समान एवं प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के साथ न्यायिक व्यवस्था से जुड़े कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता के संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

- बंदियों की समस्याएं सुनीं; कर्मचारियों को कराया ध्यान अभ्यास

तिरंगे के साथ गूंजेगा स्वच्छ ब्रज का संकल्प

मथुरा। हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मथुरा-वृंदावन नगर निगम अब ई-रिक्शा को स्वच्छता जागरूकता का माध्यम बनाने जा रहा है। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और गरिमामय ब्रज का निर्माण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसमें ई-रिक्शा चालक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मथुरा-वृंदावन स्वच्छता अभियान कोर ग्रुप की पिछली बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में मथुरा वृंदावन में ई-रिक्शा के माध्यम से स्वच्छता का संदेश पहुंचाने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में अब ब्रज तीर्थ विकास परिषद और नगर निगम मथुरा-वृंदावन करीब 5,000 पंजीकृत ई-रिक्शा चालकों के साथ मिलकर इस पहल को धरातल पर उतार रहे हैं।

ई-रिक्शा पर स्वच्छता संबंधी संदेशों वाली नेमप्लेट लगाई जाएंगी। साथ ही वाहनों में पोर्टेबल डस्टबिन भी लगाए जाएंगे, ताकि यात्रियों और आम नागरिकों को कचरा सड़क पर न फेंकने तथा निर्धारित स्थान पर डालने के लिए प्रेरित किया जा सके।

नगर आयुक्त ने बताया कि 13 अगस्त को सुबह 11 बजे वृंदावन मंडी, दारुक पार्किंग के पास ई-रिक्शा चालकों की विशेष सभा आयोजित की जाएगी। इसमें चालकों को यातायात प्रबंधन, स्वच्छता व्यवस्था और स्वच्छ ब्रज के राजदूत के रूप में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसी अवसर पर ई-रिक्शा पर डस्टबिन और स्वच्छता संदेश वाली नेमप्लेट लगाने की शुरूआत होगी।

स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को स्वच्छता के संकल्प से जोड़ते हुए इसी कार्यक्रम से ई-रिक्शा की हर घर तिरंगा रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। रैली के माध्यम से तिरंगे के सम्मान के साथ स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा, मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, डीआईजी शैलेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, परिषद की सीईओ लक्ष्मी नागप्पन सहित नागरिक समाज समूहों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने कहा कि ब्रज वैभव अभियान का उद्देश्य केवल सफाई कराना नहीं, बल्कि स्वच्छता को जनआंदोलन बनाना है। जब ई-रिक्शा जैसे जनसंपर्क के प्रभावी माध्यम स्वच्छता के संदेशवाहक बनेंगे, तो इसका संदेश बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और ब्रज में आने वाले श्रद्धालुओं तक पहुंचेगा।

सावधान देश भर में आया साइबर ठगी का नया तरीका

आगरा। फिक्स्ड डिपॉजिट से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर 5.50 लाख रुपये खाते से निकाल लिए गए। आवास विकास कॉलोनी निवासी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित अजीत ने पुलिस को बताया कि नौ फरवरी की शाम उनकी जानकारी के बिना इंडसइंड बैंक से छह लाख रुपये के फिक्स डिपॉजिट तोड़े गए। इसके बाद 5.50 लाख रुपये बैंक खाते से आईएमपीएस के जरिये निकाल लिए गए। अजीत का कहना है कि उन्होंने न कोई ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा की और न ही किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक किया। उन्होंने किसी भी ट्रांजेक्शन को अधिकृत नहीं किया था। बैंक में पत्नी को भेजकर खाता चेक कराया तो रकम निकाले जाने की जानकारी हुई। उन्होंने बैंक को सूचना देने के साथ साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत की। मामले में पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम आदित्य कुमार ने बताया कि साइबर अपराधी अब अपना तरीका बदल रहे हैं। एपीके फाइल भेज मोबाइल हैक करने के बाद लंबे समय तक नजर रखते हैं। इसके चलते पीड़ित को समझ नहीं आता कि उससे कहां गलती हुई और वह साइबर ठगी का शिकार हो गया। बीते दिनों एक कांट्रेक्टर के साथ ऐसा ही मामला हुआ था। ठगी से बचने को अपने मोबाइल को समय-समय पर अपडेट करते रहना चाहिए। वहीं क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग से लाखों रुपये की ठगी कर ली। सोशल मीडिया के जरिए बुजुर्ग को विदेशी क्रिप्टो मार्केट में निवेश का लालच दिया गया। अलग-अलग फीस और सिक्योरिटी के नाम पर उनसे लाखों रुपये की रकम ऐंठ ली गई। बुजुर्ग की मौत के बाद जब उनके बेटे ने बैंक खातों की जांच की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। बताया गया है कि साइबर ठगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से बुजुर्ग से संपर्क किया। उन्हें विदेशी क्रिप्टो मार्केट में निवेश करने पर बेहतर रिटर्न मिलने का भरोसा दिलाया गया। ठगों की बातों में आकर बुजुर्ग ने शुरूआत में करीब नौ लाख रुपये निवेश कर दिए। इसके बाद ठगों ने रकम निकालने के लिए नए-नए बहाने बनाना शुरू कर दिया। आरोपियों ने बुजुर्ग से कहा कि निवेश की रकम को खाते में ट्रांसफर करने के लिए कनवर्जन फीस जमा करनी होगी। इस नाम पर उनसे करीब 3.44 लाख रुपये और वसूल लिए गए। ठगों की मांग यहीं नहीं रुकी। इसके बाद बैंक से रकम रिलीज कराने के नाम पर बुजुर्ग से 3.65 लाख रुपये सिक्योरिटी फीस के तौर पर जमा करा लिए गए। इस तरह अलग-अलग मदों में उनसे लाखों रुपये की रकम ठग ली गई। बुजुर्ग को काफी समय तक उम्मीद रही कि निवेश की रकम और मुनाफा उन्हें वापस मिल जाएगा।

- ओटीपी दिया, न पासवर्ड, फिर भी एफडी से उड़ गए 5.50 लाख रुपये; क्रिप्टो में मुनाफे का झांसा देकर बुजुर्ग से लाखों की ठगी

राज्यों का बढ़ता कर्ज

राज्यों की वित्तीय सेहत लगातार बिगड़ रही है। चुनावी योजनाओं, खराब वित्तीय प्रबंधन और संसाधन जुटाने में आने वाली सियासी चुनौतियों के बीच राज्यों का कर्ज लगातार बढ़ रहा है। अब इसी बात को सीएजी ने अपनी रिपोर्ट के माध्यम से रेखांकित किया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा राज्यों के वित्तीय ऑडिट की हालिया रिपोर्टों ने शीर्ष बजट आंकड़ों और कई राज्यों की वास्तविक वित्तीय हालत के बीच अंतर उजागर कर दिया है। लेखा परीक्षक ने पाया कि बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने जो राजस्व और राजकोषीय घाटा बताया, वह वास्तविक घाटे से कम था। यह अंतर बजट के बाहर उधारी, व्यय के गलत वर्गीकरण, पेंशन अंशदान देर से पहुंचाने और दूसरी बकाया देनदारियों को ध्यान में रखने के बाद सामने आया। बजट से बाहर उधारी पर राज्यों की बढ़ती निर्भरता सबसे बड़ी चिंता है। सरकारी स्वामित्व वाले उपक्रम, विशेष उद्देश्य से बनी कंपनियां और सरकार नियंत्रित संस्थाएं ये ऋण लेती हैं और अनुदान, गारंटी या समर्पित राजस्व के जरिये इन्हें भरना राज्यों को पड़ता है। ऐसी उधारी का

राज्यों का बढ़ता कर्ज और राजकोषीय घाटा दरअसल आने वाले दिनों में बड़ी वित्तीय चुनौती बन सकती है।

इस्तेमाल अक्सर बुनियादी ढांचे, सब्सिडी या घाटे में चल रही सरकारी कंपनियों को वित्तीय मदद देने के लिए की जाती है और यह सरकार के बही खातों में तत्काल देनदारी के रूप में नजर नहीं आती। इससे शीर्ष राजकोषीय संकेतकों की विश्वसनीयता कमजोर पड़ती है। सोलहवें वित्त आयोग के लिए हाल में तैयार एक रिपोर्ट में विश्व बैंक ने पाया कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु ने 2021 से 2023 के बीच बड़े पैमाने पर बजट से इतर उधारी ली, जो उनके सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 0.6 से 4 फीसदी के बीच रही। यहां असल समस्या है राज्यों द्वारा पारदर्शी और एकसमान रूप से नहीं बताया जाना। एक के बाद एक वित्त आयोग और भारतीय रिजर्व बैंक बार-बार यह चिंता जताते रहे हैं। रिजर्व बैंक का तर्क है कि राजकोषीय उत्तरदायित्व का कानून केवल घाटे के आंकड़ों की निगरानी नहीं करे बल्कि व्यापक राजकोषीय जोखिमों का आकलन भी करे। उसने जोखिम-आधारित राजकोषीय ढांचे की सिफारिश की है, जिसके अंतर्गत सरकारें बजट से इतर उधारी, गारंटी, आकस्मिक देनदारियों और पेंशन दायित्व को व्यापक राजकोषीय जोखिम विवरणों के जरिये नियमित रूप से सार्वजनिक करें। सीएजी के निष्कर्षों ने व्यय के वर्गीकरण में कमजोरी भी सामने आई हैं। कई राज्यों ने नियमित राजस्व व्यय को पूंजीगत व्यय दिखा दिया, जिससे राजस्व घाटा कम दिखा और पूंजीगत व्यय बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। ऐसे गलत वर्गीकरण से न केवल राजकोषीय संकेतक बिगड़ते हैं बल्कि सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता के बारे में भ्रामक धारणा भी बनती है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में उल्लेख है कि बजट से इतर ऋण चुकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले अनुदान अक्सर इस शीर्षक के अंतर्गत रख दिए जाते हैं, जिससे उनका असली उद्देश्य स्पष्ट नहीं होता। सीएजी ने देखा कि बड़ी राशि भी इस शीर्षक के अंतर्गत दर्ज की जाती है, जिससे विधायिका, निवेशकों और नागरिकों के लिए यह समझना कठिन हो जाता है कि सार्वजनिक धन वास्तव में कहां खर्च किया जा रहा है। स्टैंडर्ड राजकोषीय रिपोर्टिंग व्यवस्था में प्रत्येक राज्य के लिए बजट के साथ-साथ बजट से इतर उधारी, गारंटी, संभावित देनदारियों, एस्क्रो राजस्व (किसी विशेष उद्देश्य के लिए अलग), अप्रदत्त वैधानिक दायित्व और पेंशन देनदारियों को भी सार्वजनिक करना आवश्यक होना चाहिए। रिजर्व बैंक ने पहले ही कहा है कि राज्यों को मध्यम-अवधि व्यय ढांचा भी अपनाना चाहिए ताकि बहुवर्षीय व्यय योजना के माध्यम से नीतिनिर्माण को बजट निर्माण के साथ बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके और राजकोषीय जोखिम विवरण नियमित रूप से प्रकाशित किए जाएं।

विचार

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है।कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं औरवह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्तिजब तक किसी वस्तुके लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

आतंकी साजिश के साये में सुरक्षा बलों की वर्दी

मनोज वार्ष्णेय

> आर्म्ड फोर्स, पैरा मिलिट्री तथा स्थानीय सुरक्षा कर्मियों के साथ अगर भरोसा टूटता है तो आतंकवाद को और असामाजिक तत्वों को ही लाभ होता है। बेहतर हो कि अब इस दिशा में खुद यह सभी जागरुकता अभियान चलाएं अन्यथा डिजिटल अरेस्ट या सुरक्षा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं कम होने के स्थान पर बढ़ेगीं और भरोसा टूटेगा वह अलग।

देश में आतंकवाद अब कई अन्य रूपों में सामने आ रहा है। इसमें सेना तथा पुलिस की वर्दी भी अब आतंकवादियों तथा गैर कानूनी काम करने वालों के निशाने पर है। जनता और सुरक्षा बलों के बीच कायम सद्भावना को खत्म करने, दहशत फैलाने तथा आर्म्ड फोर्स पर से जनता का भरोसा तोड़ने के लिए वर्दी से मिलते-जुलते कपड़ों का इस्तेमाल आतंकवादियों ने खुलेआम करना आरंभ कर दिया है। हाल में राजस्थान के श्रीगंगानगर में आर्मी इंटेलिजेंस ने पुलिस के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर इस साजिश को पकड़ा। यहां के स्टेशन रोड तथा गोल बाजार में करीब एक दर्जन दुकानों पर छापेमारी की गई और बरामदगी में एक हजार मीटर से अधिक ऐसा कपड़ा मिला, जो सेना की नई डिजिटल कॉम्बेट यूनिफार्म की नकल था। इतना ही नहीं ऐसे जूते, टोपी, बेल्ट, फीते आदि भी बरामद हुए जिन्हें सेना प्रयोग करती है। सेना ने इसे सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा माना। चिंता की बात यह है कि यह क्षेत्र पाकिस्तान से जुड़ी सीमा का है। अभी कुछ दिन पहले ही जब काकरोच पार्टी का जंतर-मंतर पर धरना चल रहा था, तो वहां पर भी पुलिस वर्दी में तोड़फोड़ की साजिश की बात सामने आयी थी। पश्चिम बंगाल के एसटीएफ ने कहा था कि उसने जिस संदिग्ध को पकड़ा है, वह जैश-ए-मोहम्मद से आपरेटिव है। उसने इस आंदोलन में पुलिस की वर्दी में घुसपैठ और अशांति की साजिश रची।

आईजी गौरव शर्मा ने तो यहां तक कहा कि इस आतंकी मॉड्यूल के निशाने पर मुख्यमंत्री शुभेन्द्र अधिकारी भी थे। समझा जा सकता है कि वर्दी की आड़ में किस तरह से आतंक का पैतरा चलने की चाल चली जा रही है। यहां पर यह बात भी ध्यान रखने की है कि जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के दौरान पुलिस का आंदोलनकारियों पर दमन के वीडियो जिस तरह से सामने आ रहे हैं, उससे यह शंका पुख्ता होती है कि कहीं कोई साजिश तो नहीं थी। वैसे कोर्ट भी कह चुका है कि इस तरह का दमन सही नहीं है। यह बात अलग है कि अभी तक यह साफ नहीं हुआ है कि बर्बरता करने वाले पुलिस कर्मी कौन थे

और किसने सद्भावना की सारी सीमाएं तोड़ी? पुलिस का यह कहना कि वहां पर दो हजार से अधिक गैरकानूनी काम करने वाले थे।

सामयिक

दरअसल, वर्दी चाहे पुलिस की हो, आर्म्ड फोर्स की हो या फिर अन्य सुरक्षा बलों की हो। सभी के प्रति आम जनता में एक सम्मान है और इसकी उपस्थिति ही सुरक्षा की गारंटी मानी जाती है। आतंकवादी लंबे समय से इसी का लाभ उठा रहे हैं और जब, तब इसकी आड़ में आतंक की घटनाएं करते रहते हैं। पुलवामा, पठानकोट, पहलगाम, नगरोटा, कठुआ, सांबा, राजौरी तथा पुंछ की घटनाएं हों या फिर कालूचक नरसंहार, उरी और सुंजवां का मामला सभी में यह बात सामने आयी की आतंकवादियों ने सेना या पुलिस की वर्दी का उपयोग किया। सुरक्षा घेरे को चकमा देने तथा अपनी पहचान छिपाने के लिए इस तरह की जब घटनाएं अधिक हुई तो सेना ने वर्ष 2023 में नई डिजिटल पैटर्न कॉम्बेट यूनिफार्म लागू की। अधिक सुरक्षा के लिए रक्षा मंत्रालय ने इसकी नकल को बाजार में बेचने पर रोक लगायी और कहा कि यह अपराध की श्रेणी में आयेगा। इसके बाद भी देश में इस तरह का कपड़ा आसानी से मिल रहा है।

दिल्ली में ही आजाद नगर, महालक्ष्मी मार्केट इसके केन्द्र बने हैं। देशभर में सैन्य छावनी क्षेत्र में अधिकृत दुकानों के अतिरिक्त दूसरी दुकानों पर यह जब आसानी से मिल रहा है, तो आतंकवादियों को इसे खरीदने में कोई परेशानी नहीं हो रही। पंजाब, राजस्थान, गुजरात तथा बिहार के उन क्षेत्रों में तो खतरा और अधिक है। यहां पर दूसरे देशों की सीमा से इन वर्दियों की बदौलत घुसपैठिए घुस रहे हैं। उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड की सीमा नेपाल से लगती है और वहां पर अवैध घुसपैठ करने वाले आसानी से इसी योजना को फलीभूत करके भारत में आ रहे हैं। कुछ समय पहले पंजाब के गुरदासपुर तथा चाकरी पोस्टों पर आधा दर्जन आतंकी देखे जाने की बात सामने आयी, खतरनाक यह कि इनके पास सेना के कैप्टेन, सुबेदार रैंक की वर्दी होने की जानकारी थी। जहां तक पंजाब का मामला है, तो यहां पर तो एक दशक पहले सेना की वर्दी हजार रुपए में आसानी से मिलना आम बताया जाता है। जहां तक सेना-पुलिस की वर्दी के दुरुपयोग की बात है, तो इस वक्त पुलिस की वर्दी का प्रयोग तो आम हो गया है। डिजिटल अरेस्टर पुलिस जैसी वर्दी में यह काम धड़ल्ले से कर रहे हैं।

जब देश में डाकुओं का आतंक था, तो वह तो अधिकतर इसका प्रयोग करते थे, जिससे जनता भ्रमित हो जाती थी। वैसे मेले, सामाजिक कार्यक्रमों में खाकी ड्रेस में सुरक्षा कर्मी हर जगह नजर आते हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि वर्दी का खौफ अब खतरे में है? सुरक्षाकर्मियों के पास उनके अपने कोडवर्ड होते हैं, वह जब कहीं पर मूवमेंट में होते हैं, तो उनके पास खुद की सुरक्षा के लिए कई अन्य रास्ते भी होते हैं। इसके विपरीत आम जनता में उनकी असली पहचान आसान नहीं होती। कारण सेना हो या पुलिस की ड्रेस इन्हें खरीदकर पहन लेना और फिर वैसा ही बर्ताव करना यह आतंकवादी या असामाजिक तत्व आसानी से कर सकते हैं।

जेके में तो आतंकवादियों की इसी हरकत से सेना काफी बदनाम भी हुई थी। एक समय था, जब वहां पर सेना के लिए कहा जाता था कि वह घरों में घुसकर आम जनता से दुर्व्यवहार करती है। आतंकवादियों की चाल को नाकाम करने के लिए सुरक्षा बलों को अधिक मजबूत रणनीति अपनानी पड़ती है। जल्दी-जल्दी पासवर्ड बदलना या फिर दूसरे उपायों पर उसका अधिक समय खर्च होता है। गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस तथा दीपावली, होली या अन्य राष्ट्रीय-सामाजिक पर्वों पर खास चैकसी बरतनी होती है। रक्षा विशेषज्ञ कहते हैं कि इस तरह का काम सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। पहले तो पहचान का कंफ्यूजन रहता है फिर वर्दी देखकर जब आम लोग तुरंत भरोसा कर लेते हैं। कई बार यह चेकिंग से भी बच जाते हैं। इससे इन्हें चेक पोस्टों में घुसने में आसानी रहती है। बाद में इस तरह की बात सामने आती है, तो लोगों का भरोसा टूटता है।

अगर कानूनी तरीके से देखें तो वर्दी की नकल करना कानूनन जुर्म है। तीन माह से लेकर दो साल तक की कैद के साथ ही आर्थिक दंड भी सजा में शामिल है। यह कह देना कि इसमें पाकिस्तान का हाथ है, भी पूरी तरह से सही नहीं है। कारण सीधा सा है कि कई बार वर्दी ऐसे लोग भी पहन लेते हैं, जो पहले कभी सेवा में रहे हों, कई बार पुलिस या सेना से बचने के लिए भी वर्दी का इस्तेमाल लुटेरे या अन्य क्रिमिनल करते हैं। पर इन सभी का मकसद एक ही होता है धोखा देकर दहशत फैलाना तथा जनता का भरोसा खत्म करना। आर्म्ड फोर्स, पैरा मिलिट्री तथा स्थानीय सुरक्षा कर्मियों के साथ अगर भरोसा टूटता है तो आतंकवाद को, असामाजिक तत्वों को ही लाभ होता है। बेहतर हो कि अब इस दिशा में खुद यह सभी जागरुकता अभियान चलाएं अन्यथा डिजिटल अरेस्ट या सुरक्षा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं कम होने के स्थान पर बढ़ेगीं और भरोसा टूटेगा वह अलग।

सोशल मीडिया

पूरा देश देख रहा है कि झारखंड में छात्र शांति पूर्ण और अनुशासित संघर्ष कर रहे हैं, न गाली गलौज, न अभद्र भाषा, न अज्ञान पेमेंट से महंगा भोजन, न पिकनिक जैसा माहौल। सुधांशु त्रिवेदी.

केरल में भारी बारिश से हुई तबाही से दुख हुआ, जिन 8 लोगों की जान गयी है, उन परिवारों के प्रति गहरी संवदेना है, लापता हैं वे सुरक्षित मिलें और घायल शीघ्र स्वस्थ हों। राहुल गांधी

बदायूं में डॉक्टर के साथ हुए दुर्व्यवहार और अमानवीय तरीके से की गयी मारपीट से केवल उप्र ही नहीं पूरे देश के डाक्टर आक्रोशित हैं। हमले का मुकदमा दर्ज हो यहां। अखिलेश यादव

मनीषियों का सानिध्य

अंतर्दृष्टि

सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सानिध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्य्रम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

अंधा हूं लेकिन नासमझ नहीं

व्यंग्यलोक

एक गधा धार्मिक प्रवचन देने का धंधा किया करता। चालाक भेड़िया उसका प्रधान धर्म चेला हुआ करता। शाम के समय जब उल्लू अपने कोटर से बाहर निकल कर एक मीठी सियासी तान छेड़ रहा था, तब गधे ने भेड़िए को अपने पास बुलाया। उसे अधर्म और अनीति के आसन पर बिठाया और धर्माचरण के लिए एक कहानी का अंश सुनाया। हे प्रिय चतुर चालाक भेड़िशिष्य श्रेष्ठी! सुन! एक छोटी-सी धार्मिक कहानी मैं पढ़ता था। चतुर लोगों ने धर्म को अंधा बना दिया है। इसलिए अब धर्म जन्मांध होने लगा है। वह जहर के खेत बोने लगा है। अंधा धर्म और उसका एक धार्मिक आस्थावान आंख वाला मित्र एक कुर्सी के लिए संवैधानिक मूल्यों को पार करते थे। वे दोनों अलग-अलग कुर्सी यात्रा पर निकले थे, रास्ते में मिलना हो गया और उस धार्मिक आस्थावान मित्र ने उस अंधे धर्म को अपने साथ ले लिया। वे कुछ दिन साथ-साथ चले, उनमें मैत्री घनी हो गई। एक दिन सुबह अंधा धर्म पहले उठ गया, सुबह उसकी नींद पहले खुल गई। उसने टटोलकर अपनी सियासी पार्टी के झंडे वाली लकड़ी ढूंढ़ी। चुनावों की रात थी और वोटिंग के दिन थे। लकड़ी तो उसे नहीं मिली। एक पुराने मुद्दों का सांप पड़ा हुआ था। यह नए चुनावों के मारे एकदम सिकुड़कर कड़ा हो गया था। उसने उसे उठा लिया। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी तो खो गई, लेकिन उससे बहुत ज्यादा बेहतर, बहुत प्रभावी और जनता में तनाव पैदा करने वाली सुंदर लकड़ी तुमने मुझे दे दी। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि तुम बड़ी कृपालु हो। उसने उसी लकड़ी से अपने आंख वाले आस्थावान मित्र को धक्का दिया और उठाने की कोशिश की कि उठो, सुबह हो गई है। वह आंख वाला मित्र उठा। देखकर घबड़ाया। उसने कहा- तुम हाथ में ये क्या पकड़े हुए हो? इसे एकदम छोड़े दो। ये पुराने मुद्दों का घनघोर विषधारी सांप है और यह जनता के लिए खतरनाक हो जाएगा। वह अंधा धर्म बोला- मित्र! ईर्ष्या के कारण तुम मेरी इस कुसीमार्गी लकड़ी को सांप बता रहे हो! चाहते हो कि मैं इसे छोड़ दूं, तो तुम इसे उठा लो। अंधा जरूर हूं, लेकिन इतना नासमझ नहीं हूं। पुराना पका-पकाया धर्म हूं! उस आंख वाले धार्मिक आस्था पुरुष ने कहा- पागल हो गए हो? उसे एकदम छोड़ दो। वह सांप है और देश-दुनिया की जनता के लिए खतरा है। अंधा धर्म हंसा और बोला- तुम इतने दिन मेरे साथ रहे लेकिन ये नहीं समझ पाए कि मैं भी समझदार हूं। तुम्हारी तरह परम कुर्सी मार्गी हूं। मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी खो गई है और टीवी डिबेट ने एक बहुत सुंदर लकड़ी मुझे दे दी है, तो तुम उसे सांप बता रहे हो? वह अंधा धर्म गुस्से में, मित्र की ऐसी ईर्ष्या और जलन को देखकर, अपने रास्ते पर चल पड़ा।

राम विलास जॉगिड़

जब अंग्रेजों के लिए बुरा सपना बन गये थे 'जासूस'

प्रतिबिंब

कल्पना कीजिए आधी रात का समय है। एक साधारण-सा डाकिया किसी घर के बाहर एक अखबार छोड़ जाता है। अखबार की इबारत में किसी एक विशेष शब्द पर लाल स्याही का छोटा सा निशान बना है। अगले ही दिन सैकड़ों किलोमीटर दूर एक क्रांतिकारी को यह संदेशा मिल जाता है कि हथियारों की खेप सुरक्षित पहुंच गई है। अंग्रेजों की खुफिया पुलिस ऐसा नहीं है कि अखबार नहीं पढ़ती थी, लेकिन उसे, उसमें कुछ भी असामान्य नहीं दिखता था और इन्हीं अखबारों के जरिये क्रांतिकारियों के लिए सूचनाओं का आदान-प्रदान खूब धड़ल्ले से हो जाता था। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का वह अदृश्य युद्ध था, जिसमें गोलियों से कहीं ज्यादा खतरनाक गुप्त संदेश और इन गुप्त संदेशों को इधर से उधर भेजने वाले जासूस हुआ करते थे। भारत की आजादी की लड़ाई केवल खुले मैदानों में नहीं लड़ी गई। इसके पीछे ऐसे छाया-युद्धों की दुनिया भी मौजूद रही है, जहां न वर्दी होती थी, न पहचान और न की कोई पदक। यहां जीत उसी की होती थी, जो दुश्मन की आंखों में धूल झोंक सकता था। अंग्रेजों के पास एक लंबी-चैड़ी खुफिया व्यवस्था थी, लेकिन भारतीय क्रांतिकारियों ने उन्हीं से सीखकर एक ऐसा गुप्त नेटवर्क तैयार कर लिया था, जिसने ब्रिटिश साम्राज्य की नींद उड़ा दी थी।

क्रांतिकारी जानते थे कि सीधे मुकाबले में वे अंग्रेजी सेना का बाल भी बांका नहीं कर सकते। इसलिए उन्होंने अंग्रेजों से जंग के लिए ऐसे-ऐसे तरीके इजाद किये कि अंग्रेजी साम्राज्य असहाय होकर रह गया। कोई क्रांतिकारी साधु बनकर यात्रा करता और महत्वपूर्ण संदेश को एक जिले से दूसरे जिले तक ही नहीं बल्कि देश के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता था। कोई फेरीवाला गांव-गांव घूमता और अंग्रेजों के विरूद्ध योजनाओं की पूरी लिस्ट आम आदमियों तक पहुंचा देता। कोई रेलवे कर्मचारी बनकर सैनिक गतिविधियों की खबरें जुटाता था। देखने वालों को ये बिल्कुल सामान्य इंसानों जैसे लगते, लेकिन यही सामान्य लोग अंग्रेजी साम्राज्य के विरूद्ध क्रांतिकारी गतिविधियों की योजनाओं को एक जगह से दूसरी जगह इतनी सफाई से पहुंचाते कि अंग्रेजों की भारी भरकम फौज और खुफियातंत्र बस देखता ही रह जाता। वास्तव में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को खतरनाक इन्हीं अबूझ पहेलियों ने बनाया था। ब्रिटिश पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती उन दिनों यह होती थी कि वह दुश्मन को लाख कोशिशों के बाद भी पहचान नहीं पाती थी। कोई स्कूली शिक्षक, कोई किसान, कोई डाकिया या कोई साधारण दुकानदार। कौन, कब, कहां और किस समय गुप्त जासूसी का हिस्सा होता? अंग्रेज बहुत कोशिशों के बाद भी इस सच्चाई को जान नहीं पाते। इसलिए क्रांतिकारियों की ज्यादा से ज्यादा गुप्त योजनाएं अपने मकसद में किसी हद तक सफल हो जाती थीं।

भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की भले गुप्तचरी को लेकर कोई औपचारिक ट्रेनिंग नहीं हुई थी, लेकिन उन्होंने अपनी कल्पनाशीलता से ऐसे-ऐसे तरीके ईजाद कर लिए थे कि बाद में उनके वही सब तरीके एक सफल गुप्तचरी के पाठ बन गये। स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के गुप्तचरी के कारनामें किसी बेहद पठनीय जासूसी उपन्यासों से कम नहीं थे। कहीं अदृश्य स्याही से पत्र लिखे जाते थे, जो आग या किसी विशेष रसायन के संपर्क पर ही पढ़े जा सकते थे। कहीं सामान्य पारिवारिक चिट्ठियों में घरेलू बातों के बीच कुछ ऐसे शब्द रख दिये जाते थे, जो पूरी योजना को पत्र पढ़ने वाले तक पहुंचा दिया करते थे। कई बार एक ही संदेश किसी क्षेत्र विशेष में अलग-अलग लोगों को टुकड़ों के रूप में भेजा जाता और फिर संकेत दिया जाता कि वो लोग आपस में मिलकर उन टुकड़ों को जोड़कर योजना का मसौदा जान लें। पुलिस की गतिविधियों और हथियारों की आवाजाही तथा बड़े अफसरों के कार्यक्रमों पर स्वतंत्रता सेनानियों की हमेशा पैनी निगाह रहती और इसे वह बड़ी सफलता से संकेतों के माध्यम से एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचा देते। बार-बार स्वतंत्रता सेनानियों से मात खाने के बाद हालांकि ब्रिटिश सरकार ने भी इसी तर्ज पर एक अनौपाचारिक खुफिया तंत्र विकसित किया था, जो उस समय की सीआईडी जैसी संस्था को गुप्त रूप से सूचनाएं पहुंचाता था, लेकिन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ऐसी हर तरह की कोशिशों पर भारी पड़ते थे। क्योंकि जब तक ब्रिटिश सत्ता क्रांतिकारियो के किसी जासूसी के तरीके को जान पाती थी, तब तक क्रांतिकारी किसी दूसरे तरीके पर काम शुरू कर देते। **एन.के. अरोड़ा.**

आप की बात

समर्थन और विरोध के वाहक

विचारों की शक्ति पर अपने समय में काफी काम हुआ है ।यह माना गया कि ध्वनि ,प्रकाश और ताप की तरह चेतना क्षेत्र में विचारों की भी एक जीवंत शक्ति है। तभी अध्ययन का क्रम चला। सत्संग की व्यवस्था हुई । परामर्श और प्रवचन की शैली का विकास हुआ। विचारों ने विचारों को काटा और विचारों ने विचारों का समर्थन किया।

व्यक्तियों और समाजों को ऊंचा उठाने गिराने में विचारों की असाधारण भूमिका रही है। कई बार लोगों के मौलिक विचार भी नहीं होते। मगर कुछ कर गुजरने की इच्छा गहरी होती है। किसी को अपना जीवन लक्ष्य बनाने के लिए कौन से विचार ग्रहण करने चाहिए इसका सबसे सरल उपाय है कि विचारों को सुनना होगा। फिर मन में विचार करना होगा कि हमारे कौन से विचार श्रेष्ठ हैं। यह समझना होगा कि जिन विचारों को मन में गहरे ले जा रहे हैं, उनमें हमारा सामंजस्य है या नहीं। हमारी क्षमताएं उन विचारों के क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं । उन्हें लागू करने के लिए बड़े संयम और धैर्य की आवश्यकता होती है। बुद्धिमानी इसी में है कि जो उपलब्ध है उसी का आनंद लिया जाए।

अशोक सिंह, लखनऊ.

संसाधनों का बंटवारा

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास की रफ्तार भी तेज हो और इसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। तभी राष्ट्र का कल्याण होगा।

ज्ञान प्रकाश वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विवि के कुलपति को एनसीसी की मानद कर्नल रैंक

वाराणसी। राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ग्रुप मुख्यालय, वाराणसी बी की ओर से बुधवार को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के मुख्य भवन में आयोजित सम्मान एवं अलंकरण समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा को एनसीसी की मानद कर्नल रैंक प्रदान की गई।यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान तथा विश्वविद्यालय में एनसीसी की गतिविधियों और राष्ट्रनिर्माण की भावना को प्रोत्साहित करने में उनके सहयोग के लिए दिया गया।

सपा सरकार बनी तो आजम खान को बनायेंगे गृहमंत्री : शिवपालरामपुर।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने ब्में उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर मोहम्मद आजम खान को गृहमंत्री बनाया जायेगा।

ललितपुर में तिरंगा मेला का भव्य आयोजन

जिला संवाददाता

ललितपुर। हर घर तिरंगा अभियान 2026 के अंतर्गत देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत तिरंगा मेला,

- जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने तिरंगा प्रदर्शनी व विभागीय स्टॉलों को देखकर की प्रसंशा

प्रदर्शनी एवं तिरंगा म्यूजिकल कन्सर्ट का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिओम निरंजन सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा तिरंगा प्रदर्शनी व विभागीय स्टॉल लगाये गए थे, जिनका जिलाधिकारी सत्यप्रकाश व जनप्रतिनिधिगणों ने फीता काटकर उद्घाटन किया और विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों ने देशभक्ति से सरावोर गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जिलाधिकारी ने प्रस्तुति देने वाले बच्चों को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि बच्चों ने आज जितनी अच्छी प्रस्तुति यहां दी है, उसी प्रकार अपनी पढ़ाई में भी अच्छा प्रदर्शन करें, जिससे अच्छे भविष्य का निर्माण हो सके। उन्होंने अभिभावकों से भी कहा कि अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार की गतिविधियां करायें और बच्चों का सर्वांगीण विकास करें। उन्होंने सभी जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के वीर सपूता, जवानों और देश की आजादी के लिए न्यौछावर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दिनेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सजंय मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल, जिला बेसिक अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता, पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल सहित भारी संख्या में जनसमूह आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन ब्रज मोहन संज्ञा किया गया तथा कार्यक्रम में पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल का विशेष सहयोग रहा।

युवक के 1.27 लाख रुपये पुलिस ने कराए वापस

ललितपुर। ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार एक युवक के खाते से ठगी गई 1,27,501 रुपये की पूरी धनराशि को कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वापस करा दिया। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक समेत कोतवाली पुलिस की सराहना करते हुए आभार जताया। बिदुआ कॉलोनी निवासी पवन पुत्र रविन्द्र के साथ ऑनलाइन माध्यम से कुल 1,27,501 रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी। मामले की शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से पुलिस को प्राप्त हुई थी।

शिकायत मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेजों का अवलोकन कर तकनीकी विश्लेषण किया। इसके बाद पुलिस टीम ने संबंधित वित्तीय एजेंसियों, बैंकों और वॉलेट से संपर्क स्थापित कर आवश्यक पत्राचार एवं ई-मेल के माध्यम से कार्रवाई की।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी के नेतृत्व में मंडल महादेवा में निकली तिरंगा यात्रा

बाराबंकी। विधानसभा रामनगर अन्तर्गत महादेवा में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी व एमएलसी अंगद सिंह के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जंहा हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकताओं ने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश दिया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्री द्विवेदी ने कहा कि भाजपा परिवार ही भारत माता की जय बोलते है। बाकी दलो को वंदे मातरम्‌ और भारत माता की जय से परहेज है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों को राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक किया गया है। इस अवसर पर अमित सिंह, अशोक शुक्ला, संजय तिवारी, अल्का मिश्रा, वैभव मिश्रा, रंजीत कौशिक, महेश तिवारी, बिंद्रा वर्मा, कमलेश अवस्थी, अनमोल तिवारी, भरत लाल सिंह, भानु प्रताप सिंह, मनोज श्रीवास्तव, सुनील सिंह, सुधीर सिंह आदि मौजूद रहे।

संरक्षित भूमि के संबंध में आपत्ति कार्यालय में करे प्रस्तुत

बाराबंकी। सहायक पर्यटन अधिकारी मनीषा चौधरी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्राचीन स्मारकों, स्थानों को संरक्षित स्मारक घोषित करने हेतु जारी अधिसूचना के अन्तर्गत राजा कुंवर गिरधारी सिंह की समाधि व बारादरी की संरक्षित भूमि के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

बलिया में लापता वकील का शव बरामद

बलिया । जिले के दुबहड़ क्षेत्र में लापता एक वकील का शव बुधवार को बरामद हुआ। वह भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने निकले थे। इससे पहले वकील की पत्नी का शव मिला था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुबहड़ थाना क्षेत्र के बयासी पुल के पास गंगा नदी में सोमवार की रात एक महिला का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त 52 वर्षीय इन्दू देवी के रूप में हुई थी। सूत्रों ने बताया कि परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश दुबे व उनकी पत्नी इन्दू भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए सोमवार की शाम को जल लेने गंगा नदी पर गये थे लेकिन उसके बाद वे लापता हो गये।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

पीलीभीत। जिले में गजरौला क्षेत्र स्थित गढ़ा जंगल में ट्रक की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। थानाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि मृतकों की पहचान विकास कुमार (23) और विशाल (26) के रूप में हुई है। दोनों जिले के माधोटांडा क्षेत्र के रहने वाले थे। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आवश्यक कार्वाई की जा रही है।

उन्होंनेकहाकि प्रथम दृष्टया ऐसी आशंका है कि यह हादसा ट्रक की टक्कर से हुआ। पुलिस ने टोल प्लाजा से ट्रकों की आवाजाही संबंधी जानकारी जुटाई, जिसमें पता चला कि संबंधित ट्रक पीलीभीत से पूरनपुर की ओर गया था। पुलिस ट्रक की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

आवारा कुत्तों के हमले में किसान की मौत

मेरठ। जिले में गन्ने के खेत में काम कर रहे एक किसान की आवारा कुत्तों के कथित हमले के बाद मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, किठौली गांव निवासी लक्ष्मी सैनी (55) मंगलवार सुबह करीब आठ बजे अपने खेत में गए थे। शाम करीब चार बजे तक जब वह घर नहीं लौटे तो उनके बड़े बेटे जितेंद्र ने अपने बेटे ईशांत को उनकी तलाश में खेत पर भेजा। ईशांत ने कथित तौर पर अपने दादा को जमीन पर पड़ा देखा और उनके आसपास आवारा कुत्तों का झुंड था। उसने शोर मचाया और गांव की ओर भागा। इसके बाद परिजन और ग्रामीण लाठियां लेकर खेत पहुंचे, जिसके बाद कुत्ते वहां से भाग गए। पुलिस ने बताया कि सैनी मृत पाए गए और उनके शरीर पर कुत्तों के काटने से लगी चोटों के निशान थे। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इलाके में आवारा कुत्तों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और वे किसानों तथा बच्चों के लिए खतरा बने हुए हैं। बताया गया कि ग्रामीणों ने करीब एक घंटे तक शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से भी रोक दिया। सरधना के क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि पुलिस को शुरुआत में सूचना मिली थी कि सैनी पर कुछ जंगली जानवरों ने हमला किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। वन विभाग तथा स्थानीय प्रशासन को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

गंगा में नाव से गिरकर बालक की मौत

प्रयागराज। बुधवार को प्रयागराज में गंगा स्नान के लिए मां के साथ नाव से जा रहे 10 वर्षीय बालक की नदी में डूबने से मौत हो गई। नाव के बीच धारा में पहुंचने पर संतुलन बिगड़ने से बालक गहरे पानी में गिर गया। काफी प्रयास के बाद उसे नदी से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मेजा तहसील क्षेत्र के चौकी गांव निवासी गजानंद का 10 वर्षीय पुत्र शिवानंद अपनी मां के साथ गंगा स्नान के लिए निकला था।

शीलम गुप्ता बनीं जीजीआईसी महरौनी की स्थायी प्रधानाचार्या

ललितपुर। पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज महरौनी की प्रभारी प्रधानाचार्या श्रीमती शीलम गुप्ता को शासन द्वारा स्थायी प्रधानाचार्या के रूप में इसी विद्यालय में तैनात कर दिया गया है। इसी को लेकर विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिकों द्वारा श्रीमती शीलम गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश द्वारा कहा गया कि शिक्षक का प्रथम दायित्व है कि वह बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही न दें बल्कि उन्हें संस्कार भी दें। शिक्षा पद्धति में भी उन्होंने सुधार करने की बात कहते हुये कहा कि हमें आज अपनी शिक्षण पद्धति में सुधार की जरूरत है, इसके लिए हमें स्वयं में भी सुधार लाना होगा। इस दौरान उन्होंने शीलम गुप्ता को पुष्प एवं उपहार भेंट कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

विधायक ने किया नवनिर्मित लवकुश सामुदायिक भवन का लोकार्पण

ललितपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत ललितपुर विधानसभा के जाखलौन में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह और जोश के साथ सहभागिता की। चारों ओर लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा में ललितपुर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने भी सहभागिता की। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं एवं क्षेत्रवासियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के तत्पश्चात विधायक रामरतन कुशवाहा ने जाखलौन में नवनिर्मित लवकुश सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जनसुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों को निरंतर प्राथमिकता दी जा रही है। विधायक ने कहा कि ललितपुर विधानसभा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ ऐसे कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिले। सामुदायिक भवन जैसे विकास कार्य स्थानीय लोगों के लिए उपयोगी साबित होंगे और सामाजिक आयोजनों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं भारत माता की जय, वंदे मातरम्‌ के जयघोष के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष देशपत कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष विपिन निरंजन, पवन राजा, कृष्ण प्रजापति, रवि पाठक, माधव राजपूत, महामंत्री मनोहर अहिरवार, अजय पाल, राकेश पाल, अवधेश बबेले, क्रांति कुशवाहा, प्रदीप साहू, डॉक्टर हरिओम लोधी, हरिराम निरंजन, सहित अधिकारी एवं कर्मचारी वबड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 के तहत परिवहन विभाग ने पकड़ी रफ्तार

बाराबंकी। स्कूली बच्चों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने हेतु 11 से 25 अगस्त तक मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान के अन्तर्गत परिवहन विभाग ने अनफिट, बिना फिटनेस, बिना परमिट या अधूरे

- बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ पर फिटनेस फेल मिली 2 स्कूली वाहन सीज, 10 चालान

दस्तावेजों के साथ संचालित स्कूली वाहनो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही शुरू कर दी है। अभियान के सम्बन्ध मे जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय ने बताया कि मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान के अन्तर्गत बच्चो की सुरक्षा को लेकर प्रवर्तन टीमो द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। नियम विरुद्ध मिलने वाले वाहनों को सीज तथा चालकों के लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। आज एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम मोहक दूबे की टीम ने बुद्धेश्वर स्कूल मसौली व अवध इंस्टीट्यूट के स्कूली वाहनो का फिटनेस फेल मिलने पर थानो मे निरुद्ध किया। तथा अन्य 10 वाहनो का फिटनेस फेल मिलने पर चालान किये गये।

राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस पर संगोष्ठी

जिला संवाददाता

ललितपुर। पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

- अध्ययन सामग्री का भी उपयोग कर करें ज्ञानार्जन: डॉ. पूजा

कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव,प्रबंध निदेशिका डॉ0 पूजा यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा, नर्सिंग विभाग की प्राचार्या डॉ. आंचल यादव, फामेर्सी प्राचार्य डॉ. विनोद यादव एवं पुस्तकालय अध्यक्ष साहिबा खान द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान, शिक्षा एवं शोध का महत्वपूर्ण केंद्र है।

पुस्तकालय विद्यार्थियों में अध्ययन की आदत विकसित करने के साथ-साथ उनके बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।डायरेक्टर डा0पूजा यादव ने कहा कि आज के डिजिटल युग में पुस्तकालय का महत्व और भी बढ़ गया है। विद्यार्थियों को पुस्तकों के साथ-साथ ई-बुक, ई-जर्नल एवं डिजिटल अध्ययन सामग्री का भी उपयोग करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित पठन-पाठन के लिए प्रेरित किया।

अयोध्या राम मंदिर के सीईओ पद पर दूसरे दिन चार उम्मीदवारों का साक्षात्कार

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पहले पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद के लिए बुधवार को कुल चार उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। उम्मीदवारों से बड़े आयोजनों के दौरान भारी भीड़ को संभालने की क्षमता और मंदिर की व्यवस्थाओं के संचालन से जुड़े सवाल पूछे गए। सूत्रों ने बताया कि सीईओ के लिए चयन प्रक्रिया बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही जिसमें भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी राजेश पांडेय का दूसरी बार साक्षात्कार लिया गया। साथ ही बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक परेश सक्सेना भी साक्षात्कार देने वाले उम्मीदवारों में शामिल रहे। उन्होंने बताया कि ये साक्षात्कार राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में लिए जा रहे हैं क्योंकि न्यास राम मंदिर का प्रशासन और कामकाज देखने के लिए पूर्णकालिक सीईओ का चयन करना चाहता है। सूत्रों के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय चयन समिति में लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विष्णुकांत चतुर्वेदी और सुरेश हवारे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को आठ उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया था और बुधवार को चार आवेदक साक्षात्कार के लिए पेश हुए। साक्षात्कार की प्रक्रिया बृहस्पतिवार को भी जारी रहने की संभावना है। समिति द्वारा उम्मीदवारों से साक्षात्कार में अलग-अलग प्रश्न पूछे गये।

इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के प्रति साइबर विशेषज्ञों ने लगायी जागरुकता कार्यशाला

बाराबंकी। निवेश सुरक्षा जागरुकता अभियान के अन्तर्गत इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के प्रति जागरुकता लाने को लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्ड्ल के तत्वाधान मे गल्ला मंडी परिसर मे साइबर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे साइबर एक्सपर्ट उपनिरीक्षक इफलाक अहमद, आरक्षी राजन यादव, आरक्षी दुर्गेश यादव द्वारा निवेश के नाम पर होने वाली ठगी की पहचान और रोकथाम, सुरक्षित निवेश के मूल सिद्धांतों, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निवेश घोटालों के तरीके, संकेत और बचाव के बारे मे व्यापारी को जागरुक किया गया। साइबर एक्सपर्ट आरक्षी श्री यादव ने इन्वेस्टमेंट फ्रॉड के बारे मे जागरुक

- उ.प्र. आदर्श व्यापार मण्डल के तत्वाधान मे आयोजित कार्यशाला मे व्यापारियो ने साइबर एक्सपर्टो से पूछे सवाल
- व्यापारियों ने सीखा ठगी की पहचान, रोकथाम व लालच मे न फसने का तरीका

करते हुये कहा कि फर्जी व्हाट्सएप, टेलीग्राम ग्रुप, नकली ट्रेडिंग ऐप्स, डीपफेक वीडियो, रकम निकासी के बहाने आदि धोखाधड़ी वाली योजनाये होती हैं जो उच्च रिटर्न का वादा करती हैं। जिससे बचाव करते हुये घबराएँ नहीं, शांत रहें और ऑफर की पुष्टि करें, अविश्वसनीय व बिना किसी जोखिम के रिटर्न पर भरोसा न करें, संदिग्ध ट्रेडिंग ऐप्स का प्रचार करने वाले सोशल मीडिया ग्रुप से दूर रहें, अगर रिटर्न समय के साथ बहुत ज्यादा लग रहा हो, तो सतर्क रहे। इस दौरान साइबर एक्सपर्ट द्वारा कई व्यापारियो के सवालों का जवाब देते हुये व्हाट्सएप, टेलीग्राम और फर्जी ट्रेडिंग ऐप्स के तरीकों और बचाव के बारे मे बताते हुये क्रेडेंशियल्स जांचने, गारंटी रिटर्न से बचने, सोशल मीडिया टिप्स नजरअंदाज करने तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, नजदीकी पुलिस थाने तथा साइबर अपराध की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की जानकारी दी। साइबर एक्सपर्ट आरक्षी दुर्गेश यादव ने व्यापारियो से सोशल मीडिया, व्हाट्सएप या टेलीग्राम ग्रुप पर कम समय में पैसा दोगुना या भारी मुनाफे का लालच देकर निवेश के नाम पर साइबर ठगी से बचने के लिये प्रेरित किया। तथा किसी भी अनजान ऐप, लिंक या व्यक्ति के झांसे में न आने तथा निवेश से पहले प्लेटफॉर्म की वैधता व पंजीकरण की जांच अवश्य करने की अपील की। इसके उपरान्त साइबर सेल टीम द्वारा समस्त व्यापारियो के प्रतिष्ठानो पर जागरुकता पम्पलेट चस्पा करवाया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता बब्बी, महेश जायसवाल, अतुल निगम, मो0 सलमान सल्लू, हिमांशु गुप्ता, आशू गुप्ता, विजय गुप्ता, आदित्य प्रताप सिंह, रितुराज, सौरभ गुप्ता, दीपू, उमेश गुप्ता, अमित गुप्ता, संजय निगम, नवीन गुप्ता, रईस अंसारी, संतकुमार, राम किशन गुप्ता, इमरान सोनू, आलोक जायसवाल, महबूब अंसारी, सरताज अंसारी, जावेद अंसारी, रमाशंकर गुप्ता, राजेश चैबे, मोहित सैनी, इस्लाम अंसारी, जबीरउददीन अंसारी, राजेश गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

एएमयू के छात्रावास में फंदे से लटका मिला छात्रा का शव

अलीगढ। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय स्थित एक छात्रावास के कमरे में कोलकाता निवासी स्नातक की एक छात्रा का शव फंदे से लटका मिला। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।एएमयू के प्रॉक्टर नावेद खान ने बताया कि 19 वर्षीय एक छात्रा का शव मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि को छात्रावास स्थित उसके कमरे से बरामद किया गया।खान ने बताया कि छात्रा के साथ रहने वाली अन्य छात्राओं के मुताबिक वह 28 जुलाई को कोलकाता से लौटी थी और तभी से परेशान लग रही थी।

प्रॉक्टर के अनुसार छात्राओं ने उन्हें बताया है कि मंगलवार देर रात फोन पर छात्रा की अपनी मां के साथ तीखी बहस हुई थी तथा बातचीत के कुछ ही देर बाद उसकी मां ने अपनी बेटी की एक सहेली से संपर्क किया और उससे बेटी के बारे में पता करने कहा।उन्होंने बताया कि छात्रा की कुछ सहेलियां उससे मिलने के लिये पहुंचीं तो छात्रावास का कमरा अंदर से बंद मिला।देखा। पुलिस की फॉरेंसिक टीम छात्रावास पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की।उन्होंने कहा कि छात्रा के माता-पिता जल्द यहां पहुंच सकते हैं, जिसके बाद पुलिस पोस्टमार्टम तथा अन्य कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी। पिछले तीन वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की आत्महत्या के चार मामले सामने आए हैं।

स्थापना दिवस पर पैदल मार्च कर अम्बेडकर पार्क पहुंचे एआईएसएफ के छात्र

बाराबंकी। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के 90वा स्थापना दिवस झण्डारोहण के साथ शुरू हुआ। गांधी भवन मे आयोजित 2 दिवसीय स्थापना दिवस की शुरूआत पैदल मार्च कार्यक्रम से हुई। 23 राज्यो से आये छात्रो ने गांधी भवन से पैदल मार्च करते हुये पटेल तिराहा, लखपेड़ाबाग चैराहा कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के शुरूआती दौर मे एआईएसएफ का गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात छात्रो को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती अमरजीत कौर ने कहा कि भारत के पहले छात्र संगठन के रूप में एआईएसएफ का स्वतंत्रता आंदोलन में गौरवशाली इतिहास रहा

- 23 राज्यो से आये छात्रो ने निकाली रैली, अम्बेड़कर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- सिक्ख काउंसिल ऑफ इडिया पदाधिकारियो ने राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत कौर को भेट की तलवार व अंगवस्त्र

होते हुये नाका सतरिख चैराहे पर स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। और पुनः पैदल मार्च करते हुये गांधी भवन मे पहुंचा। तत्पश्चात 23 राज्यो से आये अतिथियो का स्वागत है। हेमू कालानी, कनकलता बरुआ और एआईएसएफ के कई अन्य साथियों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान दिया। सभा को सम्बोधित करते हुये शिवा रेड्डी ने कहा कि एआईएसएफ की स्थापना 12 अगस्त 1936 को लखनऊ में हुई थी। उसी साहस, ऊर्जा और संघर्ष की भावना के साथ एआईएसएफ आज भी सार्वजनिक शिक्षा और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। तो वही एआईएसएफ नेता रोशन कुमार ने कहा कि आज छात्रो को अपने भविष्य को लेकर चिंता सता रही है।

तो वही विश्वजीत कुमार ने छात्रों की एकता और उनकी बुलंद आवाज को लेकर एआईएसएफ ने हमेशा संघर्ष किया है। इसी दौरान सिक्ख काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियो ने जनपद प्रधान जसबीर सिंह बग्गा के नेतृत्व मे प्रदेश प्रधान अमरजीत सिंह कालरा, मंदीप सिंह बग्गा, सरदार जितेन्द्र सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, परमवीर सिंह राकी, डा0 शैलेंद्र सिंह, आसिफ अहमद खान, शैलेन्द्र चोपड़ा, भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की ने राष्ट्रीय महासचिव टेन्ड यूनियन श्रीमती अमरजीत कौर को तलवार व अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित भी किया। इस दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश श्री रंगराजन, बृजमोहन वर्मा, विनय सिंह, प्रवीण वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मुजम्मिल जाहिद अली, उपाध्यक्ष नोमान खान, अरुण प्रकाश, प्रदेश सचिव सतीश कुमार, सह सचिव चन्द्रभान, अभिषेक वर्मा, मनीष चौधरी, रीना मोर्य, आलोक कुमार, आदित्य वर्मा, महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

एलजी ने 'ट्रस्ट ऑफ द नेशन' का जश्न मनाया

नई दिल्ली। भारत अपने 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहा है, ऐसे में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया इस अवसर पर 'ट्रस्ट ऑफ द नेशन' अभियान पेश कर रहा है। यह भारतीय परिवारों के लिए इनोवेटिव, विश्वसनीय और प्रीमियम ग्राहक अनुभव प्रदान करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इस अभियान के बारे में संजय चितकारा डायरेक्टर को चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर एलजी ने कहा कि एलजी में, हम भारतीय ग्राहकों द्वारा पिछले कुछ वर्षों में हम पर जताए गए भरोसे के लिए बेहद आभारी हैं। हमारा 'ट्रस्ट ऑफ द नेशन' अभियान इसी अटूट रिश्ते और सार्थक इनोवेशन के माध्यम से रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का जश्न है।

रियलमी 16एक्स 5जी लॉन्च

नई दिल्ली। स्मार्टफोन ब्रांड रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज में नया रियलमी 16एक्स 5जी पेश किया है। कंपनी के मुताबिक यह स्मार्टफोन दमदार बैटरी, स्मूथ परफॉर्मेंस, एआई फीचर्स और बेहतर गेमिंग अनुभव के साथ ऑल-राउंड स्मार्टफोन अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी शुरूआती कीमत 23,999 रुपये रखी गई है। रियलमी 16एक्स 5जी में 7000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 45 वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करती है। कंपनी का दावा है कि 1600 चार्जिंग साइकल तक बैटरी इस्तेमाल की जा सकती है और छह साल के उपयोग के बाद भी 80 प्रतिशत बैटरी हेल्थ बरकरार रहती है। इसमें 6.8 इंच का 144 हट्र्ज अल्ट्रा-ब्राइट डिस्प्ले है, जिसकी पीक ब्राइटनेस 1200 निट्स तक है।

बाटा इंडिया ने जारी किये पहली तिमाही के नतीजे

नई दिल्ली। बाटा इंडिया ने आज 30 जून 2026 को खत्म हुई तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी किए। कंपनी का रेवेन्यू 978.9 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही से करीब 4% ज्यादा है। इस तिमाही में कर के बाद मुनाफा (पीएटी) 63.7 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 51.7 करोड़ रुपये था। यानी इसमें 23% से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। लगातार तीसरी तिमाही मेंवृद्धिका यह सिलसिला जारी रखते हुए हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में हमारी टॉपलाइन में 4% की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें प्रीमियमाइजेशन और वॉल्यूमवृद्धि, दोनों का हाथ है। हमारे विज्ञापन निवेश में करीब 25% की बढ़ोतरी हुई है, जिससे ग्राहकों का जुड़ाव मजबूत हुआ है और इसवृद्धिको सहारा मिला है। एकमुश्त खर्चोंको छोड़कर, टैक्स से पहले का मुनाफा इस तिमाही में 90.6 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 74.5 करोड़ रुपये से 22% से ज्यादा बढ़ा है।

जी भारत ने खुद को नये रूप में पेश किया

नई दिल्ली। आज, अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर, जी भारत ने एक नए अध्याय की शुरूआत करते हुए अपने नए अवतार का अनावरण किया है, जिसे एक सरल लेकिन महत्वाकांक्षी उद्देश्य के साथ तैयार किया गया है – युवा भारत के मिजाज को समझना और उसे प्रतिबिंबित करना। जैसे-जैसे एक युवा और आकांक्षी भारत – आत्मविश्वासी, जिज्ञासु और लगातार अधिक सक्रिय एवं सहभागी बनकर उभर रहा है, नया जी भारत रचनात्मक संवाद के लिए एक मंच प्रदान करता है ऐसे संवाद, जो महत्वाकांक्षाओं को ऊर्जा देते हैं और विकसित भारत के सपनों को आगे बढ़ाते हैं। जी भारत अब पारंपरिक न्यूज चैनल की परिभाषा से भी आगे बढ़ रहा है, जो आज कंटेंट के उपभोग के तरीके में आए मूलभूत बदलाव को दर्शाता है।

पीआर श्रीजेश 2026 येज्दी रोडस्टर की डिलीवरी लेने वाले भारत के पहले ग्राहक बने

नई दिल्ली। जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने आज अपनी हाल ही में लॉन्च की गई 2026 येज्दी रेंज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पीआर श्रीजेश ऑल-न्यू 'येज्दी ग्रीन मम्बा रोडस्टर' की डिलीवरी लेने वाले भारत के पहले ग्राहक बने हैं। हाल ही में केरल में हुए राष्ट्रीय लॉन्च के दौरान नई येज्दी लाइन-अप का अनुभव करने के बाद, श्रीजेश ग्रीन मम्बा रोडस्टर की विशिष्ट स्टाइलिंग और प्रभावशाली रोड प्रेजेंस की ओर आकर्षित हुए। एक ऐसे खिलाड़ी के लिए जिसका करियर लचीलेपन, आत्मविश्वास और एक चैलेंजर माइंडसेट से परिभाषित रहा है, येज्दी रोडस्टर उनके लिए बिल्कुल स्वाभाविक और सही विकल्प साबित हुई।

सेंसेक्स में 188 अंकों की गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 188 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 36 अंक की गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल के दाम में तेजी के साथ टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन द्वारा मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद दोबारा नियुक्ति नहीं लेने की घोषणा से टाटा समूह के शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 187.90 अंक यानी 0.24 प्रतिशत टूटकर 77,966.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 656.32 अंक तक टूटकर 77,497.93 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 35.75 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,435.95 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में प्रमुख हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी टीसीएस का शेयर 3.71 प्रतिशत टूटा। फरवरी 2027 में मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह पद पर दोबारा नियुक्ति नहीं लेंगे। 63 साल के चंद्रशेखरन ने टाटा समूह के साथ 40 साल बिताए हैं। इस दौरान वह 2009 से 2017 तक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी रहे। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, इटर्नल और इन्फोसिस में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावरग्रिड शामिल हैं। भारत और अमेरिका में महंगाई के महत्वपूर्ण आंकड़ों से पहले बाजार में सतर्कता बनी रही। वैश्विक अनिश्चितता के बीच दोनों देशों के नीति-निर्माता आंकड़ों के आधार पर कदम उठाने पर जोर दे रहे हैं। इस माहौल में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, जो दोबारा 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के करीब पहुंच गईं, ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया और एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बावजूद चौतरफा बिकवाली देखी गई।

मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.17 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक लगभग स्थिर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.17 प्रतिशत टूटकर 88.76 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 258.55 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। इससे पहले, मंगलवार को सेंसेक्स 388.19 अंक टूटकर 78,154.25 अंक और निफ्टी 112.10 अंक की गिरावट के साथ 24,471.70 अंक पर बंद हुआ था।

रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 95.33 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को तीन पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.33 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिका-ईरान के बीच जल्द समझौते और होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने की उम्मीद ने रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.40 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.24 से 95.43 प्रति डॉलर के दायरे में रहा और अंत में तीन पैसे मजबूत होकर 95.33 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। रुपया मंगलवार को छह पैसे टूटकर 95.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.85 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 0.07 प्रतिशत चढ़कर 88.97 डॉलर प्रति बैरल रहा। कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े डॉलर एवं रुपये की हाजिर विनिमय दर के लिए महत्वपूर्ण होंगे। उम्मीद से ज्यादा सीपीआई से सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने के आसार होंगे। इससे रुपये पर और दबाव पड़ सकता है, जबकि महंगाई के उम्मीद से कम आंकड़े से दरों में बढ़ोतरी की संभावना घट सकती है और रुपये को समर्थन मिल सकता है। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 187.90 अंक टूटकर 77,966.35 अंक पर और निफ्टी 35.75 अंक फिसलकर 24,435.95 अंक पर रहा। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को शुद्ध रूप से 258.55 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

बकरी के दूध को सुधा ब्रांड के तहत बेचेगी बिहार सरकार

पटना। बिहार सरकार बकरीपालकों की आय बढ़ाने के लिए बकरी के दूध को संगठित दुग्ध अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है।

इसके तहत बिहार राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (कंफेड) के मौजूदा दुग्ध संग्रहण तंत्र के माध्यम से बकरी के दूध का संग्रह किया जाएगा। इसके बाद गुणवत्ता और बाजार की जरूरत के अनुसार इसका प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग कर सुधा ब्रांड के तहत विपणन करने की योजना है।

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री नंद किशोर राम ने बुधवार को बिहार पशुपालन निदेशालय और द गोट ट्रस्ट के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के मौके पर कहा कि कम पूंजी और सीमित संसाधनों में बकरीपालन संभव होने के कारण यह छोटे एवं सीमांत पशुपालक परिवारों तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने कहा कि बकरी को लंबे समय से गरीब की गाय कहा जाता रहा है, लेकिन सरकार का उद्देश्य इसे केवल जरूरत के समय बेचकर धन जुटाने तक सीमित रखना नहीं है। हम चाहते हैं कि बकरी हमारे पशुपालकों के लिए केवल जरूरत के समय बिकने वाली संपत्ति न रहे, बल्कि नियमित आमदनी देने वाली आर्थिक संपत्ति बने।

चाकण एमआईडीसी से स्थानांतरित होंगी 20 औद्योगिक इकाइयां

एजेंसी

पुणे। पुणे के समीप स्थित चाकण महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र से 20 छोटी औद्योगिक इकाइयों ने बदहाल बुनियादी सुविधाओं और यातायात संबंधी समस्या से परेशान होकर अपने कारोबार को दूसरी जगह ले जाने का फैसला किया है।

इन कंपनियों के मालिकों ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इकाइयों को जिले के खंडाला स्थित एक अन्य एमआईडीसी इलाके में स्थानंतरित किया जाएगा। जबकि एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि चाकण एमआईसीडी के बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा। चाकण एमआईडीसी में यातायात बाधित होने की स्थिति के बीच हमारे कर्मचारियों को समय पर फैक्टरी पहुंचने में मुश्किल हो रहीं हैं। सरकार से समस्या के निस्तारण की बार-बार मांग के बावजूद इसमें कोई सुधार नहीं हुआ। कई बार चार से पांच घंटे तक यातायात बाधित रहता है। इससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ कंपनियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। हम, करीब 20 संयंत्रों के मालिकों ने निर्णय लिया है कि बेहतर बुनियादी ढांचा और अपेक्षाकृत कम यातायात दबाव को देखते हुए इकाइयों को खंडाला एमआईडीसी में स्थानांतरित करेंगे। सरकार भरोसा दिला रही है कि वह चाकण एमआईडीसी में यातायात की समस्या से निपटेगी, लेकिन कोई ठोस सुधार नहीं दिखा है। हमें उम्मीद है कि सरकार हमारी चिंताओं पर ध्यान देगी और इस समस्या का समाधान करेगी।

इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि चाकण और तालेगांव औद्योगिक क्षेत्रों में यातायात तथा सड़कों से जुड़ी समस्याओं के तत्काल समाधान के निर्देश दिए गए हैं।

समीक्षा बैठक में एमआईडीसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपेंद्र सिंह कुशवाह और पुणे के जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी ने संबंधित विभागों को सड़क मरम्मत, पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े मरम्मत कार्य 31 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए।

जमुई सौर परियोजना से वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू

नयी दिल्ली। बिहार के जमुई जिले में अपनी 75 मेगावाट क्षमता वाली सौर बिजली परियोजना से वाणिज्यिक स्तर पर बिजली आपूर्ति शुरू कर दी है।

कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि जमुई सौर ऊर्जा परियोजना के लिए वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) हासिल कर ली है। कंपनी ने इसे अपनी नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। कुल 75 मेगावाट क्षमता वाली इस परियोजना से परिचालन के पहले वर्ष में करीब नौ करोड़ यूनिट बिजली उत्पादन होने का अनुमान है। वहीं, 25 साल की अवधि में इससे लगभग 352.2 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, यह परियोजना जमुई जिले के हदहदिया और ककनचौर गांवों के पास करीब 300 एकड़ जमीन पर विकसित की गई है। इस जमीन को कंपनी ने खरीदा है। परियोजना की अनुमानित लागत 342 करोड़ रुपये है। इस परियोजना से उत्पादित बिजली की दर 2.96 रुपये प्रति यूनिट तय की गई है। परियोजना से पैदा होने वाली बिजली की आपूर्ति बिहार को की जाएगी। इस परियोजना से रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं और स्थानीय आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिला है। स्वच्छ ऊर्जा को बिजली ग्रिड में जोड़ने के अलावा इस परियोजना से करीब 82,250.74 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है।

हिमाचल में पेट्रोल, हाई स्पीड डीजल पर 60 पैसे प्रति लीटर का अनाथ एवं विधवा उपकर लागू

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल की पहली बिक्री पर 60 पैसे प्रति लीटर की दर से अनाथ एवं विधवा उपकर लगाने का निर्णय लागू कर दिया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में मंगलवार रात अधिसूचना जारी की।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा ने 23 मार्च को हिमाचल प्रदेश मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया था। इसमें पेट्रोल और हाई स्पीड डीजल पर अधिकतम पांच रुपये प्रति लीटर तक अनाथ एवं विधवा उपकर लगाने का प्रावधान किया गया था। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा था कि यह उपकर अनाथ बच्चों और विधवाओं के कल्याण से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा उन्हें मजबूत करने के लिए समर्पित, स्थिर और सतत राजस्व स्रोत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगाया गया है।

शाओमी इंडिया ने की रेडमी नोट 17 5जी के लॉन्च की घोषणा

लखनऊ। शाओमी इंडिया ने आज भारत की सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सीरीज के नवीनतम स्मार्टफोन रेडमी नोट 17 5जी के लॉन्च की घोषणा की। बैटरी खत्म होने की चिंता को पूरी तरह दूर करने के उद्देश्य से तैयार किया गया रेडमी नोट 17, रेडमी की अब तक की सबसे बड़ी 8000 एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी, प्रीमियम ट्रूकलर एमोलेड डिस्प्ले, भरोसेमंद स्नैपड्रैगन प्रदर्शन और लंबे समय तक मिलने वाले सॉफ्टवेयर सपोर्ट के साथ एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है। रेडमी नोट 17 में रेडमी की अब तक की सबसे बड़ी 8000 एमएएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी दी गई है, जो सामान्य उपयोग में 3 दिनों तक की बैटरी लाइफ प्रदान करती है, जबकि इसकी पतली 8.4 मिमी प्रोफाइल बरकरार रहती है। यह स्मार्टफोन 45वॉट टर्बो चार्जिंग को सपोर्ट करता है और चार्जर बॉक्स में ही उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा इसमें 22.5वॉट रिवर्स वायर्ड चार्जिंग की सुविधा भी दी गई है। इसकी बैटरी को टीयूवी प्रमाणित दीर्घायु प्राप्त है, जो 1,600 चार्जिंग साइकल के बाद भी अपनी मूल क्षमता का 80% तक बैटरी स्वास्थ्य बनाए रखती है।

खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 4.45 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 4.45 प्रतिशत हो गई।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जून में 4.38 प्रतिशत के स्तर पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में खाद्य महंगाई बढ़कर 5.52 प्रतिशत हो गई जो इससे पिछले महीने 5.32 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में महंगाई संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए नीतिगत दर रेपो को यथावत रखा था।

आयएमएम इंडिया वैश्विक खरीदारों से जोड़ेगा

नई दिल्ली। आयएमएम इंडिया 2026 भारतीय निमार्ताओं, निर्यातकों, डिजाइनरों, खुदरा विक्रेताओंएक साझा मंच पर लाने की तैयारी में है। कोएल्नमेस्से द्वारा आयोजित आयएमएम इंडिया का आयोजन 1 से 3 सितंबर 2026 तक यशोभूमि, नई दिल्ली में किया जाएगा। यह आयोजन फर्नीचर, होम डेकोर, कालीन एवं दरियां, गद्दे, सरफेस, किचन सॉल्यूशंस और हस्तनिर्मित कलेक्शंस सहित इंटीरियर क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों को एकीकृत मंच पर प्रस्तुत करेगा।

सैमसंग डॉस्ट में राष्ट्रीय स्तर पर छाये विशाल

नई दिल्ली। ग्राहकों से बातचीत करने में झिझक महसूस करने वाले 24 वर्षीय विशाल ने प्रशिक्षण के जरिए खुद में बदलाव लाते हुए सैमसंग डॉस्ट के देशभर के 9,400 से अधिक बिक्री प्रशिक्षुओं में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में जगह बनाई है। गुरुग्राम में सैमसंग इंडिया के क्षेत्रीय मुख्यालय में उन्हें सम्मानित किया गया। विशाल ने बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें ग्राहकों को सुनने, संवाद करने, उत्पाद की जानकारी देने और प्रस्तुति का आत्मविश्वास मिला। सैमसंग डॉस्ट के तहत उत्तर प्रदेश में 2,237 और देशभर में 34,700 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

पेज एक का शेष

टाटा संस

कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थे। यह घटनाक्रम टाटा संस और टाटा ट्रस्ट के बीच चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति को लेकर मतभेद की खबरों के बीच सामने आया है। टाटा संस टाटा समूह की प्रमुख (होल्डिंग) कंपनी है। इसमें बहुलांश हिस्सेदारी टाटा ट्रस्ट की है और यह टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स और एयर इंडिया समेत समूह की 30 से अधिक कंपनियों को नियंत्रित करती है।

भूमाफियाओं पर

वाद, 1,168 सिविल वाद और 4,751 एफआईआर दर्ज कराई गईं। वहीं अभियान के तहत 1,413 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिह्नित किया गया। इनमें से वर्तमान में 144 भू-माफिया जेल में बंद हैं। राजस्व विभाग के मुताबिक 1,621 अतिक्रमणकताओं के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत 1,621 मामले, 109 लोगों के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता के तहत, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 3 के खिलाफ, गैंगस्टर एक्ट के तहत 70 लोगों, गुंडा एक्ट के तहत 206 लोगों व अन्य धाराओं के तहत 1,745 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई सरकारी जमीन को योगी सरकार लैंडबैंक के रूप में विकसित कर औद्योगिक निवेश और बुनियादी ढांचे के विस्तार का आधार बनाती आ रही है। अब खाली कराई गई भूमि को व्यवस्थित तरीके से चिन्हित कर उद्योगों, फार्मास्युटिकल और मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों, लॉजिस्टिक पार्क, विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज व अन्य बड़े निवेश प्रस्तावों के लिए उपलब्ध कराया जा सकता है। इससे निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने में तेजी आएगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। राजस्व विभाग के प्रदेशव्यापी अभियान ने योगी सरकार के विकास से जुड़े विजन को और मजबूती प्रदान करने का काम किया है।

धरा गया 68

बताया गया कि एयरपोर्ट पर महंगे गिफ्ट और विदेशी मुद्रा पकड़ी गई है। इसके बाद आरोपियों ने खुद को कस्टम, इनकम टैक्स और जीएसटी अधिकारी बताकर कस्टम ड्यूटी व टैक्स के नाम पर रकम जमा कराने को कहा। इस तरह युवक से करीब 68 लाख रुपये की ठगी की गई। मामले में लखनऊ के मड़ियांव थाने में मुकदमा संख्या 33/2026 दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान एसटीएफ को गिरोह के दिल्ली में सक्रिय होने की जानकारी मिली। इसी आधार पर साइबर टीम ने दिल्ली के बुराड़ी थाना क्षेत्र स्थित कमल विहार में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्ष 2022 में बिजनेस वीजा पर भारत आया था। वीजा समाप्त होने के बाद वह दिल्ली में अवैध रूप से रह रहा था। उसके साथियों ने उसे सोशल मीडिया पर अमेरिका और ब्रिटेन के नागरिकों के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर भारतीय युवक-युवतियों से दोस्ती करने और फिर महंगे उपहार व विदेशी मुद्रा भेजने का झांसा देकर ठगी करने की जानकारी दी थी। एसटीएफ के मुताबिक गिरोह के सदस्य भारतीय लोगों के बैंक खाते किराये पर लेकर उनमें ठगी की रकम मंगाते थे। जांच में गिरोह द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में भी ठगी किए जाने के तथ्य सामने आए हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के साथ बैंक खातों और डिजिटल वॉलेट की जांच कर रही है। बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच भी कराई जाएगी। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 318(4), 338, 336(3), 340(2) और आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

विपक्ष चर्चा

दिया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष को गृह मंत्री का लेक्चर सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया था। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि यदि शाह ने आदेश दिया था तो वह दोषी हैं और यदि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं थी तो अक्षम हैं तथा इन दोनों ही परिस्थितियों में उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

संयुक्त समिति

के खिलाफ नहीं है तथ यह सिर्फ देश की सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इस विधेयक को संसद की संयुक्त समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ध्वनिमत से मंजूरी दी। विधेयक का विरोध करते हुए कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि यह विधेयक गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और अल्पसंख्यक संस्थानों को निशाना बनाने के लिए लाया गया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार अल्पसंख्यकों को निशाना बना रही है। वेणुगोपाल ने कहा इस विधेयक को वापस लिया जाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि पूरा विपक्ष एफसीआरए विधेयक के खिलाफ है। उन्होंने विधेयक को अल्पसंख्यकों के खिलाफ बताया और कहा कि यह सरकार आज तक ऐसा कौन सा विधेयक लाई है जो अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं हो। द्रमुक नेता टीआर बालू ने भी विधेयक को वापस लेने की मांग की। अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक में ऐसा एक भी प्रावधान नहीं है जो अल्पसंख्यकों या किसी भी समुदाय के खिलाफ हो।

न्यायाधीश यशवंत

रूम को सील करने तथा उसका निरीक्षण किए जाने से पहले वहां मौजूद साक्ष्यों की स्थिति से छेड़छाड़ की गई। समिति ने पाया कि न्यायमूर्ति वर्मा का स्पष्टीकरण ऐसी परिस्थितियों में अपेक्षित स्पष्टवादिता, पारदर्शिता और संस्थागत जिम्मेदारी को प्रदर्शित नहीं करता। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, स्वतंत्र आधिकारिक गवाहों के साक्ष्य और पुष्टिकारक सामग्री के आधार पर जांच किए जाने पर उनका स्पष्टीकरण टालमटोल वाला और असंतोषजनक रहा। जांच समिति ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों के संबंध में अपने समेकित निष्कर्ष में कहा, समिति इसलिए अपने अंतिम निष्कर्ष दर्ज करती है कि आरोपों के अनुच्छेद।, 2 और 3 साबित होते हैं।

रिपोर्ट दो खंडों में है और इसमें जांच के दौरान दर्ज किए गए मौखिक तथा दस्तावेजी साक्ष्य भी शामिल हैं। इस तीन सदस्यीय जांच समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी थी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने 12 अगस्त 2025 को, न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले की जांच के लिए इस समिति का गठन किया था।

न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास में 14 मार्च 2025 की रात आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंचे दमकलकर्मियों को कथित तौर पर एक स्टोर रूम में नोटों की अधजली गड्डियां मिली थीं। घटना के बाद, न्यायमूर्ति वर्मा ने पद से इस्तीफा दे दिया और उन्हें पद से हटाने की प्रक्रिया लगभग निष्प्रभावी हो गई है। हालांकि, उनके इस्तीफे को अभी तक कानून मंत्रालय ने अधिसूचित नहीं किया है। विवाद के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनके मूल न्यायालय इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया था जो घटना के समय दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

नकली दवाओं

के दवाओं के भंडारण और लेनदेन का भी आरोप है। विभाग के मुताबिक अमीनाबाद स्थित हेल्थ प्लस के प्रोपराइटर अंकुर अवस्थी ने वैध औषधि लाइसेंस के बिना बड़े पैमाने पर दवाओं के भंडारण और लेनदेन का रिकॉर्ड तैयार किया। जांच में गोविंद शुक्ला की भूमिका भी सामने आई, जिन्हें विभाग ने फर्म के मुख्य कर्ताधर्ताओं में शामिल बताया है। जांच के अनुसार, हेल्थ प्लस और राम फार्मा एक ही फ्लोर पर संचालित हो रहे थे और इनके माध्यम से कथित तौर पर दवाओं के अवैध डायवर्जन और कागजी लेनदेन का नेटवर्क चलाया जा रहा था। सहारनपुर की पैशन्ट केयर सर्जिकल हाउस नामक फर्म, जो पिछले करीब दो वर्षों से बंद बताई गई है, का इस्तेमाल भी कथित तौर पर फर्जी खरीद और कागजी रोटेशन के लिए किया गया। मामले में एमके फार्मा की भूमिका भी जांच के घेरे में है। विभाग के अनुसार, फर्म के संचालक मनीष बाजपेयी ने वित्तीय वर्ष 2026 में करीब 8.87 करोड़ रुपये की दवाओं की खरीद दिखाई। जांच के दौरान विभाग को कथित तौर पर ऐसे दस्तावेज मिले, जिनमें अन्य फर्मों के नाम पर जोरिल एम1, ऑगमेंटिन और डेक्सऑरेंज सिरपकी खरीद दर्शाई गई थी। विभाग का कहना है कि साक्ष्य छिपाने के लिए लैपटॉप का पुराना डेटा भी डिलीट किया गया। दवाओं के निमार्ताओं और संबंधित फर्मों से सत्यापन कराया गया तो उन्होंने इन दवाओं की बिक्री से इनकार किया और संबंधित बैचों को काउंटरफिट बताया। जांच में एमके फार्मा से जोरिल एम1 की करीब 39.20 लाख दवाओं का हिसाब नहीं मिलने की बात सामने आई है। विभाग का आरोप है कि इन दवाओं को अवैध तरीके से बाजार में खपाया गया, जिससे लोगों के स्वास्थ्य और जान को गंभीर खतरा पैदा हो सकता था। एफएसडीए के अधिकारियों के मुताबिक, पूरे मामले में फर्जी रिकॉर्ड तैयार करने, कूटरचना, नकली दवाओं के कारोबार और अवैध धन अर्जित करने की आशंका की जांच की जा रही है।

गाय की मौत

जाने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। मौके पर जुटी भीड़ ने चिकित्सक से धक्का-मुक्की और मारपीट की।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में कुछ लोग चिकित्सक से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं और पुलिसकर्मी भी मौके पर मौजूद नजर आ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने चिकित्सक के नशे में होने का आरोप भी लगाया, लेकिन चिकित्सकीय जांच में इसकी पुष्टि नहीं हुई।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आधार पर चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। चिकित्सक का मंगलवार को चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया था, जिसके बाद वह मुरादाबाद चले गए।

उन्होंने बताया कि चिकित्सक की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्वाई की जाएगी।

उत्तराखंड की

जीवन की चुनौतियां, प्राकृतिक परिवेश और सामाजिक बदलाव लगातार दिखाई देते हैं। यही वजह है कि उनके गीत उत्तराखंड की सांस्कृतिक स्मृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। समारोह में अरुणाचल प्रदेश के अभिनेता, रंगकर्मी एवं नाटककार ताई तुगुंग को वर्ष 2026 के नरेंद्र सिंह नेगी संस्कृति सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि न्यीशी भाषा, अरुणाचली हिंदी, रंगमंच और सिनेमा के माध्यम से उन्होंने अरुणाचल प्रदेश की लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक जीवन को प्रभावशाली मंच दिया है। लप्या नाटक तथा संगी माई फिल्म को उनके उल्लेखनीय कार्यों के रूप में रेखांकित किया गया।

सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड की विकास यात्रा को केवल पर्यटन की उपलब्धियों से नहीं आंका जाना चाहिए। प्रदेश की साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षमता को भी समान रूप से आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से राज्य में दो साहित्य ग्राम विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। यहां साहित्यकारों के लिए आवास, पुस्तकालय, अध्ययन और साहित्यिक गतिविधियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की जड़ें गांवों और लोकजीवन में हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 शृंखला खेलेगा भारत

बीसीसीआई और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में श्रृंखला की घोषणा की

नयी दिल्ली। बांग्लादेश की सितंबर में सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं, क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घोषणा की है कि श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम 13 से 17 सितंबर तक दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआई और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में श्रृंखला की घोषणा की। बांग्लादेश भी इसी दौरान भारत की मेजबानी करना चाहता था।

भारत और बांग्लादेश के बीच यह द्विपक्षीय श्रृंखला पिछले साल खेली जानी थी लेकिन बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था। भारत के खिलाफ होने वाले अफगानिस्तान के मैच उसके भविष्य के दौरा कार्यक्रम का हिस्सा हैं। ये अफगानिस्तान के घरेलू मैच होंगे क्योंकि उसके देश में अस्थिर राजनीतिक स्थिति के कारण उसने पिछले कुछ वर्षों से अपने मैच भारत में आयोजित किए हैं। इस श्रृंखला की शुरुआत 13 सितंबर से होगी। दूसरा टी20 मैच 15 सितंबर को और तीसरा 17 सितंबर को खेला जाएगा। तीनों मैच अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। अफगानिस्तान ने इस साल जून में तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारत का दौरा किया था और दोनों टीमों ने जनवरी 2024 में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी खेली थी। अफगानिस्तान ने 2018 में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था और तब से दोनों टीमें विभिन्न प्रारूपों में नियमित रूप से एक-दूसरे के खिलाफ खेलती रही हैं।

बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा कि भारतीय बोर्ड अफगानिस्तान में क्रिकेट को आगे बढ़ाने और वहां के खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। द्विपक्षीय क्रिकेट इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि इससे टीमों को मजबूत टीमों के खिलाफ नियमित रूप से खेलने और अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। हम इस श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड का भारत में स्वागत करते हैं और इसे सफल बनाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। हम अफगानिस्तान क्रिकेट का समर्थन जारी रखेंगे। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी भारत में भी काफी लोकप्रिय हैं, जिससे दोनों देशों के बीच क्रिकेट में मजबूत संबंधों का पता चलता है। एसीबी के चेयरमैन मीरवाइस अशरफ ने कहा, भारत में द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसे संभव बनाने में बीसीसीआई के सहयोग और समर्थन की हम बहुत सराहना करते हैं।

भारत-श्रीलंका श्रृंखला के दौरान टेस्ट कमेंट्री में पदार्पण करेंगे अजिंक्य रहाणे

मुंबई। भारत के पूर्व बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे श्रीलंका में होने वाली दो मैचों की श्रृंखला से टेस्ट कमेंट्री में पदार्पण करेंगे। उन्हें 15 अगस्त को गॉल में शुरू होने वाली श्रृंखला के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद लगभग 18 वर्षों तक चले अपने शानदार खेल करियर को हाल में अलविदा कहने वाले 37 वर्षीय रहाणे अब कमेंटेटर के रूप में नई भूमिका में नजर आएंगे।

रहाणे ने भारत के लिए 85 टेस्ट मैच में 38.46 के औसत से 5,077 रन बनाए, जिनमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। रहाणे ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैं सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनी लिव पर भारत के श्रीलंका दौरे के दौरान टेस्ट कमेंट्री की शुरुआत करने को लेकर उत्साहित हूं। टेस्ट क्रिकेट हमारे खेल का चरम बिंदु है और इतने वर्षों तक इस प्रारूप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद अब खेल को एक अलग दृष्टिकोण से देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मैं अपने अनुभव साझा करने, खेल की बारीकियों को समझाने और प्रशंसकों को उन फैसलों, रणनीति और क्षण के बारे में जानकारी देने के लिए उत्सुक हूं जो टेस्ट मैच का रुख बदल सकते हैं।

16 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की तीन साल बाद श्रीलंका की टेस्ट टीम में वापसी

गॉल। भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की तीन साल बाद श्रीलंका की टेस्ट टीम में वापसी हुई है, जबकि ऑफ स्पिनर केशारा नुवांथा को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है।

धनंजय डी सिल्वा टीम की कप्तानी करेंगे जबकि अनुभवी हरफनमौला कामिंदु मेंडिस उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। डिकवेला ने अपना पिछला टेस्ट 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। नियमित विकेटकीपर कुसल मेंडिस के चोटिल होने के कारण अब उनके पास टेस्ट टीम में वापसी का मौका है। अलावा नये बल्लेबाज पसिंदु सूरियाबंदारा और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को भी टीम में जगह मिली है। श्रीलंका की टीम में इस बार चार विशेषज्ञ तेज गेंदबाज शामिल किए गए हैं। मदुशंका की वापसी से तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूती मिली है। उनके साथ असिथा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा और विश्वा फर्नांडो तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि हरफनमौला मिलान रत्नायके भी तेज गेंदबाजी में विकल्प होंगे। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर केशारा नुवांथा के टेस्ट पदार्पण की संभावना है। स्पिन विभाग में उनका साथ बाएं हाथ के स्पिनर अनुभवी प्रभात जयसूर्या और रमेश मेंडिस देंगे। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए श्रीलंका की टीम: धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), लाहिरू उदारा, निशान मदुश्का, कामिंदु मेंडिस (उपकप्तान), दिनेश चांदीमल, पसिंदु सूरियाबंदारा, सोनल दिनुशा, निरोशन डिकवेला (विकेटकीपर), रमेश मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, केशारा, मिलान रत्नायके, असिथा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, विश्वा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका।

संक्षेप

रिद्धिमा ने महिला पीजीटी में बढ़त बनायी

बेंगलुरु। रिद्धिमा दिलावरी महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 12वें चरण में फॉर्म में वापसी करते हुए बुधवार को यहां दौर में पांच अंडर 67 के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली। मौजूदा सत्र के शुरुआती छह टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतने वाली रिद्धिमा पिछले कुछ समय से अनुकूल नतीजे हासिल करने में नाकाम रही थी। पिछले महीने 28 बरस की होने वाली गुरुग्राम की इस गोल्फर ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गई। एमेच्योर कीर्तना राजीव, मन्नत बरार और 10वें चरण की विजेता विधात्री उर्स दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी अमनदीप द्राल, नेहा त्रिपाठी, श्वेता मानसिंह और अनघ वेंकटेश पार 72 के स्कोर से संयुक्त पांचवें पायदान पर हैं।

जीव का कपिल से खिलाड़ियों को आईजीपीएल में खेलने की अनुमति देने का आग्रह

नयी दिल्ली। भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने कपिल देव के नेतृत्व वाली पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) से आग्रह किया है कि वह खिलाड़ियों को इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) में भाग लेने से न रोके, क्योंकि उन्हें अच्छी कमाई करने और अपने खेल को निखारने का पूरा अधिकार है। चार यूरोपीय टूर और छह एशियाई टूर जीतने वाले 54 वर्षीय जीव ने कहा कि वह समझते हैं कि प्रत्येक टूर के अपने नियम होते हैं, लेकिन एक बार जब कोई खिलाड़ी उस टूर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूरी कर लेता है, तो उसे अन्य रास्ते तलाशने से नहीं रोका जाना चाहिए। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर ने आईजीपीएल में खेलने वाले गोल्फरों को पीजीटीआई की प्रतियोगिताओं में खेलने से रोक दिया है। एक अन्य विश्व कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह आईजीपीएल के सह संस्थापक हैं। जीव ने पीटीआई से कहा, आपके दो या तीन टूर (गोल्फ टूर्नामेंट) हो सकते हैं, लेकिन आखिर में यह खिलाड़ियों के लिए है। अगर उन्हें इससे फायदा हो रहा है तो इस पर कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। अगर वे इससे अच्छी कमाई कर सकते हैं तो इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता। मतभेद हो सकते हैं, आपको लग सकता है कि मेरा टूर आपके टूर से बेहतर है, लेकिन अगर खिलाड़ियों को किसी भी टूर पर खेलने से फायदा हो रहा है, तो यह अच्छा है। कपिल देव ने यह स्वीकार किया कि पीजीटीआई और आईजीपीएल दोनों के टूर्नामेंट साथ-साथ हो सकते हैं लेकिन इसके साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया है कि खिलाड़ियों को दोनों में से एक को चुनना होगा। उन्होंने इसके साथ ही कहा था आईजीपीएल में खेलने का फैसला करने वाले खिलाड़ियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

एशियाई जूनियर ओपन एवं बालिका शतरंज चैंपियनशिप में मजबूत खिलाड़ियों की चुनौती

मुंबई। दस देशों के 157 खिलाड़ी 16 से 26 अगस्त तक आयोजित होने वाली एशियाई जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में भाग लेंगे जिसमें छह इंटरनेशनल मास्टर (आईएम), 24 फिडे मास्टर (एफएम) और महिला फिडे मास्टर (डब्ल्यूएफएम) भी शामिल हैं।

एशिया के शीर्ष अंडर-20 खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली इस चैंपियनशिप में क्लासिकल प्रारूप के नौ स्विस राउंड खेले जाएंगे, जबकि रैपिड और ब्लिट्ज वर्ग में सात-सात राउंड आयोजित होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय शतरंज महासंघ, एशियाई शतरंज महासंघ और फिडे के तत्वाधान में महाराष्ट्र शतरंज संघ कर रहा है। प्रतियोगिता के विजेताओं को महत्वपूर्ण नॉर्म (मानदंड) हासिल करने का अवसर मिलेगा। जो खिलाड़ी पहले से इंटरनेशनल मास्टर हैं, उन्हें ग्रैंडमास्टर (जीएम) नॉर्म मिलेगा, जबकि गैर-आईएम खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) नॉर्म अर्जित करने का मौका मिलेगा। ओपन वर्ग में भारत के इंटरनेशनल मास्टर मयंक चक्रवर्ती (2500) शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। उनके बाद रूस के आईएम आर्तेम पिंगिन (2477) और भारत के आईएम अपूर्व कांबले (2441) का स्थान है। जूनियर महिला वर्ग में भारत की महिला फिडे मास्टर प्रतीती बोरदोलोई (2252) शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं। उनके बाद कजाकिस्तान की डब्ल्यूएफएम मारिया खोल्यावको (2217) और तुर्कमेनिस्तान की डब्ल्यूएफएम लाला शोहरादोवा (2159) हैं।

विश्वकप के रनवे पर सपनों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार भारतीय महिला हॉकी की युवा ब्रिगेड

एम्स्टर्डम। पहली बार हॉकी स्टिक थामी थी तो देश के लिये विश्व कप खेलने का सपना देखा था और अब उसे पूरा होते देखने को बेताब भारतीय महिला हॉकी की युवा ब्रिगेड नर्वस भी है तो रोमांचित भी।

पहली बार विश्व कप खेलने जा रही इशिका, लालथंटलुआंगी, साक्षी राणा, शिल्पी डबास और सुनेलिटा टोप्पो जैसी भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ियों के शानदार सफर के पीछे कई चुनौतियां और कुर्बानियां रही हैं। इशिका ने भाषा से कहा, विश्व कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। सचमुच लग रहा है कि सपना सच होने जा रहा है। उन्होंने कहा, बचपन से मेरे पिता ही मेरे कोच थे। मुझे परिवार से हमेशा सहयोग मिला लेकिन सबसे बड़ी चुनौती मानसिक रूप से मजबूत होने की थी। चोटों और कठिन दौर ने मेरा आत्मविश्वास पुख्ता किया और मुझे दृढ़ता और आशावादिता का पाठ पढ़ाया। 21 वर्ष की इस खिलाड़ी की ख्वाहिश अब उस भरोसे पर खरे उतरकर मैदान पर गोल करने के मौके बनाने की है। वहीं 21 वर्ष की ही डिफेंडर लालथंटलुआंगी के लिये भारतीय विश्व कप टीम में पदार्पण का पल काफी जज्बाती रहा है। उन्होंने कहा, मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती कि

कैसा महसूस कर रही हूं। यह मौका मेरा ही नहीं, मेरे पूरे परिवार का है। लेकिन असल काम अब शुरू होता है और मैं देश के लिये शत प्रतिशत देना चाहती हूं। स्कूल और हॉकी अभ्यास के बीच भाग दौड़ करने वाली इस खिलाड़ी ने जीवन में संतुलन बनाना काफी जल्दी सीख लिया था। अपने सीनियर्स की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे सीनियर शानदार है। उन्होंने मुझे दबाव का सामना करना सिखाया और रोज मैदान के भीतर और बाहर नयी सीख देते हैं। 19 वर्ष की मिडफील्डर साक्षी ने कहा कि मैं रोमांचित भी हूं और नर्वस भी क्योंकि यह मेरा पहला विश्व कप है। लेकिन मुझे लगता है कि नर्वस होना अच्छा है। मैं इस पल का पूरा मजा लेकर मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं। उनका लक्ष्य डिफेंस और फॉरवर्ड के बीच बेहतरीन सेतु का काम करना का है। डबास का सफर इसलिये भी खास रहा है क्योंकि उन्हें काफी इंतजार करना पड़ा।

उन्होंने कहा, मुझे बहुत बड़ा प्लेटफार्म मिला है। खुश भी हूं और नर्वस भी हूं। अब तक के सफर के बारे में पूछने पर इस खिलाड़ी ने कहा, सबसे बड़ा चैलेंज यही रहा था कि अभी तक शिविर में ही नहीं बुलाया गया था। हॉकी इंडिया लीग के दूसरे सत्र के बाद शिविर में चुना गया। आने वाले खिलाड़ियों को यही सलाह दूंगी कि हार मत मानो, मेहनत करते रहो, कभी तो मौका जरूर मिलेगा। विश्व कप की तैयारी के बारे में उन्होंने कहा कि मुझे सीनियर्स और कोचों ने सलाह दी कि अपना स्वाभाविक खेल खेलो, हम मदद के लिये हमेशा है। वे अपना अनुभव साझा करते हैं और अच्छे प्रदर्शन के लिये पुश करते हैं। छठी कक्षा से हॉकी खेल रही डबास को यह खेल विरासत में मिला है क्योंकि उनके मां, पिता, भाई सभी हॉकी खेलते थे। उन्नीस साल की टोप्पो ने कहा कि मेरी ताकत स्पीड है और इसे टीम के फायदे के लिये इस्तेमाल करना है। मैं विंग खेलती हूं तो जितना जल्दी हो सके स्ट्राइकर को गेंद दूंगी ताकि वह गोल कर सके। मैंने जो ट्रेनिंग की है, उसका पूरा उपयोग कर सकूं यही लक्ष्य है। उन्होंने अपनी तरह की उदीयमान खिलाड़ियों से कहा, जीवन में बहुत चुनौतियां आयेंगी, हॉकी छोड़ने का भी मन करेगा लेकिन अपने पर भरोसा रखकर मेहनत करते रहो, मेहनत रंग जरूर लायेगी।

भारत ने राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैंपियनशिप में पांच और पदक जीते

नयी दिल्ली। भारतीय तलवारबाजी टीम ने नाइजीरिया के लागोस में चल रही राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए सीनियर स्तर की विभिन्न व्यक्तिगत स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता।

भारतीय खिलाड़ियों ने सीनियर महिला फॉइल, सीनियर पुरुष ईपी और सीनियर पुरुष साबरे स्पर्धाओं में दबदबा बनाए रखा। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में 29 पदक जीत लिए हैं जिसमें आठ स्वर्ण, सात रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं।

भारत ने सीनियर महिला फॉइल वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक हासिल किए। कनागलक्ष्मी ने सटीक और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी टीम की साथी जॉयस आशिता ने रजत पदक जीतकर पोडियम पर शीर्ष दो स्थान हासिल किए। इंग्लैंड की जॉर्जिया ग्रीन और एमिली गुडचाइल्ड ने कांस्य पदक जीते। सीनियर पुरुष ईपी स्पर्धा में राजेंद्रन शांतिमोल शेरजिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दिन का दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। शेरजिन ने दक्षिण अफ्रीका के क्रूगर पीटर को हराया। वेल्स के बर्कहार्ट मार्क और दक्षिण अफ्रीका के लोसेव्स्की ने कांस्य पदक हासिल किए।

सीनियर पुरुष साबरे में करण सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के शिम योंगी को हराकर भारत के लिए दिन का तीसरा स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही कुमारसन पद्मा गिशो निधि और नाइजीरिया के अकिन्योसोये ओलुवाफोलायेमी ने कांस्य पदक हासिल किए।

बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला से अपने सबसे व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम की शुरुआत करेगा ऑस्ट्रेलिया

डार्विन (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया बृहस्पतिवार से बांग्लादेश के खिलाफ यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला से एक साल में 20 टेस्ट मैच खेलने के अपने व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत करेगा।

इस मैच से 2003 के बाद टेस्ट क्रिकेट की ऑस्ट्रेलिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में वापसी भी होगी। बांग्लादेश का दो दशकों से अधिक समय में ऑस्ट्रेलिया का यह पहला टेस्ट दौरा है। ऑस्ट्रेलिया का अगले 12 महीने का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। इस दौरान वह 20 टेस्ट मैच खेलेगा, जिसमें विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका, भारत और इंग्लैंड के दौरे भी शामिल हैं। अगर वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप

के फाइनल में पहुंचता है तो इन मैच की संख्या 21 हो जाएगी। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा। इसके बाद वह चार टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया को इसके बाद भारत में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। वह मार्च में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगा जो इन दोनों देशों के बीच टेस्ट मैच की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद जून में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की एशेज श्रृंखला के साथ उसके इस व्यस्त कार्यक्रम का समापन होगा। लंबे समय से ऑस्ट्रेलिया के आक्रमण की धुरी रहे पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन फिर से एक साथ खेलते हुए दिखेंगे। इनमें से कुछ खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के कारण पिछले कुछ समय से यह चारों एक साथ नहीं खेल पाए थे। हेज़लवुड को तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड की जगह टीम में लिया गया है। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर भी अंतिम एकादश में शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को लेकर ज्यादा सवाल उठते हैं। सलामी बल्लेबाज जेक वेदरल्ड को पिछले सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में खराब फॉर्म के बावजूद टीम में बरकरार रखा गया है और संभावना है कि वह ट्रैविस हेड के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के संन्यास लेने से ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करना पड़ा। मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ क्रमशः तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। लाबुशेन को अंतिम एकादश में अपनी जगह पक्की करने के लिए रन बनाने की जरूरत है।

राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने वाली जूडो खिलाड़ी अस्मिता डे का त्रिपुरा में सम्मान

अगरतला। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जूडो खिलाड़ी त्रिपुरा की अस्मिता डे को बुधवार को यहां राज्य सरकार ने भव्य समारोह में सम्मानित किया।

अस्मिता को 10 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। उन्होंने हाल में ग्लासगो में महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग का खिताब कनाडा की हेइडी काच को गोल्डन स्कोर मुकाबले में हराकर जीता था। उन्होंने शानदार वापसी करते हुए यह जीत दर्ज की थी। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 23 वर्षीय जूडो खिलाड़ी को राज्य की राजधानी अगरतला में मकान बनाने के लिए जमीन का एक टुकड़ा भी आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा, दक्षिण त्रिपुरा के एक गुमनाम गांव से ग्लासगो में पोडियम तक का उनका सफर समय के खिलाफ दौड़ जैसा था। उनके पिता सोनाइचारी में साइकिल मैकेनिक थे। तमाम मुश्किलों के बावजूद वह अपने लक्ष्य पर डटी रहीं और देश के लिए शानदार सफलता हासिल की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद नयी दिल्ली लौटने पर अस्मिता ने त्रिपुरा भवन में उनसे मुलाकात की थी और जानना चाहा था कि राज्य उनकी किस तरह मदद कर सकता है। बैठक के दौरान अस्मिता ने बताया कि वह अगरतला में अपना घर चाहती हैं। मैंने उनकी इच्छा पूरी करने का वादा किया था और आज उन्हें जमीन का एक टुकड़ा आवंटित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्मिता की सफलता राज्य के युवाओं को प्रेरित करेगी और उनसे एशियाई खेलों में पदक के अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखने का आग्रह किया। मैं अस्मिता से खासकर खान-पान को लेकर सतर्क रहने का आग्रह करता हूं क्योंकि प्रतिष्ठित एशियाई खेलों में हिस्सा लेने से पहले उन्हें कड़े डोप परीक्षण से गुजरना होगा। हमें विश्वास है कि वह एशियाई खेलों में भी देश के लिए पदक जीतेंगी। इस समारोह में युवा मामले एवं खेल मंत्री टिंकू रॉय, अगरतला के महापौर दीपक मजूमदार और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जिम्नास्ट दीपा करमाकर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रील युग में रह रहे युवा शॉर्टकट से दूर रहें : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने और दूसरों के संघर्षों से सीखने की बुधवार को अपील करते हुए कहा कि रील के युग में रह रहे युवाओं को याद रखना चाहिए कि शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है।

मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा ट्रायम्फ ऑफ द इंडियन रिपब्लिकः माय लाइफ, माय स्ट्रगल्स के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोविंद का जीवन दिखाता है कि दृढ़ संकल्प किसी व्यक्ति को मुश्किलों से उबरने और सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने में कैसे मदद कर सकता है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद भी कोविंद के लगातार सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहने का जिक्र करते हुए कहा कि पद छोड़ने के बाद भी उन्होंने आराम नहीं किया, बल्कि एक राष्ट्र, एक चुनाव पहल पर काम कर रहे हैं, जो भारतीय लोकतंत्र में एक नया अध्याय खोल सकती है। मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति के प्रयास भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने में उनके निरंतर योगदान का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से आत्मकथाएं पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि इनसे किसी खास दौर को उस व्यक्ति के जीवन के जरिए समझने का मौका मिलता है जिसने उसे खुद अनुभव किया हो। उन्होंने कहा कि आज रील का जमाना है, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आपको कहीं न कहीं खींच ले जाते हैं लेकिन इस दौर में भी, रेलवे स्टेशन पर लिखी बात याद रखें, शॉर्टकट आपको नुकसान पहुंचा सकता है। मोदी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोशल मीडिया पर जेन जी से जुड़ने की कोशिशें तेज कर दी हैं। चिकित्सा के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ पिछले महीने हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद मोदी ने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे युवाओं से जुड़ने के लिए इंस्टाग्राम का सक्रिय रूप से इस्तेमाल करें और रील पोस्ट करें। हाल के हफ्तों में मोदी ने स्वयं युवाओं को संबोधित करते हुए कई बार रील साझा की हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविंद की आत्मकथा भारतीय लोकतंत्र की धरोहर बनेगी और नयी पीढ़ी को इससे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। मोदी ने कहा, हमें भविष्य में और ऐसे कई युवाओं की जरूरत है जो कोविंद की हों। ऐसे लोग जो हालात से हार न मानें, बल्कि हर चुनौती से पार पाने का पुख्ता इरादा रखें। वे आत्मनिर्भर भारत का रास्ता बनाएंगे और यह आत्मकथा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

तुर्किये में खतरे के कारण सीक्रेट सर्विस और सेना ने एयर फोर्स वन से हटाया था : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि पिछले महीने तुर्किये में एक यात्रा के बाद वह एयर फोर्स वन विमान से गुप्त तरीके से दूसरे विमान में चले गए थे, क्योंकि सीक्रेट सर्विस और सेना उन्हें अलग विमान से भेजना चाहती थी।

उन्होंने कहा कि यह कदम एक खतरे के कारण उठाया गया था, लेकिन इससे वह डरे नहीं थे। ट्रंप ने अपनी उड़ान से जुड़ी असाधारण गोपनीय कार्रवाई को तवज्जो न देते हुए कहा कि वह इस मामले को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थे। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप को हवाईअड्डे के, खाद्य सामग्री ले जाने वाले एक वाहन में छिपाकर दूसरे विमान तक पहुंचाया गया, जबकि एयर फोर्स वन को आसमान में भेजा गया ताकि सबको लगे कि ट्रंप एयर फोर्स वन में हैं। उन्होंने उस विमान पर मौजूद व्हाइट हाउस के अधिकारियों, सुरक्षा कर्मियों, सहयोगी कर्मचारियों और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर भी खतरे की बात को अहमियत नहीं दी। ओहायो में एक कार्यक्रम से लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, वे चाहते थे कि मैं अलग उड़ान, अलग विमान से जाऊं। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनके पास ज्यादा विकल्प नहीं था। ट्रंप ने कहा, शायद वहां कोई खतरा था। मैंने इसके बारे में ज्यादा पूछताछ नहीं की। मुझे बहुत सारी धमकियां मिलती हैं। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट की उस खबर की पुष्टि करती है, जिसमें कहा गया था कि पिछले महीने नाटो शिखर सम्मेलन के बाद ईरान से मिली एक धमकी के कारण ट्रंप को दूसरे विमान से भेजा गया था। यह कार्वाई कई दिन तक गोपनीय रखी गई थी। ट्रंप ने विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वास्तव में जिस विमान से मैंने यात्रा की, वह ज्यादा खतरे में था। मैं किसी चीज की चिंता नहीं करता। मैं मानता हूं - जो होगा देखा जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपतियों की सुरक्षा के लिए विदेश यात्राओं को पहले भी गुप्त रखा जाता रहा है, लेकिन इस तरह से नहीं।

संक्षेप

भाजपा के चलते कॉजपा को बैठक के लिए जगह नहीं दी जा रही है: दीपके

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (भाषा) दिल्ली के नारायणा में कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के स्वयंसेवकों की बुधवार को होने वाली एक बैठक रद्द कर दी गई। कॉजपा संस्थापक अभिजीत दीपके ने दावा किया है कि जिस बैंक्वेट हॉल में यह बैठक होनी थी उसने सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दबाव के कारण आखिरी समय पर बुकिंग रद्द कर दी। बैठक रद्द होने के बाद दीपके ने संवाददाताओं से कहा कि आयोजकों ने यह जगह आरक्षित की थी लेकिन जब वे वहां पहुंचे तब उनसे कहा गया कि उन्हें दबाव के कारण हॉल उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। आज हम दिल्ली में अपने स्वयंसेवकों की बैठक करने वाले थे। हमें बैठक करने की इजाज़त नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि हम पर दबाव है, हम आपको हॉल नहीं दे सकते। दीपके ने दावा किया कि उन्हें आस-पास की दूसरी जगहों पर भी इसी तरह मनाही का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉजपा की बैठकों के लिए जगह देने से रोकने के लिए लोगों को डराया-धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग हमें जगह देने से डर रहे हैं। हमें बैठक करने से रोका जा रहा है। भाजपा लोगों को हमें हॉल देने से रोकने के लिए धमका रही है। दीपके ने कहा, आप चाहे कितनी भी धमकी दें, हम डरने वाले नहीं हैं। यह घटनाक्रम कॉजपा द्वारा अपनी राष्ट्रीय टीम की घोषणा के कुछ दिनों बाद हुआ है।

हूती विद्रोहियों के जहाज पर हमले में छह लोगों की मौत

सना। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य में एक जहाज पर मिसाइलें दागीं, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। यमन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वहीं, अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे एक जहाज पर हमला किया है। यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के परिवहन मंत्रालय ने बताया कि मृतकों में चालक दल के चार सदस्य और सरकार समर्थित नेशनल रेसिस्टेंस फोर्स के दो जवान शामिल हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हूती विद्रोहियों ने यमन के एक वाणिज्यिक जहाज पर तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को असल में बंद कर दिए जाने के बाद, अब लाल सागर और यमन के दक्षिणी छोर पर स्थित बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य पर ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि सऊदी अरब के लिए अपना तेल भेजने का यह एक वैकल्पिक रास्ता है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कहा कि ओमान की खाड़ी में पनामा के झंडे वाले एक जहाज पर उसकी सेना ने हमला किया। सेना ने कहा कि यह जहाज ईरानी बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश कर रहा था। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर आर्थिक दबाव बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी मध्य कमान ने कहा कि जहाज ने रुकने की चेतावनियों को नजरअंदाज किया, जिसके बाद एक अमेरिकी हेलीकॉप्टर ने एमवी वेला नोवा पर मिसाइलें दागीं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का प्रमुख इंजन हैं ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाएं : सीतारमण

जयपुर। केंद्रीय वित्त तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का प्रमुख इंजन हैं और बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाने में उन्हें एक जैसी संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

सीतारमण यहां ब्रिक्स के सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नर की बैठक में द रोल ऑफ द न्यू डेवलपमेंट बैंक इन मोबिलाइजिंग प्राइवेट कैपिटल इन मेंबर कंट्रीज विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में निवेश के जोखिम को कम करने, परियोजना को बैंक के लिए आकर्षक बनाने और निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में बहुपक्षीय विकास बैंकों की अहम भूमिका पर जोर दिया ताकि बड़े पैमाने पर निजी पूंजी जुटाई जा सके। आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत के अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और उससे जुड़े संरचनात्मक सुधारों के जरिये अपने अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले की तुलना में सार्वजनिक निवेश में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है जो राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाह, डिजिटल अवसंरचना और ऊर्जा नेटवर्क में उत्पादक राष्ट्रीय परिसंपत्तियां बनाने की एक सोची-समझी रणनीति को दर्शाता है। भारत सरकार का मानना है कि सार्वजनिक पूंजी को निजी निवेश का विकल्प नहीं बल्कि उसके उत्प्रेरक के तौर पर कार्य करना चाहिए।

विपक्षी दलों के रवैये से निराश हूं: रीजीजू

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को विपक्ष पर संसद में चर्चा से भागने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा पहली बार देखा गया कि सरकार खुद चर्चा कराने और सभी सवालों के जवाब देने के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के इस रवैये से वह एक मंत्री और सांसद के तौर पर बहुत निराश एवं दुखी हैं। रीजीजू ने कहा कि अब तो जनता भी जानना चाहती है कि कांग्रेस चर्चा से क्यों भाग रही है। संसद के मानसून सत्र में एक दिन का समय बचे होने के बीच, उन्होंने उम्मीद जताई कि है और विपक्ष छात्रों के मामलों पर चर्चा करेगा तथा गृह मंत्री अमित शाह की बात सुनेगा।

विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद रीजीजू ने संसद परिसर स्थित अपने कक्ष में संवाददाताओं से कहा, मैं काफी निराश और दुखी हूं। अपने जीवन में पहली बार मैं ऐसी स्थिति देख रहा हूं, जहां सरकार संसद में चर्चा चाहती है, लेकिन विपक्ष उससे भाग रहा है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आम तौर पर विपक्ष चर्चा की मांग करता है और सरकार उसके सवालों के जवाब देती है। लेकिन मौजूदा स्थिति में सरकार खुद कह रही है कि वह चर्चा कराएगी और जवाब देगी, जबकि विपक्ष चर्चा के लिए तैयार नहीं है। रीजीजू ने कहा कि क्या आप ऐसी स्थिति की कल्पना कर सकते हैं? यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बार-बार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए अपनी इच्छा जताई है, लेकिन विपक्ष सहमत नहीं हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इसी वजह से गृह मंत्री अमित शाह को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक और पत्र लिखना पड़ा। जिसमें उन्होंने (शाह ने) कहा कि सरकार खुली, व्यापक और विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है तथा अध्यक्ष से विपक्षी नेताओं को चर्चा के लिए सहमत करने का अनुरोध किया। रीजीजू ने कहा, क्या आपने कभी ऐसा सुना है कि विपक्ष चर्चा से भाग रहा है। सरकार खुद लोकसभा अध्यक्ष से विपक्ष को चर्चा में शामिल होने के लिए मनाने का अनुरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भी सरकार ने विपक्ष से बार-बार आग्रह किया कि वह तुरंत चर्चा शुरू करे, लेकिन विपक्ष में इसके लिए हिम्मत नहीं है। रीजीजू ने कहा, विपक्ष का यह रवैया देश के लिए अच्छा नहीं है।

निर्यात करीब 16 प्रतिशत बढ़ाः गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान देश का निर्यात करीब 16 प्रतिशत बढ़ा है।

उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक हजार अरब डॉलर के वस्तु एवं सेवा निर्यात का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। वित्त वर्ष 2025-26 में निर्यात 863 अरब डॉलर रहा था। उन्होंने कहा, चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में निर्यात में करीब 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जुलाई महीने के निर्यात और आयात के अंतिम आंकड़े 13 अगस्त को जारी किए जाएंगे। मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बारे में गोयल ने कहा कि पिछले चार साल में अंतिम रूप दिए गए नौ समझौतों ने घरेलू उद्योग के लिए बड़े अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते सामूहिक रूप से वैश्विक व्यापार के करीब दो-तिहाई हिस्से से जुड़े हैं। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में निर्यात 15.92 प्रतिशत बढ़कर 129.32 अरब डॉलर रहा जबकि आयात 19.89 प्रतिशत बढ़कर 216.18 अरब डॉलर हो गया।

शाह का लेक्चर सुनने में दिलचस्पी नहीं, सिर्फ यह बतायें कि गोली चलाने का आदेश किसने दियाः राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष को उनका लेक्चर सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ यह बताना चाहिए कि दिल्ली में छात्रों पर गोली चलाने का आदेश किसने दिया था।

उन्होंने कहा कि यदि शाह ने आदेश दिया था तो वह दोषी हैं और यदि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं थी तो अक्षम हैं तथा इन दोनों ही परिस्थितियों में उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। गांधी ने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी और मैंने संवाददाता सम्मेलन किया तथा अन्य विपक्षी दलों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि शाह की काल्पनिक बातें सुनने में हमें कोई दिलचस्पी नहीं है। हम उनका लेक्चर सुनने में दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी दिलचस्पी सिर्फ एक साधारण सवाल में है। और जब मैं हम कहता हूं, तो इसका मतलब इस देश की युवा पीढ़ी से है। सवाल यह है कि दिल्ली में छात्रों पर गोली किसने चलवाई? एक छात्र को किसने अंधा कर दिया? छात्रों पर लाठियां चलाने का आदेश किसने दिया? उनका कहना था कि यह तो स्पष्ट है कि आदेश को गृह मंत्रालय ने लागू किया था। गांधी ने कहा, क्या अमित शाह ने छात्रों पर गोली चलाने का आदेश दिया था? अगर उन्होंने दिया था, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, क्योंकि इसके लिए वह दोषी हैं। और अगर उन्होंने आदेश नहीं दिया था, तो उन्हें इसलिए इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वह अक्षम हैं। उन्होंने दावा किया, अमित शाह 20 दिन के लिए गायब हो गए थे। उनके साथ संसद 30 गाड़ियां आती थीं और उनके घर के बाहर बहुत सारे पुलिस वाले खड़े रहते थे, ताकि कोई युवा न आ जाए। गांधी ने कहा कि अमित शाह में हिम्मत नहीं है कि वह सदन में आएं। उन्होंने दावा किया, अमित शाह के गुब्बारे से हवा निकल गई है। अब आखिरी मिनट में फिर से हवा भरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन गुब्बारा तो फट चुका है।

सभी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का समय-समय पर किया जाता है सुरक्षा आकलनः जितेंद्र सिंह

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि कुडनकुलम समेत सभी परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थलों पर समय-समय पर सुरक्षा जांच की जाती है। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में कहा कि यह जांच आंतरिक रूप से और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) द्वारा की जाती है। मंत्री ने कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर के सवाल के लिखित जवाब में कहा कि बाहरी सरकारी एजेंसियां भी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का आकलन करती हैं। सांसद ने परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा संबंधी कमजोरियों के आकलन और थर्ड-पार्टी सुरक्षा ऑडिट के बारे में सवाल पूछा था। मंत्री ने कहा कि इन संयंत्रों को साइबर खतरे का पता लगाने और उनसे निपटने के लिए लगातार निगरानी करने की प्रणाली मौजूद है।

स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराने की अपील

पटना। बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद (बीएसआरटीसी) ने राज्य के सभी मंदिरों, मठों और धर्मशालाओं से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने परिसरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की अपील की है। हमारे दायरे में आने वाले सभी मंदिरों, मठों और धर्मशालाओं से उत्साह के साथ तिरंगा फहराने की

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com